● सीधी, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 114, पृष्ठ : 08, सीधी, शनिवार, 01 जून 2024 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र

दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ





प्रचार में सीएम योगी रहे सबसे आगे 5

यशस्वी जायसवाल ने लगाई जोरदार छलांग 6

## नमामि गंगे अभियान को बनाएं जनता का अभियान : डॉ. यादव

### वीडियो कॉन्फ्रेंस द्वारा 11 दिवसीय अभियान की तैयारियों की हुई समीक्षा



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि नदियों के पुनर्जीवन, जल संरक्षण और बरसात के पहले नालों की साफ-सफाई जैसे कार्य जनप्रतिनिधियों और आम लोगों के सहयोग से अच्छी सफलता प्राप्त करेंगे। प्रदेश के नगरीय और ग्रामीण इलाकों में नमामि गंगे अभियान को जनता का अभियान बनाने की पूरे प्रयास किए जाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज मुख्यमंत्री निवास के समत्व भवन में प्रदेश में 5 से 16 जून तक चलने वाले नमामि गंगे अभियान की तैयारियों की वीडियो कॉन्फ्रेंस द्वारा समीक्षा कर रहे थे। वीसी में जिलों में मौजूद अनेक जनप्रतिनिधि और अधिकारी भी जुड़े।

अभियान में पंचायत एवं ग्रामीण विकास, नगरीय विकास एवं आवास, वन, उद्यानिकी विभाग, संस्कृति, संबंधित जिला प्रशासन और स्वैच्छिक संगठन शामिल होंगे। राज्य शासन द्वारा विभिन्न स्तरों की समितियां गठित कर अभियान के सघन संचालन के लिए सभी जिलों में विस्तृत निर्देश भी भेजे गए हैं। जिला स्तर पर अभियान के क्रियान्वयन के लिए कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति कार्य करेगी। शासकीय विभागों ने अभियान की गतिविधियों के लिए प्रयास तेज कर दिए हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जल संरक्षण, पौधरोपण, पुराने नदी, तालाब एवं बावड़ी जैसे जल स्त्रोतों के संरक्षण के लिए सरकार व समाज, दोनों ही स्तर पर कार्य होना चाहिए। पौधरोपण अभियान के लिए भी ऐसी नदियों के किनारे पौधे लगाने का कार्य प्राथमिकता से किया जाए, जो कटाव के कारण अस्तित्व खो रही हैं। ऐसे स्थानों पर पौधरोपण से पौधों को भी पानी मिल सकेगा। उद्यानिकी विभाग द्वारा इसके लिए वृहद स्तर पर कार्ययोजना तैयार कर क्रियान्वयन किया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के मालवा अंचल में जल स्त्रोतों के संरक्षण के लिए इस तरह प्रयास होना चाहिए कि मिट्टी की अधिकता के कारण नदियों के कटाव को रोकने में भी सफलता मिले। क्षेत्र विशेष में कार्य की अलग प्रकृति होती है। इसे ध्यान में रखते हुए कार्य पूर्ण किए जाएं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्राचीन बावड़ियां हमारी धरोहर हैं। बावड़ियां, कुंओं से इस अर्थ में भिन्न हैं कि वे पेयजल का स्त्रोत होने के साथ ही किसी समय नागरिकों के लिए ग्रीष्मकाल में राहत का माध्यम भी रही हैं। बावड़ियों में जलराशि से मिलने वाली ठंडक नागरिकों को जल महल में विराजमान होने की अनुभूति करवाती थी। प्रदेश के अनेक अंचलों में आज भी ऐसी बावड़ियां विद्यमान हैं। इनके सुधार और स्वच्छता के लिए अभियान के अंतर्गत प्रयास किए जाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विभिन्न नदियों पर घाट निर्माण का कार्य व्यक्तिगत स्तर पर भी किया जाता है। ऐसे समाजसेवी और पर्यावरण प्रेमी लोगों का सम्मान भी होना चाहिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ऐसी ही पर्यावरण प्रेमी महिला का जिक्र किया, जिन्होंने क्षिप्रा नदी के पास अपने ग्राम में जनता की सुविधा के लिए घाट के निर्माण के लिए आर्थिक सहयोग किया।

## 8 राज्यों की 57 सीटों पर वोटिंग आज

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव-2024 के सातवें और अंतिम फेज में शनिवार (1 जून) को 7 राज्यों और 1 केंद्र शासित प्रदेश की 57 सीटों पर वोटिंग होगी। 2019 में इन सीटों में से सबसे ज्यादा भाजपा 25, टीएमसी 9, बीजद 4, जदयू और अपना दल (एस) 2-2, जेएमएम महज 1 सीट जीत सकी थी। कांग्रेस को केवल पंजाब की बदौलत 8 सीटों पर जीत मिली थी।

इस फेज में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, 2 केंद्रीय मंत्री आरके सिंह और अनुराग ठाकुर मैदान में हैं। 4 एक्टर- कंगना रनोट, रवि किशन, पवन सिंह, काजल निषाद भी चुनाव लड़ रहे हैं। इनके अलावा ममता के भतीजे अभिषेक बनर्जी, अफजाल अंसारी, विक्रमादित्य सिंह भी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। चुनाव आयोग के मुताबिक इलेक्शन के सातवें फेज में 904 कैंडिडेट्स चुनाव लड़ रहे हैं। इनमें 809 पुरुष और 95 महिला उम्मीदवार हैं। इस फेज में सबसे अमीर प्रत्याशी बठिंडा, पंजाब से उम्मीदवार हरसिमरत कौर बादल हैं। उनके पास 198 करोड़ रुपए की संपत्ति है। 542 लोकसभा सीटों के लिए छठे फेज तक 485 सीटों पर मतदान हो चुका है। 1 जून को आखिरी 57 सीटों पर वोटिंग होगी।

गुजरात में सूरत से भाजपा के उम्मीदवार रहे मुकेश दलाल निर्विरोध चुनाव जीत चुके हैं, इसलिए वोटिंग 542 सीटों पर ही हो रही है। एडीआर की रिपोर्ट के मुताबिक, 199 कैंडिडेट ऐसे हैं, जिन पर क्रिमिनल केस दर्ज हैं। वहीं 155 उम्मीदवार ऐसे भी हैं, जिन पर हत्या, किडनैपिंग जैसे गंभीर मामले दर्ज हैं। इनमें से 13 उम्मीदवारों को किसी न किसी मामले में दोषी ठहराया गया है। 4 उम्मीदवारों पर हत्या और 21 पर हत्या की कोशिश के मामले दर्ज हैं। महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामले 27 उम्मीदवारों पर दर्ज हैं। 3 उम्मीदवारों के खिलाफ दुष्कर्म (आईपीसी-376) का केस दर्ज है। वहीं, 25 कैंडिडेट्स पर भड़काऊ भाषण देने का केस दर्ज है। लोकसभा चुनाव के सातवें चरण में 904 उम्मीदवारों में से 33 फीसदी यानी 299 करोड़पति हैं। इन कैंडिडेट्स के पास औसत संपत्ति 3.27 करोड़ रुपए है। सबसे ज्यादा भाजपा के 44 उम्मीदवार करोड़पति हैं। बठिंडा, पंजाब से उम्मीदवार हरसिमरत कौर बादल सबसे अमीर कैंडिडेट हैं। उनके पास 198 करोड़ की संपत्ति है।

लिस्ट में दूसरा नाम ओडिशा से बीजेपी कैंडिडेट बैजयंत पांडा (148 करोड़ रुपए) और तीसरा नाम चंडीगढ़ से बीजेपी कैंडिडेट संजय टंडन (111 करोड़ रुपए) का है। शिरोमणि अकाली दल के सभी 13, आम आदमी पार्टी के सभी 13, बीजू जनता दल के सभी 6 कैंडिडेट करोड़पति हैं। सपा के 9, टीएमसी के 8, कांग्रेस के 30 और सीपीआई-रूके 4 कैंडिडेटस की संपत्ति एक करोड़ या उससे ज्यादा है।

## आरबीआई ने ब्रिटेन से 100 टन सोना वापस मंगाया

### 1991 की शुरुआत के बाद पहली बार इतने बड़े पैमाने में वापस आया गोल्ड



**नई दिल्ली।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया यानी आरबीआई ने ब्रिटेन से अपना 100 टन (करीब 1 लाख किलो) सोना वापस मंगा लिया है। यह 1991 की शुरुआत के बाद पहली बार है, जब इतना अधिक सोना भारत के भंडार में वापस आया है।

लेटेस्ट डेटा के अनुसार, मार्च 2024 के अंत तक आरबीआई के पास कुल 822.1 टन सोना था, जिसमें से 413.8 टन विदेशों में जमा था। आरबीआई पिछले कुछ सालों में सोना खरीदने वाले केंद्रीय बैंकों में से एक है। पिछले वित्त वर्ष में रिजर्व बैंक के सोने के भंडार में 27.5 टन सोना बढ़ा है। 100 टन सोने को भारत लाने के लिए महीनों की प्लानिंग की गई और फिर पूरे प्लान को एग्जीक्यूट किया गया। प्लानिंग और एग्जीक्यूशन में वित्त मंत्रालय, आरबीआई और सरकार की अन्य विंग के साथ लोकल अथॉरटीज शामिल रहीं। आरबीआई को सोना भारत में लाने के लिए सीमा शुल्क में छूट मिली। लेकिन आयात पर लगने वाले इंटीग्रेटेड जीएसटी में कोई छूट नहीं दी गई। ऐसा इसलिए क्योंकि इस टैक्स को राज्यों के साथ शेयर किया जाता है। गोल्ड लाने के लिए एक स्पेशल एयरक्राफ्ट का इस्तेमाल किया गया। इस कदम से आरबीआई को कुछ स्टोरेज कॉस्ट बचाने में भी मदद मिलेगी, जिसका पेमेंट वो बैंक ऑफ इंग्लैंड को करता था।

## उज्जैन में सिंहस्थ मेला क्षेत्र से हटेगा अतिक्रमण, 425 किए चिन्हित

**भोपाल ।** उज्जैन में सिंहस्थ मेला क्षेत्र से अतिक्रमण हटाया जाएगा। वहीं नया अतिक्रमण न हो इसको लेकर भी प्रभावी कार्रवाई की जाएगी। सिंहस्थ मेला क्षेत्र से ऐसे 425 अतिक्रमण चिह्नित किए गए हैं। इनमें से 62 अतिक्रमण हटाए भी गए हैं। इसके अलावा मेला क्षेत्र में स्थायी निर्माण की अनुमति के लिए नीति बनाई जाएगी। कुल 11 ग्रामों को मिलाकर 3061.607 हेक्टेयर सिंहस्थ मेला क्षेत्र हैं। इनमें 352.915 हेक्टेयर में छह स्थानों पर सैटेलाइट टाउन हैं।

## जल संकट को लेकर सुप्रीम कोर्ट पहुंची दिल्ली सरकार

### याचिका में अपील- हरियाणा, यूपी और हिमाचल प्रदेश को ज्यादा पानी छोड़ने कहें



**नई दिल्ली।** जल संकट से जूझ रही दिल्ली के लिए राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। शुक्रवार 31 मई को दाखिल की गई याचिका में केजरीवाल सरकार ने अपील की है कि कोर्ट हरियाणा, उत्तर प्रदेश और हिमाचल प्रदेश से एक महीने के लिए एक्स्ट्रा पानी देने के लिए निर्देश दे।

दिल्ली सरकार ने कहा है कि गर्मी की वजह से शहर में पानी की मांग काफी बढ़ गई है और पड़ोसी राज्यों को एक महीने के लिए और ज्यादा पानी देने का निर्देश दिया जाना चाहिए। राजधानी में पानी की बहुत ज्यादा कमी है और जल मंत्री आतिशी ने हरियाणा पर दिल्ली के हिस्से का पानी नहीं देने का आरोप लगाया। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भी भाजपा से अपील की है कि वह हरियाणा और उत्तर प्रदेश में अपनी सरकारों से एक महीने के लिए पानी देने के लिए कहे। सुप्रीम कोर्ट में दिल्ली सरकार की तरफ से लगाई याचिका में ये भी कहा गया है कि मौजूदा जल संकट के चलते राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में रहने वाले लोगों के बेहतर जिंदगी जीने अधिकार का उल्लंघन करता है। इसके चलते लोगों को पीने का साफ पानी भी नहीं मिल पा रहा है। सूत्रों के मुताबिक, दिल्ली सरकार ने हरियाणा से वजीराबाद बैराज में तुरंत और लगातार पानी सप्लाई का निर्देश देने की मांग की है। इसमें दिल्ली के लिए हिमाचल प्रदेश की तरफ से दिया गया पानी भी शामिल है।

## कांग्रेस 1 जून को टीवी डिबेट में नहीं होगी शामिल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस 1 जून को होने वाली टीवी डिबेट में शामिल नहीं होगी। पार्टी ने एग्जिट पोल बहस में भाग लेने से साफ मना कर दिया है। कांग्रेस के नेता पवन खेड़ा ने ट्वीट कर इस बात की जानकारी दी है। उन्होंने एग्जिट पोल को टीवी मीडिया का टीआरपी गेम बताया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी 4 जून को होने वाली टीवी डिबेट में शामिल होगी। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने ट्वीट कर बताया कि आगामी एग्जिट पोल बहस में भाग न लेने का कांग्रेस पार्टी ने फैसला किया है।

## बिभव कुमार को 14 दिन के लिए जेल भेजा

**नई दिल्ली।** स्वाति मालीवाल मारपीट केस में दिल्ली की तीस हजारी कोर्ट ने शुक्रवार (31 मई) को अरविंद केजरीवाल के पीए बिभव कुमार को 14 दिन की ज्यूडिशियल कस्टडी में भेजा है। उन्हें 14 जून को कोर्ट में पेश किया जाएगा। सुबह हुई सुनवाई में कोर्ट ने बिभव की याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। बिभव ने बुधवार (29 मई) को याचिका लगाकर अपनी गिरफ्तारी को अवैध बताते हुए मुआवजे और दिल्ली पुलिस के अधिकारियों के खिलाफ विभागीय जांच की मांग की थी। जस्टिस शर्मा ने इस मामले में दिल्ली पुलिस और बिभव कुमार के वकीलों की दलीलें सुनीं हैं। बिभव की याचिका पर पहले जस्टिस नवीन चावला की बेंच सुनवाई करने वाली थी। हालांकि, जस्टिस चावला ने मामले को जस्टिस शर्मा की बेंच को ट्रांसफर कर दिया था।

दिल्ली पुलिस की ओर से पेश वकील संजय जैन ने सुनवाई के दौरान बिभव की याचिका पर आपत्ति जताई और कहा कि यह सुनवाई योग्य नहीं है। बिभव के वकील एन हरिहरन ने कहा कि दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तारी मेमो और गिरफ्तारी का आधार नहीं बताया है। यह मामला व्यक्तिगत स्वतंत्रता का मुद्दा है, जिसे हल्के में नहीं लिया जाना चाहिए।

## 7 राज्यों में हीटवेव से 79 की मौत

### बिहार में सबसे ज्यादा 44 लोगों की जान गई, आज से गर्मी से राहत के आसार

**नई दिल्ली।** देश के 7 राज्यों में हीटवेव के कारण गुरुवार (30 मई) को 79 लोगों की मौत हुई। इनमें सबसे ज्यादा बिहार में 44 लोगों की जान गई। झारखंड में 15 की मौत हुई। ओडिशा के राउरकेला में 6 घंटे के दौरान 10 लोगों ने दम तोड़ दिया।

राजस्थान में 5 लोगों की मौत हुई। छत्तीसगढ़ में 3 और उत्तर प्रदेश-दिल्ली में 1-1 की मौत हुई। मौत के सभी आंकड़े आधिकारिक तौर पर जारी नहीं किए गए हैं। अच्छी खबर यह है कि इन राज्यों में आज से हीटवेव से राहत मिलने की उम्मीद है। बिहार और झारखंड में तेज हवा के साथ बारिश की संभावना है। दोनों राज्यों के कई हिस्सों में देर रात गरज-चमक और तेज हवाओं के साथ शुरू भी हो गई है।

आईएमडी ने शुक्रवार (31 मई) के लिए देश में कहीं भी हीटवेव का रेड अलर्ट जारी नहीं किया है। हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, उत्तराखंड, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, लद्दाख, जम्मू-कश्मीर, चंडीगढ़, दिल्ली, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ अगले पांच दिन का तापमान मौजूदा तापमान से 2-4 डिग्री कम रह सकता है। मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और उत्तराखंड के कुछ इलाकों में हीटवेव का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार और ओडिशा में रात को गर्म मौसम रहेगा। गुरुवार को हरियाणा के सिरसा में देश में सबसे ज्यादा 49.1 डिग्री तापमान रिकॉर्ड किया गया।

गुरुवार (30 मई) को मानसून केरल पहुंच गया। इसके साथ ही अरुणाचल प्रदेश, त्रिपुरा, नगालैंड, मेघालय, मिजोरम, मणिपुर और असम में भी मानसून की एंट्री हो गई। दिल्ली में मानसून 27 जून तक आने का अनुमान है। इस बार मानसून पूर्वानुमान के एक दिन पहले आया है। आईएमडी ने 31 मई तक इसके केरल में पहुंचने की संभावना जताई थी। मानसून जल्दी आने का कारण रेमल साइक्लोन बताया जा रहा है, जो 26 मई को पश्चिम बंगाल और बांग्लादेश में आया था।

इससे पहले 30 मई, 2017 को साइक्लोन मोरा के कारण मानसून समय से पहले आया था। 2023 में केरल में मानसून की एंट्री सात दिन की देरी के बाद 8 जून को हुई थी।

## प्रज्वल एसआईटी की कस्टडी में रहेंगे 6 जून तक

**बेंगलुरु।** कर्नाटक सेक्स स्कैंडल के मुख्य आरोपी सांसद प्रज्वल रेवन्ना को बेंगलुरु कोर्ट ने शुक्रवार (31 मई) को 6 दिन की एसआईटी की कस्टडी में भेजा है। वे गुरुवार रात 35 दिन बाद जर्मनी से भारत पहुंचे थे।

बेंगलुरु के कैम्पेगौड़ा एयरपोर्ट पर फ्लाइट लैंड होने के बाद रात करीब 1 बजे एसआईटी ने उन्हें कस्टडी में लिया था। प्रज्वल को टीम सीआईडी ऑफिस ले गई, जहां उन्हें रातभर रखा गया था। प्रज्वल को गिरफ्तार करने के लिए महिला पुलिस भेजी गई थी। गिरफ्तारी के बाद आज सुबह पूछताछ से पहले एसआईटी प्रज्वल को बॉरिंग और लेडी कर्जन हॉस्पिटल में मेडिकल के लिए ले जाया गया था। वहीं, उनके वकील अरुण भी सीआईडी ऑफिस में मौजूद रहे थे। मेडिकल के बाद प्रज्वल को मजिस्ट्रेट कोर्ट में पेश किया गया था। एसआईटी प्रज्वल का पोटेंसी टेस्ट कराने पर भी विचार कर रही है। पोटेंसी टेस्ट यह पता लगाने के लिए किया जाता है कि रेप का आरोपी सेक्शुअल हमला कर सकता है या नहीं। उधर, एसआईटी ने प्रज्वल की मां भवानी रेवन्ना से पूछताछ के लिए नोटिस जारी किया है। टीम ने ने उन्हें 1 जून को होलेनरसीपुर में अपने घर पर मौजूद रहने कहा है। प्रज्वल हासन लोकसभा सीट जेडीएस के उम्मीदवार हैं।

## झरोखा




## वंदेभारत हादसे के मामले में 6 कर्मचारी निलंबित

**मुरैना।** भोपाल से दिल्ली जाने वाली वंदे भारत ट्रेन दुर्घटना के मामले में रेलवे ने 4 कर्मचारियों को निलंबित कर दिया है। रेल पथ निरीक्षक को मुरैना से हटाया गया है। सभी पर विभागीय जांच बैठाई गई है गौरतलब है कि कि 29 मई की सुबह भोपाल से दिल्ली जाने वाली वंदे भारत ट्रेन मुरैना रेलवे स्टेशन के पास हादसे का शिकार हो गई थी। रेलवे कर्मचारी रेलवे लाइन पर वेल्डिंग का काम कर रहे थे। इस दौरान वेल्डिंग मशीन को उस पटरी पर रख दिया, जिस पर वंदेभारत ट्रेन आने आ रही थी।

पटरी पर रखे उपकरण से ट्रेन की टक्कर हो गई थी। टक्कर से धमाके जैसी आवाज हुई, जिससे यात्री डर गए थे। दुर्घटना में ट्रेन का पार्किंग ब्रेकिंग सिस्टम क्षतिग्रस्त हो गया था। ट्रेन के चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए ट्रेन की रफ्तार पर काबू किया और बड़ा हादसे होने से ट्रेन को बचा लिया। इस हादसे के कारण 57 मिनट तक मरम्मत कार्य के लिए ट्रेन का रोकना पड़ा था। पार्किंग ब्रेकिंग सिस्टम बदलने के बाद ट्रेन दिल्ली की ओर रवाना की गई थी। इस हादसे के तत्काल बाद झांसी व ग्वालियर के रेल अफसर मुरैना आए और जांच शुरू कर दी।

जांच टीम की रिपोर्ट मिलने के बाद झांसी मंडल के रेल प्रबंधक दीपक सिन्हा ने गुरुवार की देर शाम कार्रवाई करते हुए रेल पथ निरीक्षक रमेश चंद्र मीणा को निलंबित करने के साथ मुरैना से हटा दिया गया है, क्योंकि ट्रैक पर सुरक्षित तरीके से वेल्डिंग का काम करवाने का जिम्मा इन्हीं का था। सीसीटीवी फुटेज में जो तीन कर्मचारी भागते दिखे हैं, उन्हें भी निलंबित कर दिया गया है।

## कन्याकुमारी में ध्यान के दूसरे दिन भगवा कुर्ते-गमछे में दिखे पीएम



**कन्याकुमारी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कन्याकुमारी दौरे पर हैं। वे एक जून की शाम तक विवेकानंद रॉक मेमोरियल में ध्यानमग्न रहेंगे। आज उनके ध्यान का दूसरा दिन है। आज सुबह सूर्योदय के समय उन्होंने सूर्य को अर्घ्य दिया। पीएम मोदी के ध्यान का एक वीडियो सामने आया है, वीडियो में पीएम मोदी भगवा कुर्ता और गमछे में दिख रहे हैं। वे स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा के समक्ष बैठकर ध्यान कर रहे हैं। उनके हाथों में माला है और ओम की आवाज गूंज रही है।

इस ध्यान मंडपम की खास बात यह है कि यह वही स्थान है, जहां स्वामी विवेकानंद ने देश भ्रमण के बाद तीन दिनों तक ध्यान किया था। यहीं उन्होंने विकसित भारत का सपना देखा था। ऐसी मान्यता है कि इस स्थान पर देवी पार्वती ने एक पैर पर खड़े होकर साधना की थी।

पीएम मोदी गुरुवार को कन्याकुमारी पहुंचे थे। प्रधानमंत्री धोती पहने दक्षिण भारत की पारंपरिक पोशाक में दिखे। उन्होंने ऑफ-व्हाइट रंग का शॉल ओढ़ रखा था। कन्याकुमारी पहुंचने के बाद भगवती अम्मन मंदिर में प्रार्थना और पूजा-अर्चना की। बता दें, आम चुनाव का प्रचार थमने के बाद पीएम मोदी हर बार आध्यात्मिक यात्रा पर जाते हैं और 2019 के चुनाव प्रचार के बाद वे केदारनाथ गए थे और साल 2014 में वे शिवाजी महाराज से संबंधित प्रतापगढ़ गए थे।

भारत दर्शन के दौरान विवेकानंद ने आम लोगों की तकलीफ, दर्द, गरीबी, आत्म सम्मान और शिक्षा की कमी को नजदीक से जाना था। समुद्र तट से करीब 500 मीटर दूर स्थित चट्टान पर विवेकानंद 24 दिसंबर 1892 को तैर कर पहुंचे थे। 25 से 27 दिसंबर तक उन्होंने इसी चट्टान पर ध्यान किया था। उन्होंने यहां भारत के भविष्य के लिए विकसित भारत का सपना देखा था। यह वही जगह है, जहां उन्हें भारत माता के दर्शन हुए थे। इसी स्थान पर उन्होंने अपना बाकी जीवन लोगों को समर्पित करने का सपना देखा था। विवेकानंद शिला पर विवेकानंद स्मारक बनाने के लिए भी लंबा संघर्ष चला है। इसमें एकनाथ रानाडे ने बड़ी भूमिका निभाई थी। पीएम मोदी ने गुरुवार को पंजाब के होशियारपुर में रैली के साथ अपने चुनाव प्रचार का समापन किया। अब सातवें और आखिरी चरण के लिए 1 जून को मतदान होगा। भाजपा को एक बार फिर सत्ता में लाने के लिए पीएम मोदी ने धुआंधार प्रचार किया। प्रधानमंत्री मोदी ने 16 मार्च को कन्याकुमारी से ही अपने चुनाव प्रचार की शुरुआत की थी। बीते 75 दिनों में प्रधानमंत्री ने 183 चुनावी कार्यक्रमों में शिरकत की। इनमें चुनावी रैलियां-रोड शो शामिल हैं। इनके अलावा पीएम मोदी ने विभिन्न मीडिया संस्थानों को 80 के करीब इंटरव्यू भी दिए, जिनमें सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों पर चर्चा की। साथ ही विपक्षी पार्टियों को विभिन्न मुद्दों जैसे धर्म के आधार पर आरक्षण, सीएए, अयोध्या के राम मंदिर और अनुच्छेद 370 के मुद्दों पर घेरा।

कन्याकुमारी कई मायनों में भारत के लिए खास है। यहीं पर भारत की पूर्वी और पश्चिमी तटीय रेख मिलती है। कन्याकुमारी में ही अरब सागर, हिंद महासागर और बंगाल की खाड़ी का मिलन होता है। कन्याकुमारी जाकर एक तरह से पीएम मोदी ने राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया है। इस भौगोलिक इलाके का एक महत्व यह भी है कि कन्याकुमारी का यह स्थान भारत का सबसे दक्षिणी छोर है। इसके अलावा इसी स्थान पर भारत की पूर्वी और पश्चिमी तट की रेखाएं मिलती हैं। यह हिंद महासागर, बंगाल की खाड़ी और अरब सागर का मिलन बिंदु भी है।

# अतिरिक्त मुख्य सचिव ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग से की विकास कार्यों की समीक्षा

## ललितपुर सिंगरौली रेलवे लाईन की कलेक्टर करें नियमित निगरानी

### कमिश्नर केन्द्रीय विभागों के कार्यों की भी समीक्षा करें

**सिंगरौली।** वीडियो कान्फ्रेंसिंग से आयोजित बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव वन जेएन कंसोटिया ने रीवा संभाग के विकास कार्यों की समीक्षा की। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने कहा कि संभागीय समीक्षा बैठकें नियमित आयोजित की जाएंगी। इनमें दिए गए निर्देशों का अधिकारी समय सीमा में पालन सुनिश्चित करें। कमिश्नर और कलेक्टर विकास योजनाओं के क्रियान्वयन तथा जन कल्याणकारी योजनाओं की नियमित समीक्षा करें। कमिश्नर केन्द्रीय विभागों के कार्यों की भी नियमित समीक्षा करें। रीवा में ललितपुर सिंगरौली रेलवे लाइन का निर्माण कार्य किया जा रहा है। इसके कार्यों की भी नियमित निगरानी करें। कमिश्नर और कलेक्टर नियमित रूप से क्षेत्र का भ्रमण कर विकास योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करें। आगामी वर्षाकाल में वृक्षारोपण के लिए कार्ययोजना तैयार करें। बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव ने कहा कि मुख्यमंत्री ने हाल ही में आयोजित बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए हैं। आमजनों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जिलों तथा तहसीलों की सीमा परिवर्तन के संबंध में प्रस्ताव प्रस्तुत करें। सभी विकासखण्डों में स्टेडियम एवं हेलीपैड निर्माण की प्रारंभिक तैयारी कर लें।

### 5 जून से होगा जल संरक्षण का कार्य

सभी जिलों में 5 से 15 जून तक जल संरक्षण के कार्य कराए जाएंगे। जिले के प्रमुख नदी, नालों तथा सरोवरों की इस अवधि में साफ-सफाई कराएं। उचित मूल्य दुकानों से खाद्यान्न वितरण, छात्रवृत्ति वितरण तथा पेंशन योजनाओं से राशि वितरण की भी नियमित समीक्षा करें। किसी भी तरह की तकनीकी कठिनाई आने पर वरिष्ठ कार्यालयों से संपर्क कर कठिनाईयों को दूर करें। कमिश्नर ललितपुर सिंगरौली रेलवे लाइन परियोजना तथा सिंगरौली में थर्मल पावर प्लांट एवं कोल परियोजनाओं की भी समीक्षा करें।




अतिरक्त मुख्य सचिव ने कहा कि गत दो संभागीय बैठकों के निर्णयों पर तेजी से अमल हुआ है। शेष लंबित बिंदुओं पर सभी अधिकारी तय समय सीमा में कार्यवाही सुनिश्चित करें। कलेक्टर जमीन आवंटन तथा बड़ी परियोजनाओं से जुड़े अन्य कार्यों की व्यक्तिगत रूचि लेकर कार्यवाही सुनिश्चित करें। जल जीवन मिशन से सिंगरौली जिले में बैढ़न एक तथा बैढ़न दो समूह नल-जल योजनाओं में आवश्यक अनुमति सात दिवस में जारी कराएं। सिंगरौली में ट्राईबल के दो अधूरे निर्माण कार्यों की राशि लोक निर्माण विभाग पीआईयू तत्काल मांग करे।

### सीधी-सिंगरौली मार्ग तत्काल कराएं चालू

सिंगरौली की गोड़ सिंचाई परियोजना को स्वीकृति जारी कर दी गई है। सीधी से सिंगरौली फोरलेन सड़क निर्माण का कार्य वर्तमान में बंद है इसे तत्काल शुरू कराएं। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने कहा कि सभी वन मण्डलाधिकारी दर्ज वन अपराधों की समीक्षा कर लें। समीक्षा के बाद वापसी योग्य प्रकरणों की जानकारी प्रस्तुत करें। वन संरक्षक इसकी नियमित समीक्षा करें। बैठक में रीवा संभाग के कमिश्नर गोपाल चन्द्र डाड ने कहा कि संभागीय समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देशों का तत्परता से पालन किया जा रहा है। ललितपुर-सिंगरौली रेलवे लाइन तथा अन्य केन्द्रीय परियोजनाओं की भी समीक्षा की जा रही है।

### इनकी रही उपस्थिति

बैठक में उचित मूल्य दुकानों से खाद्यान्न वितरण, कानून और व्यवस्था की स्थिति, भू-अर्जन के प्रकरणों के निराकरण,छात्रवृत्ति वितरण की समीक्षा की गई। कलेक्ट्रेट के केंएनआईसी कक्ष से कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला, वन मण्डल अधिकारी अखिल बंसल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेन्द्र सिंह नागेश, अपर कलेक्टर पीके सेन गुप्ता नगर निगम आयुक्त डीके शर्मा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# मतगणना स्थल की 200 मीटर की परिधि में रहेगा प्रतिबंधित

**सिंगरौली।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के निर्वाचन कार्यक्रमो के अनुसार निर्वाचन के लिए मतगणना 4 जून को मतगणना स्थल शासकीय पालीटेक्निक महाविद्यालय बैढ़न पचौर जिला सिंगरौली में सम्पादित कराई जानी है। मतगणना स्थल पर शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने की दृष्टि से कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट चन्द्रशेखर शुक्ला के द्वारा दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किये गये है। जारी आदेश के तहत मतगणना स्थल पालीटेक्निक कालेज की 200 मीटर की परधि एवं तेलाई मोड़ से जिला जेल के सामने तक मेन रोड में लाउडस्पीकर का उपयोग करना जूलूश, रैली या आम सभा तथा पॉच या उससे अधिक व्यक्ति का एकंत्र रहना प्रतिबंधित रहेगा। साथ ही इस आदेश के प्रभावशील रहने की अवधि तक बिना अनुमति मोबाईल फोन, कैमरा, लेपटाप या अन्य कोई इलेक्ट्रानिक उपकरण मतगणना स्थल शासकीय पालीटेक्निक कालेज में उपकरण लेकर जाना एवं साथ रखना प्रतिबंधित रहेगा। साथ ही ऐसा कोई भी व्यक्ति का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा जिन्होंने जिला निर्वाचन अधिकारी एरिटर्निग अधिकारी द्वारा प्रवेश पत्र जारी न किया गया हो। प्रवेश पत्र धारक व्यक्ति को ही मतगणना स्थल में प्रवेश की अनुमति होगी।

## मतगणना स्थल के 100 मीटर की परिधि में मोबाईल फोन, सेल्यूलर, कार्डलेंश फोन, वायरलेस सेट रहेगा प्रतिबंधित

**सिंगरौली।** जिला दण्डाधिकारी चन्द्रशेखर शुक्ला के द्वारा लोकसभा निर्वाचन मतगणना 4 जून को मतगणना स्थल शासकीय पालिटेक्निक महाविद्यालय बैढ़न पचौर में कराई जायेगी। मतगणना की गोपनियता बनाये रखने हेतु प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किये गये है। जिसके तहत मतगणना स्थल में आम व्यक्तियो का प्रवेश निषेध करते हुये मतगणना स्थल के 100 मीटर के परिधि में मोबाईल फोन, सेल्यूलर, कार्डलेंश फोन, वायरलेस सेट को प्रतिबंधित किया गया है।

### अज्ञात कारणों से घर में लगी आग

# थ्रेसर,भैंस सहित घर का सभी सामान जलकर हुआ खाक

सिंगरौली

गर्मी इन दिनो अपने पूरे सवाब पर है। सिंगरौली जिला में गर्मी का पारा अर्धशतक छूने के करीब है। ऐसे में जरा सी लापरवाही भारी पड़ सकती है इतना ही नहीं जानलेवा के साथ-साथ नष्टकारी भी हो सकती है। ऐसा ही मामला सिंगरौली जिले के चितरंगी विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत ओड़नी से प्रकाश में आया है । जहां अज्ञात कारणों से लालचंद के घर में आग लगी और देखते ही देखते धू-धू कर जल रही आग इतनी विकराल रूप ले लिया कि देखने वालों का भी रूह काँप गया। जब तक लोग आग को बुझाने व आग पर काबू पाने का प्रयास करते तब तक आग थ्रेसर मवेशी एवं घर में रखे सामान को अपने आगोश में लेते हुए समूचे घर को भी खाक कर चुकी थी। वहीं आग लगने की सूचना जैसे ही वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों को लगी तो अपने दल बल के साथ पुलिस विभाग,राजस्व विभाग मौके पर पहुंचकर किसी भी तरह से आग पर काबू पाया। इस दौरान उपखंड अधिकारी चितरंगी सुरेश जादव,तहसीलदार चितरंगी ऋषि नारायण सिंह,थाना प्रभारी निरीक्षक गढ़वा अनिल कुमार पटेल के साथ में पटवारी रमाशंकर बैस एवं समाजसेवी व मजदूर संघ के अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह बैस मौजूद रहे। आग बुझाने में आसपास के लोगों सहित ग्रामीणों की मदद से किसी तरह आग पर काबू पाया गया। पीड़ित परिवार ने जिला प्रशासन से का ध्यान आकृष्ट कराया है।



# प्रशिक्षण अच्छा होगा तो मतगणना सरलता से होगी : कलेक्टर

## मतगणना कर्मियो को मतगणना कार्य के दूसरे चरण का दिया गया प्रशिक्षण

**सिंगरौली।** मतगणना का कार्य पूरी सावधानी और सजगता के साथ किया जाने वाला कार्य है। इस कार्य में लगे अधिकारी और कर्मचारी प्रशिक्षण में बताई जा रही बातों के साथ विधियों को अच्छी तरह से समझें। इससे गणना का कार्य सही तरीके से हो सके। प्रशिक्षण अच्छा होगा तो मतगणना सरलता से होगी। उक्त आशय के निर्देश मतगणना कार्य में सलग्न मतगणना कर्मियो के द्वितीय चरण के प्रशिक्षण के दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्रशेखर शुक्ला के द्वारा दिया गया। विदित हो कि आज शासकीय महाविद्यालय बैढ़न में मतगणना के कार्य में सलग्न अधिकारियो कर्मचारियो को मतगणना कार्य के दूसरे चरण का प्रशिक्षण कुशल मास्टर ट्रेनरो द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान ईवीएम से की जाने वाली गणना किस प्रकार की जाएगी। इस दौरान क्या-क्या सावधानी रखना है। रेंडम आधार पर चयनित एक वीवीपैट मशीन की पर्चियों का मिलान किस प्रकार उस मतदान केंद्र पर मशीन में डाले गए वोट से किया जाएगा। इसके बारे में अधिकारी व कर्मचारियों को विस्तार से बताया। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षणार्थियों को बताया गया कि किस प्रकार उनकी टेबल पर कंट्रोल यूनिट लाई जाएगी। किस प्रकार कंट्रोल यूनिट की सील को मतगणना एजेंटों को दिखाना है। उसे हटाकर मशीन में डाले गए वोटों की गिनती कर पत्रक तैयार किए जाएंगे। तैयार पत्रकों को किस प्रकार सहायक रिटर्निंग अधिकारी तक पहुंचाया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान गणना कर्मियों को कंट्रोल यूनिट पर गणना कार्य का प्रदर्शन भी करके दिखाया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों के प्रश्नों का समाधान किया गया। प्राजेक्ट के माध्यम से भी बारीकियों से अवगत कराया गया। उन्हें बताया गया कि किस प्रकार मतगणना के बाद पुनः ईवीएम की सीलिंग की जाएगी। इस कार्य में भी किस प्रकार पारदर्शिता रखी जाना है। इसके बारे में विस्तार से बताया गया। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेन्द्र सिंह नागेश, एसडीएम राजेश शुक्ला, जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी अनुराग मोदी, महाविद्यालय के प्राचार्य एमयू सिद्दीकी, उपायुक्त नगर निगम आरपी बैस उपस्थित रहे।



# एनटीपीसी सिंगरौली में चित्रकला प्रतियोगिता, कला एवं शिल्प प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

**सिंगरौली।** एनटीपीसी सिंगरौली शक्तिनगर द्वारा भारत सरकार के दिशा निर्देशानुसार स्वच्छ भारत मिशन के तहत 16 मई से 31 तक स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा हैं। इस स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत 30 मई को स्कूली बच्चों तथा महात्मा गाँधी काशी विद्यापीठ कॉलेज के छात्रों का स्वच्छता पखवाड़ा के प्रति उत्साह वर्धन करने हेतु चित्रकला प्रतियोगिता तथा कला एवं शिल्प प्रदर्शनी का सफल आयोजन मनोरंजन केंद्र में किया गया। इसके पूर्व स्वच्छता पखवाड़ा को आम जनोंए वयस्कों तथा छोटे बच्चों को जागरूक करने के लिए 24 व 25 मई को भी आर्ट एंड क्राफ्ट का कार्यशाला का आयोजन एनटीपीसी के इंद्रप्रस्थ क्लब में किया गया। विदित हो कि स्वच्छता पखवा के सभी दिनों में एनटीपीसी सिंगरौली के परियोजना प्रमुख राजीव अकोटकर की अगुवाई में उनके सभी महाप्रबंधक गण, विभागाध्यक्ष एवं कर्मचारी गणों द्वारा एनटीपीसी के आवासीय परिसर तथा आस पास के ग्रामीण इलाकों में साफ- सफाई का अभियान चलाया गया। इसके तहत एनटीपीसी सिंगरौली द्वारा अपने आवासीय तथा आस पास के ग्रामीण इलाकों में रह रहे कर्मचारी तथा आम जनमानस को स्वछता के प्रति जागरूक करने हेतु विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर एनटीपीसी सिंगरौली के एलके बेहरा मुख्य महाप्रबंधक प्रोजेक्ट, पीयूषा अकोटकर अध्यक्षा वनिता समाज, अमरीक सिंह भोगल, महाप्रबंधक ऑपरेशन एंड मेंटेनेंस ,जोसफ बास्टीयन महाप्रबंधक ऐश डाइक, सिद्धार्थ मण्डल, विभागाध्यक्ष मानव संसाधन, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ कॉलेज के शिक्षक, शिक्षिका गण, अन्य सभी एनटीपीसी के विभाग प्रमुखए वनिता समाज की वरिष्ठ सदस्याएं तथा एनटीपीसी के वरिष्ठ अधिकारीगण, कर्मचारीगण आदि उपस्थित रहें।



# थाना व चौकियो में आगंतुकों व पशु, पक्षियों के लिए की गई पेयजल की व्यवस्था

**सिंगरौली।** पुलिस महानिरीक्षक डॉ. महेन्द्र सिंह सिकरवार के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक निवेदिता गुप्ता व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव कुमार वर्मा के मार्गदर्शन में समस्थ थाना व चौकियो में आने वाले आगंतुको,फरियादी व आमजन अपनी समस्याओ को लेकर थाना व चौकी में आते है। उनके लिये ठंडा पानी उपलब्ध हो सके इसके लिए समस्त थाना व चौकियों में पेयजल की व्यवस्था की गई एवं पशु व पक्षियों के लिये भी जल पात्र में पानी पीने की व्यवस्था की गई है। थाना परिसर व चौकियो में प्रतिदिन सैकड़ो महिला व पुरुष आते है। सभी को हर समय ठंडा पानी मिल सके इसके लिए एक छोटा सा प्रयास सिंगरौली पुलिस द्वारा किया गया।



# कलिंगा कंपनी के खिलाफ युवा कांग्रेस करेगी उग्र आंदोलन

**सिंगरौली।** कलिंगा कंपनी द्वारा व्यापक पैमाने पर स्थानीय विस्थापित परिवारों को अनदेखा कर रही है।वहीं नौकरी के नाम पर जमकर पैसा वसूली का खेल कलिंगा कंपनी के प्रबंधक के द्वारा खेला जा रहा है।वहीं सरकारी गाइड लाइन को दरकिनार करते हुए काम कर रही है। विगत दिनों कलेक्टर द्वारा नियम बनाकर आदेश जारी किया गया था कि जो भी कंपनिया यहां पर काम कर रही है। यहां के स्थानीय विस्थापित परिवारों को 70 प्रतिशत रोजगार देंगी,जो कंपनी नियम का पालन नहीं करेगी उसके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। लेकिन यहां पर कलिंगा कंपनी अमलोरी द्वारा व्यापक पैमाने पर उस आदेश का उलंघन किया जा रहा है। बता दे की कम्पनी में बाहरी लोगो की भर्ती की जा रही है वही पर जो परियोजना से विस्थापित परिवार है जिनकी जमीन ली गई हैं। रोजगार के लिए दर दर भटक रहे हैं। विस्थापित परिवार के लोगो का कहना है कि जब वह रोजगार के लिए गए है तो कंपनी के जिम्मेदार अधिकारी ये बता देते है की जगह नही है और प्रतिदिन बाहर से लोगों को लाकर भर्ती की जा रही है। उक्त आरोप लगाते हुए मध्य प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता पंकज पांडेय ने बताया कि कंपनी के भीतर और भी रोजगार के अवसर थे। जहां लोग अपनी छोटी गाड़िया बसे लगा लेते थे तो रोजगार मिल जाता था। कम्पनी द्वारा इस अवसर को भी खतम करते हुए अपनी स्वयं की गाड़िया ले आई और मजदूरों से दबाव बनाया जा रहा है कि 12-12 घंटे काम करना पड़ेगा। उसके एवज में जो 4 घण्टे का ओवर टाइम दिया जाना चाहिए नहीं दिया जाएगा काम करना है तो करो जैसी तमाम विसंगतियां सामने आई हैं। पंकज पांडेय ने कहा है कि यदि 1 सप्ताह के भीतर एनसीएल अमलोरी परियोजना कलिंगा कंपनी प्रबंधन के ऊपर तमाम जनहित से जुड़ी इन समस्याओं को लेकर उचित कार्यवाही करते हुए विस्थापित परिवार के लोगो को रोजगार नहीं दिया गया तो मध्य प्रदेश युवा कांग्रेस 8 जून को एनसीएल अमलोरी परियोजना महाप्रबंधक कार्यालय मुख्य गेट बंद कर उग्र आंदोलन करेगी।



# गोपद नही से रेत चोरी करते ट्रैक्टर जब्त

**सिंगरौली।** निवास चौकी पुलिस ने गोपद नदी से रेत चोरी करते ट्रैक्टर को जब्त किया है। यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक निवेदिता गुप्ता के निर्देशन व सरई थाना प्रभारी ज्ञानेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में निवास चौकी प्रभारी अरुण सिंह ने की है। जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली की ग्राम निवास झरिया नाला रेलवे पटरी के पास अजय शाहू ट्रैक्टर से गोपद नदी से अवैध रेता लोड कर निवास तरफ जा रहा है। मुखबिर की सूचना पर चौकी प्रभारी ने एक पुलिस टीम मुखबिर के बताए हुए स्थान पर रवाना किया। जहां पुलिस ने घेराबंदी करते हुए ट्रैक्टर को जब्त कर लिया। पुलिस ने चालक से रेत के संबंध में वैध दस्तवेज मागा जो चालक के पास नही था। पूछताछ में ट्रैक्टर चालक ने अपना नाम अजय शाहू पिता पन्नालाल शाहू निवासी अमहाटोला होना बताया। पुलिस ने आरोपी चालक की कृत्य की धारा 379,414 भादवि एवं 4/21 खान खनिज अधिनियम का दण्डनीय पाए जाने से ट्रैक्टर क्रमांक एमपी 66 ए 6735 मय टाली को जब्त किया है। उक्त कार्यवाही में निवास चौकी प्रभारी उनि अरुण सिंह,सउनि दीपनारायण,प्रआर आशीष त्रिपाठी,आर भोले लोधी,संतोष शाहू व प्रवीण पाण्डेय की भूमिका रही।

# कोतवाली क्षेत्र में रेत का अवैध कारोबार पकड़ा है जोर

## हर दिन लाखों रुपए से अधिक की हो रही रेत चोरी

**सिंगरौली।** थाना प्रभारी सुधेश तिवारी के समय से रेत की चोरी का सिलसिला जारी था। हालांकि कुछ रेत के अवैध कारोबारी पर धर पकड़ की गई चर्चा है कि राजनीतिक दबाव के चलते यह कारोबार रुका नहीं। रेत माफियाओं और नेताओं के चक्रव्यूह में थाना प्रभारी नप जरूर गए। अब रेत माफिया के हौसले इस कदर बुलंद हो गए की कोतवाली के सामने से ट्रैक्टर ट्राली में अवैध रेत लेकर फर्राटे मारते हैं। यह सब पुलिस के नजरों के सामने हो रहा है लेकिन पुलिस अब इन रेत के अवैध कारोबारियों को रोकने का साहस नहीं जुटा पा रही है। बता दें कि थाना प्रभारी के निलंबन के बाद रिहंद नदी और सहायक नदियों से रेत का अवैध कारोबार जोर पकड़ लिया है। अवैध रेत के कारोबारियों पर पुलिस मेहरबान है या फिर पुलिस यह समझ चुकी है कि यदि वह रेत के अवैध कारोबारियों के खिलाफ कार्यवाही करेंगे तो उनका भी हश्र थाना प्रभारी की तरह ना हो जाए। शायद इसी वजह से पुलिस भी चुपचाप पैसे लेकर आंखे बंद करने में ही अपनी भलाई मान रही है। जिले में रेत का अवैध कारोबार सिर चढ़कर बोल रहा है और पुलिस के आला अधिकारी 18 डिग्री टेंपरेचर में बैठकर गांधीछाप छापने की चर्चा आम और खास बनी हुई है।



### अवैध कारोबार में सफेद व खाकी शामिल

बताया जा रहा है कि गनियारी और बलियरी से प्रतिदिन सैकड़ों ट्रैक्टर ट्राली से रेत का अवैध खनन और परिवहन कर रहे हैं। सूत्रों की माने तो यह सब खाकी के संरक्षण में किया जा रहा है। प्रतिदिन के हिसाब से एक ट्रैक्टर का 5000 रूपए की एंट्री वसूली जा रही है। अवैध रेत के इस कारोबार में सत्ता से जुड़े दो-तीन राजनेता और दो अफसर व एक व्यापारी और उनके कई कारिंदे भी अघोषित रूप से जुड़े होने की बात कही जा रही है,जो प्रतिदिन लाखों रुपए अवैध कमाई कर रहे हैं।

# अतिरिक्त मुख्य सचिव ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग से की विकास कार्यों की समीक्षा

## विकास योजनाओं तथा कल्याणकारी योजनाओं की कमिश्नर नियमित समीक्षा करें : कंसोटिया

### कमिश्नर केन्द्रीय विभागों के कार्यों की भी समीक्षा करें : कंसोटिया



सीधी

वीडियो कान्फ्रेंसिंग से आयोजित बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव वन श्री जेएन कंसोटिया ने रीवा संभाग के विकास कार्यों की समीक्षा की। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने कहा कि संभागीय समीक्षा बैठकें नियमित आयोजित की जाएंगी। इनमें दिए गए निर्देशों का अधिकारी समय सीमा में पालन सुनिश्चित करें। कमिश्नर और कलेक्टर विकास योजनाओं के क्रियान्वयन तथा जन कल्याणकारी योजनाओं की नियमित समीक्षा करें। कमिश्नर केन्द्रीय विभागों के कार्यों की भी नियमित समीक्षा करें। रीवा में ललितपुर सिंगरौली रेलवे लाइन का निर्माण कार्य किया जा रहा है। इसके कार्यों की भी नियमित निगरानी करें। कमिश्नर और कलेक्टर नियमित रूप से क्षेत्र का भ्रमण कर विकास योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करें। आगामी वर्षाकाल में वृक्षारोपण के लिए कार्ययोजना तैयार करें।

बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव ने कहा कि मुख्यमंत्री जी ने हाल ही में आयोजित बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए हैं। आमजनों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जिलों तथा तहसीलों की सीमा परिवर्तन के संबंध में प्रस्ताव प्रस्तुत करें। सभी विकासखण्डों में स्टेडियम एवं हेलीपैड निर्माण की प्रारंभिक तैयारी कर लें। सभी जिलों में 5 से 15 जून तक जल संरक्षण के कार्य कराए जाएंगे। जिले के प्रमुख नदी, नालों तथा सरोवरों की इस अवधि में साफ-सफाई कराएं। उचित मूल्य दुकानों से खाद्यान्न वितरण, छात्रवृत्ति वितरण तथा पेंशन योजनाओं से राशि वितरण की भी नियमित समीक्षा करें। किसी भी तरह की तकनीकी कठिनाई आने पर वरिष्ठ कार्यालयों से संपर्क कर कठिनाईयों को दूर करें। कमिश्नर ललितपुर सिंगरौली रेलवे लाइन परियोजना तथा सिंगरौली में थर्मल पावर प्लांट एवं कोल परियोजनाओं की भी समीक्षा करें।

अतिरक्त मुख्य सचिव ने कहा कि गत दो संभागीय बैठकों के निर्णयों पर तेजी से अमल हुआ है। शेष लंबित बिंदुओं पर सभी अधिकारी तय समय सीमा में कार्यवाही सुनिश्चित करें। कलेक्टर जमीन आवंटन तथा बड़ी परियोजनाओं से जुड़े अन्य कार्यों की व्यक्तिगत रूचि लेकर कार्यवाही सुनिश्चित करें। जल जीवन मिशन से सिंगरौली जिले में बैढ़न एक तथा बैढ़न दो समूह नल-जल योजनाओं में आवश्यक अनुमति सात दिवस में जारी कराएं। सिंगरौली में ट्राईबल के दो अधूरे निर्माण कार्यों की राशि लोक निर्माण विभाग पीआईयू तत्काल मांग करे। कलेक्टर सतना टमस परियोजना से जिन गांवों का डिनोटिफिकेशन किया गया है उनके किसानों को समय सीमा में जमीन वापसी की कार्यवाही करें। सिंगरौली की गोड़ सिंचाई परियोजना को स्वीकृति जारी कर दी गई है। सीधी से सिंगरौली फोरलेन सड़क निर्माण का कार्य वर्तमान में बंद है इसे तत्काल शुरू कराएं। वन विभाग द्वारा तेंदूपत्ता संग्रहक परिवारों के बच्चों के लिए रीवा में छात्रावास बनाने का प्रयास कर रहा है। कलेक्टर रीवा इसके लिए उपयुक्त भूमि विभाग को आवंटित करें।

अतिरिक्त मुख्य सचिव ने कहा कि सभी वन मण्डलाधिकारी दर्ज वन अपराधों की समीक्षा कर लें। समीक्षा के बाद वापसी योग्य प्रकरणों की जानकारी प्रस्तुत करें। वन संरक्षक इसकी नियमित समीक्षा करें। ट्राईबल विभाग द्वारा अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय में छात्रावास निर्माण के प्रस्ताव पर विश्वविद्यालय ने भूमि उपलब्ध कराने की सहमति दी है। शेष कार्यवाही विभाग सुनिश्चित करे। बैठक में रीवा संभाग के कमिश्नर गोपाल चन्द्र डाड ने कहा कि संभागीय समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देशों का तत्परता से पालन किया जा रहा है। ललितपुर-सिंगरौली रेलवे लाइन तथा अन्य केन्द्रीय परियोजनाओं की भी समीक्षा की जा रही है। संभाग के प्रमुख रेलवे स्टेशनों में एक जिला-एक उत्पाद योजना में चिन्हित उत्पाद रेलवे के स्टॉल में रखे जाएंगे। सतना और रीवा रेलवे स्टेशनों में वर्तमान में खुरचन की बिक्री की जा रही है।

बैठक में उचित मूल्य दुकानों से खाद्यान्न वितरण, कानून और व्यवस्था की स्थिति, भू अर्जन के प्रकरणों के निराकरण, छात्रवृत्ति वितरण की समीक्षा की गई। एनआईसी सीधी से कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी, वनमंडलाधिकारी क्षितिज कुमार, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राहुल धोटे, अपर कलेक्टर राजेश शाही सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# आगनबाड़ी केंद्रों का संचालन 15 जून तक स्थगित

सीधी। कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने आदेश जारी कर जिले में ग्रीष्मकालीन प्रचंड गर्मी एवं लू के प्रकोप के दृष्टिगत आंगनबाड़ी केन्द्रों का संचालन दिनांक 01 जून से 15 जून 2024 तक स्थगित किये जाने का निर्णय लिया गया है एवं केन्द्र संचालन स्थगित रहने के कारण आंगनबाड़ी केन्द्र पर बच्चे उपस्थित नहीं होंगे किन्तु आंगनबाड़ी केन्द्र पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं आगनबाड़ी सहायिका प्रति कार्य दिवस अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेगी। आंगनबाड़ी केन्द्र से संबद्ध हितग्राहियों को नाश्ता एवं भोजन तथा थर्डमील का प्रदाय समूह द्वारा स्थगित रखा जावेगा एवं टेकहोम राशन मिलेट्स आधारित (सूखा खिचड़ी मिक्रर अथवा गेहूँ मूग मिक्स दलिया चूरा) तथा अतिकम वजन वाले 05 वर्ष के बच्चों हेतु मिलेट्स आधारित सूखा खिचड़ी मिक्रर अथवा गेहूँ मूगदाल मिक्स दलिया चूरा प्रति हितग्राही के लिए संबंधित स्व-सहायता समूह आंगनबाड़ी केन्द्र पर प्रति दिवस उपलब्ध करायेगे तथा पावती लेंगे। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं आंगनबाड़ी सहायिका के द्वारा सभी दर्ज पात्र हितग्राही के घर पर प्रति दिवस उपलब्ध कराया जावेगा एवं पंजी में पावती लेंगे। स्थगन अवधि में स्व-सहायता समूह द्वारा प्रदायित टी.एच.आर. का सत्यापन आंगनबाड़ी केन्द्र में गठित सहयोगिनी मातृ समिति द्वारा कराया जावेगा।

### पूरक परीक्षाओं की गोपनीय सामग्री का वितरण 06 जून को

**सीधी।** जिला शिक्षा अधिकारी ने जानकारी देकर बताया है कि माध्यमिक शिक्षा मंडल म.प्र. भोपाल के पत्र दिनांक 24.05.2024 के आदेशानुसार वर्ष 2024 की संचालित हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी पूरक परीक्षाओं की गोपनीय सामग्री का वितरण समन्वयक संस्था शा.उ.मा.वि. क्रमांक -2 सीधी से दिनांक 06.06.2024 को निम्नानुसार परीक्षा केन्द्र निर्धारित किया गया है। समस्त प्राचार्य उपरोक्त दिनांक को पेटी, ताला एवं भृत्य के साथ वितरण स्थल पर सुबह 10:30 बजे अनिवार्यत: उपस्थित हो। उन्होंने बताया है कि 351004 शा.उ.उ.मा.वि.क्र. 1 सीधी, 351029 शा.उ.मा.वि.बालक हिनौती, 351037 शा.बालक उ.मा.वि. मझौली, 351022 शा.उ.उ.मा.वि. रामपुर नैकिन एवं 351039 शा.उ.मा.वि. कुसमी को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है।

# मतगणना में सहयोग के लिए राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनरों की लगाई गई ड्यूटी

सीधी

अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश शाही ने आदेश जारी कर लोकसभा निर्वाचन 2024 की दिनांक 04.06.2024 मतगणना हेतु राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स की ड्यूटी लगाई गई है। राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स दिनांक 04.06.2024 को प्रात: 6 बजे मतगणना स्थल पर अपनी उपस्थिति देना सुनिश्चित करेंगे।

जारी आदेशानुसार मतगणना दिनांक 04.06.2024 को प्रात: 6 बजे से मतगणना से संबंधित समस्त जानकारी आरओ एवं एआरओ को उपलब्ध कराने हेतु विधानसभा 76-चुरहट के लिए राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर डॉ. पी.के. सिंह प्राचार्य सं.गां.स्मृ.महा.विद्या. सीधी की ड्यूटी लगाई गई है। इसी प्रकार विधानसभा 77-सीधी के लिए डॉ. दिलीप कुमार सोनी सहा. प्राध्यापक शा. कन्या महाविद्या. सीधी , विधानसभा 78-सिहावल के लिए डॉ. के.बी. सिंह प्राध्यापक सं.गां.स्मृ.महा.विद्या. सीधी एवं विधानसभा 82-धौहनी के लिए डॉ. आर.बी.एस. चौहान प्राध्यापक सं.गां.स्मृ.महा.विद्या. सीधी की ड्यूटी लगाई गई है।

उपरोक्त समस्त राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स जिला निर्वाचन कार्यालय से दिनांक 03.06.2024 तक प्रवेश पास अनिवार्य रूप से प्राप्त करेगे।

### मतगणना दिवस को सुबह 7 बजे खोला जाएगा स्ट्रांग रूम, अभ्यर्थियों को दी गई सूचना

**सीधी।** अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश शाही ने जानकारी देकर बताया है कि लोकसभा निर्वाचन 2024 के मतगणना दिनांक 04.06.2024 को पूर्व से नियत है। मतगणना दिनांक 04.06.2024 को 11-सीधी संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत संजय गांधी स्मृति शासकीय महाविद्यालय सीधी के पुराना भवन में विधानसभा क्षेत्र 76-चुरहट कक्ष क्रमांक 09 एवं 10, 77-सीधी कक्ष क्रमांक 13 एवं 14, 78-सिहावल कक्ष क्रमांक 15 एवं 16 तथा 82 धौहनी के लिए कक्ष क्रमांक 17 एवं 18 को मतगणना कराये जाने हेतु ईव्हीएम स्ट्रांग रूम प्रात: 7 बजे खोला जाना है।

# जज सुधीर सिंह चैहान कुटुम्ब न्यायालय के सेवानिवृत्त मे दी गई अभूतपूर्व विदाई



सीधी। प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय मे पदस्थ श्री सुधीर सिंह चैहान सीधी न्यायालय मे अपने डेढ़ वर्ष के कार्यकाल के बाद दिनांक 31.05.2024 को अपने न्यायिक सेवाकाल से हुये सेवानिवृत्त मे जिला अधिवक्ता संघ सीधी ने उनके सम्मान मे विदाई समारोह का आयोजन किया गया जिसमे संघ के अध्यक्ष बृजेन्द्र सिंह और सचिव विद्याकान्त मिश्रा, उपाध्यक्ष व अन्य पदाधिकारीगण के द्वारा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संजीव कुमार पाण्डेय प्रधान न्यायाधीश एवं सुधीर सिंह चैहान प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय को मल्यार्पण किया गया, जिसमे सुधीर सिंह चैहान ने अपने विदाई के समय अपने कार्यकाल को स्मरण करते समय कहा कि मेरी प्रथम नियुक्ति छिन्दवाड़ा से लेकर अन्तिम नियुक्ति सीधी के बीच मे थी, अधिवक्ताओ द्वारा न्यायिक साथियो द्वारा जो मुझे सम्मान दिया गया उसके लिये जीवन पर्यन्त ऋणी रहेगें। इस अवसर पर प्रधान जिला न्यायाधीश संजीव कुमार पाण्डेय ने कहा कि जिस दिन से जज सेवा मे आता है उसकी सेवानिवृत्त की तारीख पहले से निश्चित रहती है। अपने साथी जज के सेवानिवृत्त होने पर जज की सिद्वान्तिक कार्य प्रणाली का प्रकाश डालते हुये एक अच्छे जज के रुप मे निरुपित किया, वही जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष बृजेन्द्र सिंह ने सुधीर सिंह चैहान के डेढ़ वर्ष के कार्यकाल मे कहा कि श्री सिंह त्वरित न्याय और ऐतिहासिक निर्णयो के लिये जाने जाते रहे है अपने कार्यकाल मे आपने सबका ध्यान अपने ओर आकृषित किया है अपने गौरवशाली न्यायिक इतिहास पूर्णकर लिया है और वह अपने शेष जीवन मे स्वास्थ्य रहे, दीर्घायु रहे की कामना की गई और जिला अधिवक्ता संघ के तरफ से सुधीर सिंह चैहान स्मृति चिन्ह भी भेंट किया गया।

न्यायालय परिसर मे पहली बार बैंडबाजा व पटाखो की गूंज के साथ सुधीर सिंह चैहान की कार को प्रधान जिला न्यायाधीश और साथी जज के साथ जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष बृजेन्द्र सिंह ने उनकी कार को फूलो से सुसज्जित कर धक्का देकर चलाया और ऐसा भव्यता का नाजारा न्यायालय प्रांगण मे पहली बार देखा गया।

इस अवसर पर जिला अधिवक्ता संघ सीधी के अध्यक्ष बृजेन्द्र सिंह ने प्रतिक्रिया देते हुये कहा कि न्यायाधीश की जीवन भर की कमाई हुई पूंजी है जो सेवानिवृत्त के अन्तिम पल मे चाहे न्यायाधीशगण हो, अधिवक्तागण हो, कर्मचारीगण हो सबने भावविभोर विदाई किया, इस अवसर मे सुधीर सिंह चैहान की धर्मपत्नी के साथ न्यायालय प्रागण मे शिवमन्दिर मे पूजा उपरान्त रवाना हुये।

# मतगणना टेबुलेशन को कम्प्यूटरीकृत किये जाने दिया गया प्रशिक्षण



**सीधी।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के मतगणना दिनांक 04.06.2024 को किया जाना है। गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में मतगणना टेबुलेशन को कम्प्यूटरीकृत किये जाने के संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी स्वरोचिष सोमवंशी की अध्यक्षता में प्रशिक्षण आयोजित किया गया। चारों विधानसभा में गठित आई.टी.टीम के प्रभारी एवं कम्प्यूटर आपरेटर को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। मतगणना टेबल से प्राप्त प्रपत्र को पोलिंग स्टेशनबार एक्सल शीट एवं आयोग के इनकोर पोर्टल पर किस प्रकार फीडिंग करना है एवं फीडिंग करते समय किन-किन सावधानियों को ध्यान रखना है इसकी विस्तृत जानकारी दशरथ प्रजापति एनआईसी जिला सूचना विज्ञानअधिकारी द्वारा प्रदान की गई। कलेक्टर श्री सोमवंशी द्वारा निर्देशित किया गया कि पोलिंग स्टेशनबार एक्सल शीट एवं आयोग के इनकोर पोर्टल पर फीडिंग करते समय विशेष सावधानी बरतें तथा पूर्ण शुद्धता के साथ फीडिंग करना सुनिश्चित करें।

प्रशिक्षण में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राहुल धोटे, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश शाही, संयुक्त कलेक्टर नीलेश शर्मा, उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास प्रिया पाठक सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### नारी अधिकार केन्द्र एक अनुकरणीय पहल

**सीधी।** विकासखण्ड सिहावल अन्तर्गत ग्राम पंचायत सेमरी में स्थित आजीविका भवन में म.प्र. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा उजाला संकुल स्तरीय संगठन अन्तर्गत नारी अधिकार केन्द्र संचालित है। केंद्र का संचालन जन प्रयास समूह की बिन्दू पटेल सीआरपी बताती है कि म.प्र. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा उजाला संकुल स्तरीय संगठन में 426 स्वयं सहायता समूह व 38 ग्राम संगठनों के माध्यम से 6566 परिवार की गरीब महिलाओं को जोड़ा गया है।

# जैव विविधता और सतत विकास विषय पर वेबीनार आयोजित, विशेषज्ञों ने रखे विचार

**सीधी।** शासकीय महाविद्यालय मड़वास में जैव विविधता और सतत विकास विषय पर आयुक्त उच्च शिक्षा के निर्देशानुसार, प्राचार्य डॉ. आई. पी.प्रजापति के मार्गदर्शन में एकदिवसीय राष्ट्रीय वेबीनार का आयोजन किया गया। वेबीनार के संयोजक डॉ. राजेश कुमार पटेल एवं सह -संयोजक डॉ. संगीता मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि गूगल मीट के माध्यम से आयोजित इस वेबीनार में आमंत्रित विषय विशेषज्ञ डॉ.अनीश अहमद अंसारी सेवानिवृत्ति वैज्ञानिक बोटनिकल सर्वे आफ इंडिया सी. आर. सी. प्रयागराज (यू. पी.) ने भारत की भौगोलिक स्थिति का वर्णन करते हुए विभिन्न क्षेत्रों में पाए जाने वाले जैव विविधता को समझाते हुए मानव जीवन का अस्तित्व बनाए रखने के लिए जैव विविधता के संरक्षण और पिघलते ग्लेशियर से बचाव के उपाय सुझाए।

उन्होंने आज की युवा पीढ़ी को जागरूकता के साथ जैव विविधता और सतत विकास के बढ़ावा पर ध्यान देने को कहा। आगे उन्होंने भारत के विभिन्न आदिवासी अंचलों में पाए जाने वाले औषधीय युक्त पौधों के बारे में बताया, जिसका उपयोग आदिवासी अपने दवा के रूप में करते रहते हैं।

# छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए कृत संकल्पित सीएम राइज स्कूल सिहावल

## 89 प्रतिशत परिणाम रहा मॉडल स्कूल सिहावल का

**सीधी।** परिवर्तन प्रकृति का शाश्वत नियम है। आदिकाल से समय के साथ क्रमिक परिवर्तन की प्रक्रिया से गुजरते हुये मानव सभ्यता 21 वीं सदी में प्रविष्ट कर चुकी है। इस सदी की सामाजिक, आर्थिक, भौगोलिक, राजनैतिक, वैज्ञानिक एवं तकनीकी आदि आवश्यक जरूरतों के पूर्ण करने के उद्देश्य से शैक्षिक क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन लाना समय की माँग है, जिसे पूर्ण करने के लिए शासन द्वारा वर्ष 2012 में सिहावल में शासकीय मॉडल स्कूल की स्थापना की गई। प्रारम्भ में स्वयं का भवन न होने की वजह से इसे उत्कृष्ट विद्यालय सिहावल के साथ संचालित किया गया। वर्ष 2016 में स्वयं का भवन उपलब्ध होने पर यह विद्यालय वर्तमान में सिहावल ब्लॉक के बमुरी ग्राम में स्थित है। वर्ष 2012 से मई 2022 तक यह विद्यालय मॉडल स्कूल के नाम से जाना जाता रहा है।

म.प्र. शासन की महत्वाकांक्षी सीएम राईज योजनान्तर्गत चयनित होने के बाद इसे वर्तमान में सीएम राईज मॉडल स्कूल नाम मिल चुका है। वर्ष 2012 में अपनी स्थापना से सीएम राईज विद्यालय बनने तक के सफर में विद्यालय ने कई उपलब्धियां हासिल की है और छात्रों तथा अभिभावकों का विश्वास हासिल किया है। शैक्षिक एवं व्यायाम, नृत्य, गायन एवं वादन साहित्यिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में भी यहां के विद्यार्थियों ने विभिन्न स्तरों पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। विकासखण्ड स्तर से राज्य स्तर की विविध प्रतियोगिताओं में सहभागिता के साथ ही स्थान हासिल करना, इसकी प्रामाणिकता को दर्शाता है। विगत शैक्षिक सत्र 2023-24 में विद्यालय के कुल नामांकन 615 था, जो पूर्व सत्र 2022-23 की अपेक्षा 30प्रतिशत अधिक रहा। इस वर्ष 2023-24 में विद्यालय की हाई स्कूल परीक्षा का परिणाम 88 प्रतिशत एवं हायर सेकण्डरी परीक्षा का परिणाम 86प्रतिशत रहा, जो विद्यालय की शैक्षिक स्थिति को दर्शाता है। वर्तमान में यह विद्यालय एकशाला एक परिसर के रूप में 1 से 12वीं तक सीएम राईज की अवधारणा पर संचालित है। सत्र 2022-23 में विद्यालय से 05 बच्चों का मेरिट कम मीन्स छात्रवृति के लिए चयन, कबड्डी, क्रिकेट, स्केटिंग में राज्य स्तरीय, खो-खो आदि खेल गतिविधियों में विद्यार्थियों का विकास खण्ड से राज्य स्तर तक पहुंचना विद्यालय की गरिमा में चार चाँद लगाता है। सत्र 2023-24 में 02 बच्चों का स्कूटी योजना एवं 17 बच्चों का लैपटॉप योजना के लिए चयन हुआ है।

# जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं पुनर्जीवन के लिये 5 से 16 जून तक चलेगा नमामि गंगे अभियान

## जन-प्रतिनिधियों, सामाजिक संस्थाओं एवं जन अभियान परिषद की सहभागिता से चलाया जायेगा अभियान



**सीधी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर प्रदेश में जल स्त्रोतों तथा नदी, तालाबों, कुओं, बावड़ियों एवं अन्य जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं इनके पुनर्जीवन के लिये 5 जून से 16 जून तक विशेष नमामि गंगे - सदानीरा अभियान चलाया जायेगा। यह विशेष अभियान स्थानीय जन-प्रतिनिधियों, सामाजिक व अशासकीय संस्थाओं एवं जन अभियान परिषद की सहभागिता से चलाया जायेगा। अभियान के तहत विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून से प्रदेश भर में मौजूद जल स्त्रोतों के स्थायी संरक्षण के लिये विभिन्न गतिविधियाँ की जायेंगी। इस अभियान का समापन गंगा-दशहरा को 16 जून को होगा।

मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव ने भोपाल से वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से अभियान की तैयारियों की समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने कहा है कि अभियान के दौरान अमृत 2.0 योजनान्तर्गत प्रचलित जल संरचनाओं के उन्नयन का कार्य करायें तथा नगरीय निकाय में चयनित जल संरचनाओं के अतिरिक्त यदि कोई नदी, झील, तालाब, कुआं, बावड़ी उपलब्ध है, जिसके पुनर्जीवनध्संरक्षण की जरूरत है, तो इनके उन्नयन कार्य स्थानीय सामाजिक एवं जनभागीदारी के माध्यम से कराये जायें। इस अभियान को जन अभियान बनायें तथा सभी का सहयोग लें। जल संरचनाओं में मिलने वाले गंदे पानी के नाले/नालियों को स्वच्छ भारत मिशन से डायवर्सन के बाद शोधित कर जल संरचनाओं में छोड़ा जाये। जल संरचनाओं के जीर्णोद्धार तथा नवीनीकरण आदि कार्य लें तथा नदियों व तालाबों को अतिक्रमण से मुक्त करायें। उन्होंने निर्देशित किया है कि जल संरचनाओं के जीर्णोद्धार/उन्नयन कार्य में जनभागीदारी का सहयोग लें। जल संग्रहण संरचनाओं से निकाली गई मिट्टी एवं गाद का उपयोग स्थानीय कृषकों के खेतों में किया जाये। जल संरचनाओं के किनारों पर अतिक्रमण को रोकने के लिये फेंसिंग के रूप में वृक्षारोपण किया जाये तथा इनके संरक्षण के लिये सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से जागरूकता अभियान भी चलाया जाये। निकाय अन्तर्गत पुराने कुएं एवं बावड़ियों की साफ-सफाई/मरम्मत कार्य भी इसी अवधि में कराये जायें। निकाय क्षेत्र अन्तर्गत विद्यमान रिहायशी रेन वाटर हार्वेड्स्टग सिस्टम यदि बंद पड़े हैं, तो उनकी सफाई कराकर उन्हें पुनरू उपयोग किये जाने के लिये लोगों को जागरूक किया जाये। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस अभियान में सभी को जोड़े तथा इसका व्यापक प्रचार-प्रसार भी करें।

सीधी एनआईसी केंद्र से कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी, वनमंडलाधिकारी क्षितिज कुमार, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राहुल धोटे, संयुक्त कलेक्टर नीलेश शर्मा, उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास प्रिया पाठक, कुसमी एसपी मिश्रा, सिहावल प्रशांत त्रिपाठी, मझौली आर पी त्रिपाठी, चुरहट शैलेश द्विवेदी, कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा हिमांशु तिवारी सहित समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## संपादकीय

### चकाचौंध में फीकी पड़ती आईपीएल की चमक

टी-20 विश्वकप शुरु हो गया है। क्रिकेट की दुनिया में जब इंडियन प्रीमियर लीग यानी आइपीएल की शुरुआत हुई, तो इसकी गुणवत्ता में बढ़ोतरी की उम्मीद की गई थी। मगर इस पर जिस कदर चकाचौंध हावी होता गया, उससे लगता है कि इस खेल को कारोबार और कमाई का एक जरिया बना लिया गया। इसके समांतर यह भी सच है कि इससे क्रिकेट और इसके प्रति लोगों के भीतर आकर्षण में अब वह स्तर नहीं दिखता, जो कभी इसकी खासियत होती थी।एक समय जिस क्रिकेट के सभी पहलुओं में कलात्मकता की ऊंचाई कायम करने की कोशिश की जाती थी और दर्शक से लेकर विश्लेषक तक इसमें तुलनात्मक प्रदर्शन, खेल की कला पर बात करते थे, अब आइपीएल के हावी होने के बाद क्रिकेट को एक रफ्तार के खेल की तरह देखा जाने लगा है। पहले जहां टीम के साथ भावनाएं जुड़ी होती थीं और उसकी जीत-हार को खेल भावना के साथ स्वीकार किया जाता था, वहीं अब यह पसंद किसी खास खिलाड़ी, उसे नीलामी में मिली ऊंची कीमत और फिर निजी प्रदर्शन तक सिमटती जा रही है। अब लोगों को यह उम्मीद होती है कि उनके पसंदीदा खिलाड़ी को ज्यादा से ज्यादा कीमत में कोई टीम खरीदे, वह खूब चौके-छक्के मारे या बहुत तेज रफ्तार से गेंद फेंके।बेशक इस आयोजन की वजह से बहुत सारे नए प्रतिभावान खिलाड़ियों को भी मौका मिला है, लेकिन दर्शकों की अपेक्षाओं और बाजार की जरूरतों के मुताबिक मैदान में खिलाड़ियों पर दबाव बढ़ा है और निरंतरता की गुंजाइश घटी है। टैस्ट या एकदिवसीय मैचों के बरक्स बीस ओवर के मैचों में क्रिकेट की कलात्मकता और प्रयोगधर्मिता पीछे छूट रही है और सिर्फ आक्रामक प्रदर्शन की मांग बढ़ी है।इसके अलावा, सट्टेबाजी जैसी अवांछित गतिविधियों ने भी क्रिकेट प्रेमियों को निराश किया है। ऐसे में क्रिकेट को जिस तरह चकाचौंध के कारोबार का जरिया बनाया गया है, उसमें क्रिकेट अब बाजार-आधारित खेल बन रहा है। यह बेवजह नहीं है कि आइपीएल जैसे आयोजन की चमक अब धुंधली पड़ती जा रही है।

**लोकसभा चुनावों के मतदान के चरण जिस तरह से एक के बाद एक पूरे होते जा रहे हैं और सियासी पारा चढ़ता जा रहा हैं उसी तरह से मतदान का अंतिम चरण आने से पहले ही उत्तर, पश्चिम, मध्य और पूर्वी भारत के तापमान में भी दिन प्रतिदिन तेजी आती जा रही है। एक और जहां समग्र मतदान प्रतिशत 2019 के स्तर पर नहीं आ पा रहा हैं वहीं सूर्यदेव को लगता हैं स्वयं से ही तापमान बढ़ाने की होड़ चल रही हैं। 29 मई को देश की राजधानी दिल्ली का पारा 52 के आंकड़ें को छू गया, हो सकता है इसको लेकर कोई मत भिन्नता हो पर इसमें कोई दो राय नहीं कि दिल्ली का पारा 50 डिग्री से तो ज्यादा ही रहा है। देश के 17 से अधिक शहरों में तापमान उच्चतम स्तर पर चल रहा है। यह एक तरह का प्राकृतिक आपात्काल है।**

# हीटवेव के चलते सियासी पारे के साथ ही बढ़ता मौसमी पारा

(डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा)

इस समय हीटवेव के कारण जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त होने के साथ ही सड़कों पर कर्फ्यू जैसे हालात हो रहे हैं। असली समस्या तो सरकार के सामने पानी, बिजली और हीटवेव से प्रभावित लोगों को तत्काल इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित करना है।

लोकसभा चुनावों के मतदान के चरण जिस तरह से एक के बाद एक पूरे होते जा रहे हैं और सियासी पारा चढ़ता जा रहा हैं उसी तरह से मतदान का अंतिम चरण आने से पहले ही उत्तर, पश्चिम, मध्य और पूर्वी भारत के तापमान में भी दिन प्रतिदिन तेजी आती जा रही है। एक और जहां समग्र मतदान प्रतिशत 2019 के स्तर पर नहीं आ पा रहा हैं वहीं सूर्यदेव को लगता हैं स्वयं से ही तापमान बढ़ाने की हौड़ चल रही हैं। 29 मई को देश की राजधानी दिल्ली का पारा 52 के आंकड़ें को छू गया, हो सकता है इसको लेकर कोई मत भिन्नता हो पर इसमें कोई दो राय नहीं कि दिल्ली का पारा 50 डिग्री से तो ज्यादा ही रहा है। देश के 17 से अधिक शहरों में तापमान उच्चतम स्तर पर चल रहा है। यह एक तरह का प्राकृतिक आपात्काल है। हीटवेव या यों कहें कि लू के थपेड़ों ने जनजीवन को प्रभावित करके रख दिया है। लू या हीटवेव या तापघात के कारण देश के विभिन्न हिस्सों में मौत के समाचार भी आ रहे हैं। तस्वीर का एक पहलू यह है कि अभी तक सही मायने में हमारे देश में हीटवेव को डिजास्टर मैंनेजमेंट में पूरी तरह से शामिल नहीं किया गया है। कहीं कहीं सड़कों पर पानी छिड़कने या लोगों को घर या कार्यस्थल से बाहर नहीं निकलने की सलाह दी जाती रही है। लू से बचाव के उपायों खासतौर से खाली पेट नहीं रहने और तरल पदार्थ का अधिक से अधिक सेवन करने की सलाह दी जाती है। 1850 के बाद 2023 का साल सबसे गर्म साल रहा है पर जिस तरह से तापमान दिन प्रतिदिन बढ़ते हुए जन जीवन को प्रभावित कर रहा है उससे साफ हो जाता है कि 1850 के बाद 2023 नहीं बल्कि अब तो 2024 सबसे गर्म साल रहने वाला है। समूचा उत्तरी, पश्चिमी, मध्य और पूर्वी भारत हीटवेव के चपेट में आ गया है। देश की राजधानी दिल्ली के साथ ही राजस्थान, हरियाणा, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार, उत्तर प्रदेश, विदर्भ आदि गंभीर हीटवेव से प्रभावित इलाके हैं। राजस्थान के चुरु और फलोदी आदि का पारा तो 50 के आसपास ही चल रहा है। पानी, बिजली और हीटवेव के कारण बीमारी के हालात गंभीर होते जा रहे है। इतनी तेज गर्मी में पेयजल की उपलब्धता, बिजली की आपूर्ति व ट्रिपिंग की समस्या से निजात पाना मुश्किल हो रहा है।

इस समय हीटवेव के कारण जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त होने के साथ ही सड़कों पर कर्फ्यू जैसे हालात हो रहे हैं। असली समस्या तो सरकार के सामने पानी, बिजली और हीटवेव से प्रभावित लोगों को तत्काल इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित करना है। आदर्श आचार संहिता लागू होने के बावजूद सभी प्रदेशों की सरकारें बेहतर प्रबंधन कर रही हैं।



राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा 29 मई को जहां स्वयं भर दोपहरी सिर पर गमछा लपेट राजस्थान की राजधानी जयपुर में पेयजल व्यवस्था को देखने निकल पड़े तो निश्चित रुप से प्रशासन और आमजन में एक संदेश गया हैं वहीं प्रदेष के सभी जिलों में 28 व 29 मई को दो दिन के लिए सभी प्रभारी सचिवों को प्रभार वाले जिलों में जाकर पानी, बिजली, दवा, ईलाज आदि की व्यवस्थाओं का जायजा लेने भेजकर साफ संकेत दे दिए हैं। गंभीरता को इसी से समझा जा सकता है कि जहां दो दिन तक सरकार के वरिष्ठ अधिकारी इस गर्मी के मौसम में अपने कार्यालयों से निकल कर जिलों में स्थानीय प्रशासन व जिले के अधिकारियों के साथ व्यवस्थाओं की समीक्षा कर रहे हैं वहीं आपदा के इस दौर में आवश्यक दिशा-निर्देश देकर लोगों को राहत पहुंचाने में जुट गए हैं। बात यहीं समाप्त नहीं हो जाती क्योंकि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और मुख्य सचिव सुधांश पंत स्वयं प्रभारी सचिवों व जिला कलक्टरों सहित अधिकारियों से 31 मई को संवाद कायम कर फीड बैक लेने के साथ ही आवश्यक दिशा-निर्देश देंगे। राजस्थान तो एक उदाहरण है पर कमोबेस इस तरह के प्रयास हीटवेव से प्रभावित अन्य राज्यों में भी किये जा रहे होंगे, इससे इंकार नहीं किया जा सकता।

सामान्यतः एक मार्च से लेकर 21 जून तक सूर्य देव धरती के नजदीक होते हैं। देशी पंचाग के अनुसार नौतपा चल रहा है और माना जाता है कि इन नौ दिनों तक गर्मी का असर कुछ अधिक ही रहता है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के प्रमुख मृत्युजंय महापात्र के अनुसार आने वाले दिनों में पश्चिमी विक्षोभ और अरब सागर में नमी के कारण गर्मी से राहत मिलने के आसार अवश्य है। पर सवाल यह है कि इस भीषण लू या यों कहें कि हीटवेव के लिए बहुत कुछ हम भी जिम्मेदार है। आज शहरीकरण और विकास के नाम पर प्रकृति को विकृत करने में हमनें कोई कमी नहीं छोड़ी है। पेड़ों की खासतौर से छायादार पेड़ों की अंधाधुंध कटाई में हमने कोई कमी नहीं छोड़ी तो दूसरी और चाहे गांव हो या शहर आंख मींचकर कंक्रिट का जंगल खड़ा करते रहे और उसका दुष्परिणाम सामने हैं। जल संग्रहण के परंपरागत स्रोतों को नष्ट करने में भी हमने कोई गुरेज नहीं किया। हमारे यहां मौसम के अनुसार खान-पान की समृद्ध परंपरा रही है पर उसे आज भुला दिया गया है। मौसम विज्ञानियों का मानना है कि पहले समुद्र में तापमान बढ़ने के साथ ही आंधी तूफान का माहौल बन जाता था और बरसात होने से लोगों को तात्कालीक राहत मिल जाती थी। पर आज तो समुद्र का तापमान बढ़ने के बावजूद हीटवेव का असर ही अधिक हो रहा है।

ऐसे में अब तात्कालीक व दीर्घकालीक योजनाएं बनाकर भविष्य की रुपरेखा तय करनी होगी। क्योंकि यह तो साफ हो चुका है कि प्रकृति का हमनें इतना दोहन कर लिया है कि हालात निकट भविष्य में सुधरने की लगते नहीं हैं। अब सुविधाओं और प्रकृति के बीच सामंजस्य की और ध्यान देना होगा नहीं तो आने वाले साल और अधिक चुनौती भरे होंगे। कंक्रिट के जंगलों से लेकर हमारे दैनिक उपयोग के अधिकांश साधन तापमान को बढ़ाने वाले ही हैं। इस चुनौती से निपटना ही होगा। अब सम्मेलनों के प्रस्तावों से आगे बढ़कर क्रियान्वयन पर जोर देना होगा।

# मीडिया- दरकते भरोसे को बचाएं कैसे

प्रो. (डॉ.) संजय द्विवेदी

मीडिया को लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ कहा जाता है, तो वह अकारण नहीं है। उसने समय-समय पर लोकतांत्रिक मूल्यों और सामाजिक हितों की रक्षा के लिए बहुत काम किया है और इसके लिए बड़ी कीमत भी चुकाई है।

हिंदी पत्रकारिता दिवस मनाते समय हम सवालों से घिरे हैं और जवाब नदारद हैं। पं.जुगुलकिशोर शुकुल ने जब 30 मई ,1826 को कोलकाता से उदंत मार्तण्ड की शुरुआत की तो अपने प्रथम संपादकीय में अपनी पत्रकारिता का उद्देश्य लिखते हुए शीर्षक दिया 'हिंदुस्तानियों के हित के हेत'। यही हमारी पत्रकारिता का मूल्य हमारे पुरखों ने तय किया था। आखिर क्यों हम पर इन दिनों सवालिया निशान लग रहे हैं। हम भटके हैं या समाज बदल गया है

कुछ दिनों पहले दिनों, देश के एक प्रतिष्ठित अंग्रेजी दैनिक द्वारा आयोजित एक सम्मान समारोह में मुख्य न्यायाधीश श्री डी.वाई. चंद्रचूड़ ने कहा कि यदि किसी देश को लोकतांत्रिक रहना है, तो प्रेस को स्वतंत्र रहना चाहिए। जब प्रेस को काम करने से रोका जाता है, तो लोकतंत्र की जीवंतता से समझौता होता है। माननीय मुख्य न्यायाधीश, ऐसा कहने वाली पहली विभूति नहीं हैं। उनसे पहले भी कई बार कई प्रमुख हस्तियां प्रेस और मीडिया की स्वतंत्रता को लेकर मिलते-जुलते विचार सार्वजनिक रूप से अभिव्यक्त कर चुकी हैं। मीडिया को लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ कहा जाता है, तो वह अकारण नहीं है। उसने समय-समय पर लोकतांत्रिक मूल्यों और सामाजिक हितों की रक्षा के लिए बहुत काम किया है और इसके लिए बड़ी कीमत भी चुकाई है। इसके बदले उसे समाज का, लोगों का भरपूर विश्वास और सम्मान भी हासिल हुआ है। लेकिन दुर्भाग्य से बीते दो-तीन दशकों में यह विश्वास लगातार दरकता गया है, सम्मान घटता गया है।

मीडिया की इस घटती प्रतिष्ठा और विश्वसनीयता के पीछे बहुत सारे कारण गिनाये जा सकते हैं। सबसे

**मीडिया की इस घटती प्रतिष्ठा और विश्वसनीयता के पीछे बहुत सारे कारण गिनाये जा सकते हैं। सबसे पहला तो यही है कि उदारीकरण की आंधी से पहले जिस मीडिया ने खुद को एक मिशन बनाए रखा था, उसने व्यावसायिकता की चकाचौंध में बहुत तेजी से अपना 'कॉरपोरेटाइजेशन' कर लिया और खुद को 'मिशन' की बजाए खालिस 'प्रोफेशन' बना लिया। अब जब यह प्रोफेशन बना तो इसकी प्राथमिकताएं भी बदल गईं।**

पहला तो यही है कि उदारीकरण की आंधी से पहले जिस मीडिया ने खुद को एक मिशन बनाए रखा था, उसने व्यावसायिकता की चकाचौंध में बहुत तेजी से अपना 'कॉरपोरेटाइजेशन' कर लिया और खुद को 'मिशन' की बजाए खालिस 'प्रोफेशन' बना लिया। अब जब यह प्रोफेशन बना तो इसकी प्राथमिकताएं भी बदल गईं। 'जन' की जगह 'धन' साध्य बन गया। अधिक से अधिक मुनाफा कमाने के चक्कर में मीडिया प्रतिष्ठानों ने अपने तौर-तरीके पूरी तरह बदल लिए। 'कंटेंट' की बजाय उन्होंने 'आइटम' पर ज्यादा ध्यान देना शुरू कर दिया, ताकि रीडरशिप और टीआरपी में ज्यादा से ज्यादा ऊंचाई पर पहुंचा जा सके। जितनी ज्यादा ऊंचाई, उतना ज्यादा विज्ञापन राजस्व। उसमें भी भारी घालमेल। अधिकतर अखबार और टीवी चैनल, सामग्री की गुणवत्ता की बजाए आंकड़ों की बाजीगरी में अधिक भरोसा करने लगे। लेकिन, या तो उन्होंने इस पर ध्यान नहीं दिया, या फिर परवाह नहीं की, कि इस पूरे चक्र में वे समाज और लोगों का भरोसा खो रहे हैं।

अब स्थिति यह है कि मीडिया तो लगातार विस्तार कर रहा है, लेकिन लोगों में उसकी विश्वसनीयता लगातार कम हो रही है। आज मीडिया के बहुत सारे रूप हैं। मनोरंजन को छोड़ दीजिए, तो रेडियो ज्यादा लोग सुनते नहीं, टीवी देखते नहीं, अखबार पढ़ते नहींज अगर यह सब करते भी हैं, तो ये माध्यम उनके मन में कोई सकारात्मकता जगा पाने में सफल नहीं हो पाते। जबकि कालांतर में ऐसे असंख्य अवसर आए हैं, जब मीडिया ने अपने सामाजिक और लोकतांत्रिक दायित्वों का भली-भांति निर्वहन किया है। विश्वसनीयता के मामले में पत्रकारिता को दो वर्गों में बांटा जा सकता है। एक, 21 वीं सदी के आरंभ से पहले की पत्रकारिता और दूसरी इसके बाद की पत्रकारिता। पहले वर्ग में वह पत्रकारिता आती है जो समाज के लिए जयप्रकाश नारायण और विश्वनाथ प्रताप सिंह जैसे नायकों को मजबूती प्रदान करती थी, भ्रष्टाचार के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करती थी, जनहित के लिए सत्ता की नाक में दम किए रहती थी। दूसरी पत्रकारिता वर्ष 2000 से बाद की पत्रकारिता है, जिसमें सनसनी है, स्टिंग हैं, मीडिया ट्रायल हैं, टीआरपी है, प्रायोजित यात्राएं हैं, निहित स्वार्थ हैं। अगर कुछ नहीं है, तो समाज का विश्वास। अब कोई मीडिया की ओर नहीं देखता। लोग उससे कोई उम्मीद नहीं रखते, उस पर भरोसा नहीं करते। उनके लिए मीडिया पर प्रसारित सामग्री मनोरंजन की चीज बन चुकी है। हालांकि अखबार अभी इस स्थिति तक नहीं पहुंचे हैं, लेकिन धीरे-धीरे बढ़ इसी राह पर रहे हैं।

इसकी दूसरी वजह पिछले दस-पंद्रह सालों में वैकल्पिक मीडिया, या डिजिटल मीडिया, का दिनोंदिन फैलता फलक हो सकती है। वैकल्पिक मीडिया ने, आम लोगों को अपनी बात सामने रखने की ऐसी सहूलियत प्रदान की है, जिसने पारंपरिक संचार माध्यमों पर उनकी निर्भरता खत्म कर दी है। अब वे अपनी समस्याएं या चिंताएं लेकर अखबारों-टीवी चैनलों के चक्कर नहीं काटते, बल्कि फेसबुक या ट्विटर पर पोस्ट करते हैं। क्योंकि इनमें उन्हें भरोसा रहता है कि अब उनकी बात बिना किसी बाधा या समस्या के उन तमाम लोगों तक पहुंच जाएगी, जिन तक पहुंचनी चाहिए। तीसरी वजह, खुद वह समाज है जो मीडिया पर उसकी जिम्मेदारी ठीक से न निभाने का दोषारोपण तो करता है, लेकिन कभी किसी संकट के समय उसके साथ खड़ा नजर नहीं आता। 'रिपोर्टर विदआउट बॉर्डर्स' के मुताबिक वर्ष 2003 से 2022 तक, दो दशकों के दौरान दुनिया भर में 1668 पत्रकारों की हत्या हुई। यानि हर साल करीब 84 पत्रकार। इसके अलावा 'कमेटी टू प्रोटेक्ट जर्नलिस्ट्स' की 2022 की रिपोर्ट के मुताबिक इस साल एक दिसंबर तक 363 पत्रकारों को गिरफ्तार कर जेल में डाला गया। 'रिपोर्टर विदआउट बॉर्डर्स' की रिपोर्ट इनकी संख्या 533 बताती है। उनकी ताजा रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि दुनिया भर में पिछले साल 65 पत्रकारों और मीडियाकर्मियों को बंधक बनाकर रखा गया और 49 लापता हैं।

अब आप याद कीजिए कि क्या कहीं आपने किसी देश, शहर या समाज में लोगों को इस बात के लिए इकट्ठा होकर कोई सामाजिक आंदोलन या धरना प्रदर्शन करते देखा है कि अमुक पत्रकार को जेल से रिहा किया जाए, या अमुक पत्रकार के हत्यारों को गिरफ्तार किया जाए या अमुक पत्रकार, जिसका अर्से से कोई अता-पता नहीं है, उसका पता लगाया जाए। और तो और, जिन लोगों के हित के लिए पत्रकारों ने अपनी जान जोखिम में डाली है, समाज उनके परिवार की मदद के लिए भी कभी खड़ा नजर नहीं आता। वही समाज जो पानी न आने पर सड़कें जाम कर देता है, किसी सैनिक के शहीद होने पर श्रद्धांजलि यात्राएं निकालता है।

## वर्ग पहेली 5387

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | | ■ | 4 | ■ |
| 5 | | ■ | | ■ | 6 | | |
| | ■ | 7 | | 8 | | | ■ |
| 9 | 10 | | ■ | 11 | | ■ | 12 |
| ■ | 13 | | | ■ | 14 | 15 | |
| 16 | | ■ | ■ | 17 | | | ■ |
| 18 | | 19 | ■ | | ■ | 20 | 21 |
| 22 | | | | ■ | 23 | | |

संकेतः बाएं से दाएं
1. विश्व कप में हैट्रिक लेने वाले प्रथम भारतीय गेंदबाज (5)
5. संगीत में स्वर का विस्तार, समुद्र की तरंग, तानने की क्रिया, खिंचाव (2)
6. अनुमान, अंदाज, अटकल (3)
7. लक्ष्मी के पति होने के कारण पुराणानुसार भगवान विष्णु का एक नाम (5)
9. नीरोग, चंगा, तंदुरुस्त (3)
11. केशलता, बालों का वह गुच्छा जो गाल पर लटके (2)
13. अवसर की प्रतीक्षा में रहना, ध्यानपूर्वक देखना (3)
14. छेद करना, आहत करना (3)
16. पुराणानुसार महर्षि विश्वामित्र के पिता और कुशिक राजा के पुत्र (2)
17. जलता हुआ, प्रदीप्त, प्रकाशमान, पुरानी फिल्मों के दिवंगत संगीतकार (3)
18. य नामक वर्ण (3)
20. पंख, डैना, किंतु, परंतु (2)
22. हाथ जोड़कर (4)
23. बेटी की बेटी यह कहलाती है (3)

ऊपर से नीचे
1. सावधान करने के लिए कही जाने वाली बात, खतरे की पूर्व सूचना (4)
2. देह, काया, शरीर, बदन (2)
3. खुशबु, महक, सुगंध (3)
4. चंद्रवंश के पांचवे राजा जिनका विवाह दैत्यगुरू शुक्राचार्य की पुत्री देवयानी से हुआ था (3)
6. धोखा देने का भेष (5)
7. धतुरा स्वर्ण (3)
8. इंद्र धनुष के रंगों में से एक (2)
10. वोट देने की पात्रता (3)
12. अवाक, चुप, खामोश, चुप्पी (2)
15. धन-देव, धनवान व्यक्ति, मालदार (4)
16. गीत गाने या प्रस्तुत करने वाला (3)
17. उर्दू भाषा में व्रत को यह कहा जाता है (2)
19. प्रभु, परमेश्वर (पंजाबी) (2)
21. क्रिकेट में खिलाड़ियों का मापदंड (2)

### वर्ग पहेली 5386 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स | त्य | ना | रा | य | ण | सि | न्हा |
| त्य | ■ | ग | ज | र | ■ | वा | ■ |
| ना | लं | दा | ■ | थ | न | ■ | वि |
| रा | ब | ■ | मु | रा | द | ■ | ज |
| य | ■ | रा | ■ | ना | र | की | य |
| ण | ■ | ज | ज | ■ | ■ | र्ति | ■ |
| ■ | ■ | गु | ल | जा | र | ■ | ह |
| आ | ब | रू | ■ | वा | म | ह | स्ती |

# तपती गर्मी में 'मटके' का जल बहुत उपयोगी

(डॉ. रमेश ठाकुर)

मटके का पानी ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करता है, शरीर का बैड कोलेस्ट्रॉल कम करता है और ब्लड सर्कुलेशन नियंत्रित रखने में मदद करता है। मई-जून में गर्मी का सितम जब नॉनस्टॉप होता है तो लोगों को देसी मटके की याद अचानक से आनी शुरू हो जाती है।

आधुनिक चकाचौंध में टेक्नोलॉजी से लबरेज युग में देसी मटको का क्रेज आज भी बरकरार है। दूषित पानी के इस्तेमाल से बढ़ते मरीजों को जबसे चिकित्सकों ने मटके का पानी पीने की सलाह दी है, लोगों का रूझान अनायास घड़ों की ओर दौड़ा है। मिट्टी का ये आइटम न सिर्फ मन को भाता है, बल्कि चिलचिलाती गर्मी में सूखे गलों को भी तरबतर कर देता है। घडे का पानी पीने में तरावट आती है। गले में अलौकिक ठंड़क पड़ती है। क्योंकि घड़े के पानी में मिट्टी की सौंधी-सौंधी सुगंध जो आती है। घडे का पानी जमीन से तुरंत निकले ताजे पानी जैसा अहसास करवाता है। गर्मियों में जब घड़ों की डिमांड बढ़ती है तो कुम्हारों का व्यवसाय भी खूब फलने-फूलने लगता है। इस सीजन में उनकी आमदनी में अचानक से उछाल आता है। क्योंकि लोग बाजारों से लगातार मटके खरीदते हैं। इस समय मटको की कीमत दो सौ से लेकर हजार रुपए तक पहुंची हुई है। मटकों बढ़ती डिमांड को देखकर अब ऑनलाइन सेल्स कंपनियां भी कूद पड़ी हैं। वो कुम्हारों को ऑर्डर देकर मटके बनवाते हैं, फिर उच्च दामों में ऑनलाइन बेचते हैं।

मटके का पानी ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करता है, शरीर का बैड कोलेस्ट्रॉल कम करता है और ब्लड सर्कुलेशन नियंत्रित रखने में मदद करता है। मई-जून में गर्मी का सितम जब नॉनस्टॉप होता है तो लोगों को देसी मटके की याद अचानक से आनी शुरू हो जाती है। आधुनिक युग में शायद ही कोई घर ऐसा हो, जिनके यहां फ्रिज न हो लेकिन बावजूद इसके देसी मटको का क्रेज अपने जगह बरकरार है। एक प्रचलित कहावत है कि 'सोने की खोज में, हीरे को भूल गए। कुछ ऐसा ही हुआ, जब जमाने ने बदलाव के लिए करवट ली, तो जनमानस ने देसी परंपराओं के साथ प्राचीन धरोहर कही जाने वाली वस्तुओं से भी तौबा कर लिया। पर, वक्त का पहिया फिर बदला है। इसलिए लोग पुराने जमाने की ओर फिर से मुड़ने लगे हैं। मई आधी बीच चुकी है, पिछले सप्ताह से समूचे हिंदुस्तान में चिलचिलाती गर्मी ने कहर बरपा शुरू कर दिया है। फ्रिज का पानी आनंद नहीं दे रहा, इसलिए लोग मटको को पसंद कर रहे हैं। मटकों का पानी आज भी फ्रिज के मुकाबले ठंडा और स्वादिष्ट लगता है।

चंगे शरीर के लिए ताजा पानी लाभदायक होता है। इसलिए, देसी घड़े का पानी न सिर्फ स्वास्थ्य के लिए बल्कि हजामा दुरूस्त के लिए भी गुणकारी होता है। चिकित्सीय सर्वेक्षण बताते है कि सर्दियों के मुकाबले गर्मियों में मटके का ठंडा पानी शरीर के लिए बहुत उपयोगी होता है। क्योंकि मटके की दीवारें मिट्टी से सरंध्री होती हैं, जिससे पानी धीरे-धीरे रिसता है और बर्तन की सतह से वाष्पित होता है। इसका भीतरी वातावरण वाष्पीकरण ऊष्मा ठंड़क का उतार्जन करता है जिससे अंदर जमा पानी चंद मिनटों में ठंडा हो जाता है। दरअसल, वाष्पीकरण एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें पानी की तरलता से गैसीय अवस्था में बदलती है। जब पानी वाष्पित होता है, तो यह अपने आसपास की गर्मी को अवशोषित कर लेता है। बढ़ता तापमान मटके में मौजूद पानी को गर्मी से बचाता है। मटका मिट्टी से निर्मित होता है जिसमें सूक्ष्म छिद्र होते हैं, जो पानी को वाष्पित होने में मदद करते हैं। घडे की मिट्टी पानी को इन्सुलेटर करती है जिसके इस्तेमाल से शरीर हाइड्रेट रहता है और पाचन प्रक्रिया हमेशा दुरुस्त रहती है।

## आज का राशिफल

**मेष**

आज का दिन शुभ है और आज आपको हर मामले में जीवनसाथी का पूरा सपॉर्ट मिलेगा और आपके रुके कार्य पूर्ण होने से आपका मन काफी प्रसन्न रहेगा। आपके धन में वृद्धि होगी और ऑफिस में लोग हर मामले में आपकी मदद करेंगे। प्रमोशन की भी चर्चा सुनने में आ सकती है। घर के छोटे सदस्यों के साथ समय जरूर बिताएं।

**वृषभ**

आज आप पूरे उत्साह से जो भी काम करेंगे उसमें निश्चित रूप से कामयाबी मिलेगी। आपका भाग्य साथ देगा और आपको दोपहर के बाद कोई काम की बात पता लग सकती है। आपका मन खुश रहेगा और सभी कार्य बिना किसी बाधा के संपन्न हो जाएंगे।

**तुला**

आज आपके मन में संतुलन रहेगा। आपको सफलता प्राप्त होगी और आपके सभी कार्य बिना किसी बाधा के आराम से पूर्ण हो जाएंगे। ऑफिस में अपने स्टाफ और अपने सहयोगियों पर नजर रखें। अपने अच्छे बिहेवियर से उनका दिल जीतने में कामयाब होंगे और आपका भाग्य साथ देगा।

**वृश्चिक**

आज भाग्य का साथ मिलेगा और आपको नई योजनाओं पर काम करने में मजा आएगा। अपने आइडियाज को अमल में लाने का मौका मिलेगा। आपकी रुचि पॉलिटिक्स में बढेगी। किसी वजह से शाम के वक्त आपकी जेब ढीली हो सकती है।

**मिथुन**

आज का दिन सफलता से भरा होगा। फाइनेंस से जुड़े फैसले आज ले लें। आगे के दो तीन दिनों में आपके पास समय की कमी रहेगी, इसलिए फालतू के काम में दिमाग न लगाएं। घर में किसी शुभ कार्य की चर्चा हो सकती है। पुराना प्यार लौट सकता है।

**कर्क**

आज का दिन करियर के मामले में सफलता से भरा होगा। आज आपका दिन कोई पुराना रुका कार्य करने में बीतेगा। आपको किसी काम को पूरा करने में कामयाबी हासिल होगी। किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जाने का मन बना सकते हैं।

**धनु**

आज का दिन मिलाजुला रहेगा। आज आपको कुछ मामलों में काफी दौड़भाग करनी पड़ेगी। ऑफिस में आज आपको बहुत काम करना होगा और अधिक भागदौड़ के कारण आपकी सेहत भी बिगड़ सकती है। अपनी प्रतिभा पर भरोसा रखें और यह याद रखें कि कुछ कर दिखाने के लिए ज्यादा तामझाम की जरूरत न करें।

**मकर**

आज भाग्य का साथ मिलेगा और आपके दिन का अधिकांश हिस्सा मेहनत और भागदौड़ में बीतेगा। एक बार आप अपने कामों को एक के बाद एक निपटाने लगेंगे तो अन्त में काफी संतुष्टि मिलेगी। आज का दिन आपके लिए उपलब्धियों से भरा होगा।

**सिंह**

आज का दिन लाभ से भरा होगा और आपको दूसरों से प्रेरणा प्राप्त होगी। ऑफिस में कलीग्स आपके टीमवर्क के जज्बे को अच्छी तरह समझेंगे और आपकी हर मामले में मदद करेंगे और आपको भाग्य का साथ मिलेगा। काफी समय से चले आ रहे कानूनी विवाद और झगड़े आज खत्म होंगे।

**कन्या**

आज का दिन लाभ से भरा होगा और आज आपका मन काफी क्रिएटिव रहेगा। इधर उधर की बातों पर ध्यान देने की बजाए अपनी हॉबी को आगे बढ़ाने के बारे में सोचेंगे तो आपको फायदा होगा। आपको थोड़ा बहुत पैसा भी कमाने के चांस हैं।

**कुंभ**

आज अनुकूलता में बीतेगा। आज सुबह से ही आपको किसी शुभ समाचार का इंतजार रहेगा। आसपास की यात्रा करनी पड़ सकती है। नए लोगों से आपका मेलजोल बढ़ाना आपके लिए फायदेमंद होगा। आज आपको बिजनस में कोई नई डील करने को मिल सकती है। आपके धन में वृद्धि के योग हैं।

**मीन**

आज का दिन परेशानियों वाला होगा। सुबह आप जिन बातों को लेकर थोड़े परेशान रहेंगे, दोपहर में वही बातें आपको खुशी देंगी। ऑफिस में अपनी जगह बनाने के लिए सूझबूझ से काम लेना होगा। बुद्धि से जुड़े कामों के नजीते शाम तक मिलने लगेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### 20 साल पहले बांग्लादेश से प्रताड़ित होकर आए थे, अब सीएए के तहत मिली भारत की नागरिकता




**नईदिल्ली, एजेंसी।** 37 साल के देबीप्रसाद गेन अब भारत के नागरिक बन चुके हैं। वे करीब 20 वर्षों से भारत में रह रहे हैं, लेकिन बुधवार को केंद्र सरकार द्वारा पश्चिम बंगाल, हरियाणा और उत्तराखंड में नागरिकता (संशोधन) अधिनियम के तहत नागरिकता देने की शुरुआत करने के बाद वे नागरिक बन गए। उनके अलावा पश्चिम बंगाल में रह रहे आठ लोगों को भी केंद्र से नागरिकता के दस्तावेज मिले हैं। बांग्लादेश के खुलना में उत्पीड़न से बचने के लिए भारत भागे गेन ने कहा कि कागजात मिलने पर उन्हें ऐसा लगा जैसे उन्हें अपनी पहचान वापस सौंप दी गई हो। न्यूज18 ने अपनी एक रिपोर्ट में उनके हवाले से कहा, फजिस दिन हम बांग्लादेश में प्रताड़ित होने के बाद सीमा पार कर आए, हमें कुछ सुकून मिला। लेकिन अनिश्चितता बनी रही। आज जब मुझे डाक से नागरिकता कार्ड मिला तो मैं बहुत खुश हुआ। मुझे अपनी पहचान वापस मिल गई है।फ गेन के पास पहले से ही अपना वोटर आईडी कार्ड और आधार कार्ड था, लेकिन पासपोर्ट और इमिग्रेशन केंद्रों पर ये कागजात पर्याप्त नहीं थे। उन्होंने कहा, फहमें पासपोर्ट कार्यालय में अपमान का सामना करना पड़ा। लोगों के एक वर्ग ने हमसे कई तरह से जबरन वसूली भी की। अब मुझे खुशी है कि मेरे परिवार की आने वाली पीढ़ियां सुरक्षित रहेंगी। मैं मोदी जी और अमित शाह जी को धन्यवाद देना चाहता हूं।फ गेन ने कहा कि उन्होंने 15 दिन पहले नागरिकता के लिए ऑनलाइन आवेदन किया था। उन्होंने अपना आधार और वोटर आईडी विवरण और हिंदू होने का प्रमाण प्रस्तुत किया, जो कि उन्हें रामकृष्ण मिशन से मिला था। एक बार जब उन्होंने जानकारी अपलोड की तो उन्हें 27 मई को सत्यापन के लिए डाकघर बुलाया गया। उनके कागजात की जांच की गई और थोड़े इंतजार के बाद उन्हें डाक से अपना प्रमाण पत्र मिल गया। आपको बता दें कि सीएए को दिसंबर 2019 में लागू किया गया था। इसके जरिए 31 दिसंबर, 2014 को या उससे पहले भारत आए बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान से सताए गए हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाई प्रवासियों को भारत की नागरिकता प्रदान करने का प्रावधान है।

### सरकारी नौकरी में प्रमोशन अधिकार नहीं, संविधान ने भी तय नहीं किया है मानदंड : सुप्रीम कोर्ट

**नईदिल्ली, एजेंसी।** देश की सर्वोच्च अदालत ने सरकारी नौकरी में प्रमोशन को लेकर बड़ी बात कही है। कोर्ट ने कहा कि सरकारी कर्मचारियों को प्रमोशन देने के मानदंडों का संविधान में कहीं भी जिक्र नहीं है। कोर्ट ने कहा कि सरकार और कार्यपालिका प्रमोशन के मानदंडों को तय करने के लिए स्वतंत्र है। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, जस्टिस जे बी पारदीवाला और मनोज मिश्रा की पीठ ने अपने फैसले में कहा, फभारत में कोई भी सरकारी कर्मचारी प्रमोशन को अपना अधिकार नहीं मान सकता है, क्योंकि संविधान में इसके लिए कोई मानदंड निर्धारित नहीं किया गया है। अदालत ने अपने फैसले में कहा कि विधायिका या कार्यपालिका रोजगार की प्रकृति और उम्मीदवार से अपेक्षित कार्यों के आधार पर प्रमोशन के पदों पर रिक्तियों को भरने की विधि तय कर सकती है। कोर्ट ने आगे कहा कि न्यायपालिका यह तय करने के लिए समीक्षा नहीं कर सकती कि प्रमोशन के लिए अपनाई गई नीति सर्वश्रेष्ठ उम्मीदवारों के चयन के लिए उपयुक्त है या नहीं। आपको बता दें कि गुजरात में जिला न्यायाधीशों के चयन पर विवादों पर अपना फैसला सुनाते हुए पीठ ने ये बातें कही हैं। न्यायमूर्ति पारदीवाला ने फैसला लिखते हुए कहा, फहमेशा यह धारणा होती है कि लंबे समय से काम कर रहे कर्मचारियों ने संस्था के प्रति वफादारी दिखाई है और इसलिए वे अपने करियर में संस्था से भी इसी तरह के व्यवहार के हकदार हैं। उन्होंने आगे कहा कि पिछले कुछ वर्षों में सुप्रीम कोर्ट ने लगातार यह फैसला सुनाया है कि जहां योग्यता और वरिष्ठता के सिद्धांत पर प्रमोशन देना तय है, वहां योग्यता पर अधिक जोर दिया जाना चाहिए।

### पीएम मोदी के खिलाफ ध्रुव राठी का वीडियो शेयर करना पड़ा महंगा, वकील के खिलाफ एफआईआर

**मुंबई, एजेंसी।** लोकसभा चुनावों के पांचवें चरण के दौरान मशहूर यूट्यूबर ध्रुव राठी का पीएम नरेंद्र मोदी के खिलाफ बनाया गया वीडियो कथित तौर पर शेयर करना महाराष्ट्र के एक वकील को महंगा पड़ गया। मुंबई के मीरा भायंदर वासी विरार (एमबीवीवी) पुलिस स्टेशन में जयंत वालिंजकर नाम के एक वकील ने दूसरे वकील आदेश बनसोड़े के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाया है। वालिंजकर ने पुलिस को दिए अपने आवेदन में आरोप लगाया है कि बनसोडे ने राठी का वीडियो माइंड ऑफ डिक्टेटर शीर्षक से वसई कोर्ट बार एसोसिएशन के एक व्हाट्सएप ग्रुप पर शेयर किया था। ये दोनों उसी बार एसोसिएशन के सदस्य हैं। बार एंड बेंच की रिपोर्ट में कहा गया है कि वालिंजकर के आवेदन के मुताबिक बनसोडे ने कथित तौर पर 20 मई को इस वीडियो को इस संदेश के साथ शेयर किया था कि वोट डालने से पहले यह वीडियो जरूर देख लें।एमबीवीवी थाने की गोपनीय शाखा के हेड कांस्टेबल ने कहा कि राठी के वीडियो और बनसोडे के संदेश से मतदाताओं को प्रभावित करने की कोशिश की गई थी।

# मोदी-शाह ने रैलियों-रोड शो से मथा यूपी, प्रचार में योगी रहे सबसे आगे, 65 दिन में 159 रैलियां





**नईदिल्ली, एजेंसी।** प्रचार खत्म होने के साथ ही यूपी के आसमान में चार्टर विमानों और हैलीकॉप्टरों की गड़गड़ाहट भी थम गई। भाजपा में यूपी का चुनावी मोर्चा मुख्य रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संभाला। पीएम ने जहां इस दौरान 70 से अधिक लोकसभा क्षेत्रों को कवर किया, वहीं योगी हर सीट पर दो से तीन बार तक पहुंचे।

यूपी में मोदी की पहली रैली 2014 और 2019 की तरह मेरठ में हुई। जबकि आखिरी रैली उन्होंने 26 मई को देवरिया में की। यूपी में अपने 57 दिन के चुनावी अभियान के दौरान उन्होंने करीब 24 रैलियों, 5 रोड शो, कार्यकर्ता संवाद के जरिए 70 से अधिक लोकसभा क्षेत्रों को कवर किया। पीएम ने अयोध्या और वाराणसी में रोड शो करके सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के एजेंडे को धार दी। उन्होंने गाजियाबाद, बरेली और कानपुर में भी रोड शो किए। अपने लोकसभा क्षेत्र वाराणसी में कार्यकर्ता सम्मेलन, टिफिन बैठक और महिला सम्मेलन को भी संबोधित किया।

योगी ने 65 दिन में केवल यूपी में ही 159 रैलियां व रोड शो किए चुनाव प्रचार के मामले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सबसे आगे रहे। योगी की डिमांड यूपी की हर सीट के साथ ही देश के तमाम अन्य राज्यों में भी रही। उन्होंने 65 दिन में केवल यूपी में ही 159 रैलियां और रोड शो किए। जबकि इसी अवधि में उन्होंने बतौर स्टार प्रचारक देश के दर्जनभर राज्यों में 46 चुनावी रैलियां कर पार्टी प्रत्याशियों के पक्ष में माहौल बनाया। इनमें बिहार, उत्तराखंड, महाराष्ट्र, जम्मू, छत्तीसगढ़, दिल्ली, हरियाणा, ओडिशा, पंजाब, मध्य प्रदेश, राजस्थान, पश्चिम बंगाल के अलावा चंडीगढ़ शामिल है। योगी ने यूपी में अपने चुनावी अभियान का श्रीगणेश मथुरा में प्रबुद्ध सम्मेलन से किया। उसके बाद से वे लगातार चुनावी रैलियां और रोड शो करते रहे।

**अमित शाह ने तीस रैलियां कीं :** केंद्रीय गृह अमित शाह की बात करें तो 2014 और 2019 की तर्ज पर इस बार भी वे पश्चिम से पूरब तक यूपी को मथने में लगे रहे। उन्होंने यूपी में अपने चुनावी अभियान की शुरुआत तीन अप्रैल को पहले की तरह मुजफ्फरनगर से की थी। संगठनात्मक दृष्टि से छह क्षेत्रों में बंटे यूपी में शाह ने हर चरण में कोर टीम के साथ संगठनात्मक बैठकें कर चुनावी तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने प्रदेश में 30 से अधिक चुनावी रैलियों के साथ ही अमेठी और गाजीपुर में रोड शो भी किए। वहीं अंतिम दिनों में वाराणसी को केंद्र बनाकर शाह पूर्वांचल की सीटों को साधने के लिए डेरा डाले रहे।

भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने प्रदेश में कुल नौ चुनावी कार्यक्रमों में हिस्सेदारी की। भाजपा अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने करीब 110 चुनावी कार्यक्रमों में भागीदारी की। इनमें बूथ सम्मेलन, नामांकन सभाएं, संगठनात्मक बैठकों के अलावा प्रधानमंत्री, गृहमंत्री और भाजपा अध्यक्ष की रैलियां शामिल हैं। जबकि प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने प्रदेश की सभी 80 सीटों के लिए 100 से अधिक संगठनात्मक बैठकें कीं।

**खूब उड़े यूपी और दिल्ली के उड़नखटोले**

भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश इकाई द्वारा लोकसभा चुनाव के लिए दो चार्टर प्लेन और दो हैलीकॉप्टर बुक कराए गए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, दोनों उपमुख्यमंत्रियों केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक के अलावा जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी और महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह सहित कई अन्य प्रमुख नेताओं ने इनका प्रयोग चुनाव प्रचार के लिए किया। जबकि पीएम मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा दिल्ली से चार्टर विमानों से ही चुनावी दौरों के लिए पहुंचे।

## हर महीने 8000 रुपये का लालच, डाकखाने में खाता खुलवाने पहुंचीं हजारों महिलाएं



**बेंगलुरु, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव के दौरान राजनीतिक दलों ने एक से एक लोकलुभावन वादे किए हैं। वहीं लोगों के बीच कई तरह की अफवाहें भी फैल गई हैं। इसी बीच बेंगलुरु के जनरल पोस्ट ऑफिस पर इन दिनों महिलाओं की भीड़ देखी जा रही है। रोज इतनी महिलाएं नया खाता खुलवाने पहुंच रही हैं कि भीड़ को नियंत्रित करना मुश्किल हो गया। वहीं डाक विभाग को अतिरिक्त कर्मचारियों को तैनात करना पड़ गया। जानकारी के मुताबिक कुछ राजनेताओं ने वादा किया था कि वे महिलाओं के आईपीबी खाते में हर महीने 2 हजार रुपये जमा करवाएंगे। इसी बीच एक अफवाह फैली की डाकखाने की तरफ से महिलाओं के आईपीबी खाते पर 8 हजार रुपये भेजे जा रहे हैं। इसकी आखिरी तारीख भी सोमवार की बताई गई। इसके बाद पोस्ट ऑफिस में महिलाओं की भीड़ जुटनी शुरू हो गई।

डाक विभाग ने बताया कि लोगों का कहना है कि उन्हें वॉट्सऐप और लोकल न्यूज से जानकारी मिली है को उनके खातों में आठ हजार रुपये की राशि जमा करवाई जाएगी। डाक विभाग ने यह प्रक्रिया शुरू भी की है। जीपीओ के हेड पोस्टमास्टर के मुताबिक यह सूचना पूरी तरह से अफवाह है। लोगों को जागरूक करने के लिए पोस्ट ऑफिस के बाहर पोस्टर भी लगवाए गए हैं। इसके बावजूद भीड़ कम होने का नाम नहीं ले रही है। कई लोग अपने रिश्तेदारों के साथ जीपीओ पहुंच रहे हैं। डाक विभाग की ओर से स्पष्ट किया गया है कि पोस्ट ऑफिस ऐसी कोई योजना नहीं चला रहा है जीपीओ के एक अधिकारी के मुताबिक जहां रोजाना 100 से 200 खाते खले जा रहे थे वहीं अब एक व्यक्ति के पास ही 700 से 800 खाते खोलने का काम है।

## झ्रदेश में पहली बार मध्य रेलवे की एक अभिनव पहल, रेलवे कर्मचारियों को शॉकप्रूफ जूतों की सुरक्षा

**मुंबई, एजेंसी।** रेल कर्मचारियों को ओवरहेड तारों या भूमिगत बिजली लाइनों पर काम करते समय अपनी जान जोखिम में डालनी पड़ती है। कई बार बिजली के करंट के संपर्क में आने से रेल कर्मचारियों की करंट लगने से मौत भी हो चुकी है. इसलिए मध्य रेलवे ने अपने ट्रैक्शन डिस्ट्रीब्यूशन डिपार्टमेंट के कर्मचारियों के लिए विशेष बिजली रोधी जूते लाए हैं।

ये गम बूट जैसे जूते बिजली के झटके को रोकेंगे और श्रमिकों की जान बचाने में मदद करेंगे। लोकल ट्रेनें बिजली से चल रही हैं और इसके लिए पहले डीसी करंट का उपयोग किया जाता था। अब एसी करंट का प्रयोग हर जगह किया जाता है। ओवरहेड तारों के संपर्क में आने से मानव शरीर झुलस सकता है। क्योंकि ओवरहेड तार से 25 हजार वोल्ट दबाव वाली विद्युत धारा प्रवाहित होती है। इसलिए मध्य रेलवे ने अपने कर्मचारियों को काम करते समय बिजली के झटके से बचाने के लिए सुरक्षा उपाय के रूप में विशेष शॉकप्रूफ जूते लाए हैं। भारतीय रेलवे में पहली बार ट्रैक्शन डिस्ट्रीब्यूशन स्टाफ को ऐसे शॉकप्रूफ जूते उपलब्ध कराए गए हैं। इसमें विशेष तलवों वाले जूते पहनकर ओवरहेड उपकरण, बिजली आपूर्ति प्रतिष्ठानों, सबस्टेशन प्रतिष्ठानों और अन्य बड़े विद्युत कार्यों पर काम करने वाले कर्मचारी शामिल हैं।

# 80 दिन, 7 चरण, भीषण गर्मी का सितम, सदी का सबसे लंबा लोकसभा चुनाव 2024

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भीषण सियासी तथा आसमानी गर्मी वाला वर्तमान संसदीय चुनाव कुल 80 दिनों में चार जून को पूर्ण होगा। अंतिम चरण तक आते-आते यह आम लोगों के साथ-साथ नेताओं के लिए भी थकाऊ और बोझिल होने लगा है। हालांकि, लोकतंत्र का यह महापर्व पहली बार वोट करने वाले समेत तमाम मतदाताओं के लिए एक आवश्यक तथा अधिकारों के इस्तेमाल के लिए एक बेहतर तथा यादगार पल बनकर भी उभरा है।

सात चरणों में लोकसभा चुनाव को लेकर 80 दिनों के बीच नामांकन, नामांकन पत्रों की जांच, नामांकन पत्र की वापसी एवं मतदान सहित चुनाव प्रचार की प्रक्रियाएं पूरी की गयी। 16 मार्च को लोकसभा चुनाव की घोषणा हुई थी। अंतिम चरण का चुनाव प्रचार 30 मई को समाप्त हुआ और मतदान एक जून को होगा। सभी चरणों के मतगणना तथा चुनाव परिणामों की घोषणा के साथ 4 जून को चुनाव की प्रक्रिया पूर्ण होगी। कल यानी एक जून को आखिरी और सातवें चरण का मतदान है।

चुनाव की घोषणा के बाद से ही राज्य सरकार की पूरी मशीनरी चुनाव कार्य में लगी रही। प्रमुख विभागों में काम की गति मंथर हो गई। अधिकारियों एवं कर्मियों को चरणबद्ध प्रशिक्षण व अन्य कार्यों में लगा दिया गया। अर्धसैनिक बलों सहित पूरा पुलिस महकमा चुनाव से जुड़ी कार्रवाई में जुट गया। केंद्रीय बलों के आवासन आदि इंतजाम किए गए। कोषांगों का गठन कर चुनाव से जुड़े कार्यों को पूरा किया गया। इसके पूर्व 2019 में 73 दिनों में लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया पूरी हुई थी। इस वर्ष भी बिहार में सात चरणों में चुनाव हुआ था। 2019 में 11 मार्च को चुनाव की घोषणा हुई थी। चार सीटों पर 11 अप्रैल को, पांच-पांच सीटों पर 18 अप्रैल, 23 अप्रैल, 29 अप्रैल व 6 मई और 8-8 सीटों पर 12 मई तथा 19 मई को मतदान हुआ था। 23 मई को मतगणना हुई थी। देश में सबसे लंबी चुनाव प्रक्रिया पहला लोकसभा चुनाव की रही थी। देश में पहली लोकसभा गठन के लिए 1 नवंबर, 1951 को पहली अधिसूचना जारी की गयी थी। 29 नवंबर तक विभिन्न तिथियों में अधिसूचना जारी की गयी। मतदान दो से 25 जनवरी 1952 के बीच 17 चरणों में हुआ था। अपवादस्वरूप पंजाब, बिलासपुर, कोचिन एवं त्रावणकोर में अक्टूबर 1951 तथा हिमाचल प्रदेश के लिए 10 सितंबर 1951 को ही अधिसूचना जारी कर दी गयी थी। पर्वतीय क्षेत्रों में बर्फबारी के कारण पहले ही चुनावी प्रक्रिया पूरी की गयी थी। 2009 में 74 दिनों में चुनाव प्रक्रियाएं पूरी की गयी थी। बिहार में चार चरणों में चुनाव हुआ था। 2004 में 73 दिनों में चुनाव प्रक्रियाएं पूरी हुई थी। 29 फरवरी को चुनाव की घोषणा हुई थी। 13 मई को मतगणना के साथ प्रकियाएं पूरी की गयी थी। बिहार में तीन चरणों में चुनाव हुआ था। इसके पहले 2014 में 71 दिनों में चुनावी प्रक्रिया पूरी की गयी थी। चुनाव 7 अप्रैल से 12 मई के बीच हुए थे। मतदान प्रकिया 7 अप्रैल से 12 मई तक हुआ। 16 मई को मतगणना के साथ ही चुनाव प्रक्रिया पूरी हो गयी। बिहार में छह चरण में जबकि देश भर में 9 चरणों में संसदीय चुनाव हुआ था। चुनाव आयोग ने मतदान बढ़ाने और मतदाताओं की सुविधा के लिए कई नई पहल की। मतदाता सूची में संशोधन व नये नाम शामिल किये। पहले मतदान, फिर जलपान के संदेश दिया। छाया की व्यवस्था बूथों को चिन्हित कर शामियाना लगाया गया। बैठने व पेयजल के इंतजाम किये। आपात स्थिति से निबटने को मेडिकल किट की व्यवस्था। व्हील-चेयर एवं स्वयंसेवक बूथों पर दिव्यांगों, वरिष्ठ मतदाताओं, गर्भवती के लिए व्हील-चेयर एवं मतदाताओं के सहयोग के लिए स्वयंसेवकों की तैनाती की गयी। प्रत्येक मतदान केंद्र में मतदान सहायता डेस्क बनाया गया।

## प्रदेश से हो रहा नक्सलियों का सफाया, गृहमंत्री बोले- साय सरकार में मारे गए 122 माओवादी



**रायपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ में नक्सली मामले को लेकर प्रदेश के गृहमंत्री विजय शर्मा ने बताया है कि बीजेपी सरकार बनने के बाद पुलिस एनकाउंटर में 122 नक्सली मारे गए हैं। 415 नक्लसियों ने आत्मसमर्पण और 423 गिरफ्तार हुए हैं। डिप्टी सीएम शर्मा ने कहा कि मैं उस दिन के इंतजार में हूं, जिस दिन आत्मसमर्पण की संख्या गिरफ्तारियों से ज्यादा। उन्होंने यह भी कहा है कि आत्मसमर्पण और पुनर्वास के माध्यम से नक्सल समस्या का समाधान होना चाहिए।

गृहमंत्री विजय शर्मा को उस शुभ दिन का इंतजार है, जब सबसे ज्यादा नक्सली सरेंडर करें। यह बात उन्होंने मीडिया से चर्चा के दौरान कही। उन्होंने कहा कि, नई सरकार बनने के बाद पुलिस एनकाउंटर में 122 नक्सली मारे गए हैं। 415 नक्लसियों ने आत्मसमर्पण और 423 गिरफ्तार हुए हैं। डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने कहा कि, मैं उस शुभ दिन की प्रतीक्षा में हूं। जिस दिन आत्मसमर्पण की संख्या गिरफ्तारियों से ज्यादा होगीआत्मसमर्पण और पुनर्वास के माध्यम से नक्सल समस्या का समाधान होना चाहिए। शर्मा ने दावा किया है कि 257 प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की सड़कें, जिसे कांग्रेस सरकार ने बनाने का प्रयास तक नहीं किया। हमने उसमें से 11 सड़कों का काम पिछले चार महीने में पूरा कर किया है। इसके बाद 85 सड़कें और हैं, जिन्हें चुना गया है। 85 में से 40 सड़कों का निर्माण शुरू हो गया है। डिप्टी सीएम ने कहा नक्सलियों के पूर्नवास पर सरकार तेजी से काम कर रही है। सरेंडर नक्सलियों के लिए आगे क्या बेहतर हो इस पर काम हो रहा है। कोई और नया नक्सली ना बने इस बात की चिंता सरकार कर रही है। सरेंडर करने वालों के आवास कैसे होंगे, नक्सल पीड़ित परिवार भी हैं। इतने लोगों को मौत के घाट नक्सलियों उतारा उनके परिवारों का चिंतन किया जा रहा है। उन परिवारों को भी लेकर के उनके वेलफेयर के लिए योजना बना रहे हैं। गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा था कि, जो नक्सली मुख्य धारा से भटक चुके हैं। हाथों में हथियार थाम लिया है, वे मुख्यधारा में लौट आएं। हम नई समर्पण नीति, पुनर्वास नीति के तहत काम करना चाहते हैं। नक्सलियों की पुनर्वास नीति के सुझाव के लिए हमने हमने एक गूगल फॉर्म तैयार किया है। जिसमें 2 क्यूआर कोड हैं। एक ईमेल आईडी का है और दूसरा गूगल फॉर्म का है। समर्पण नीति को लेकर यदि सुझाव देना चाहते हैं तो इन दोनों कोड में स्कैन कर दे सकते हैं। सरकार विचार कर बेहतर काम करने की कोशिश करेगी।

## दिल्ली में पानी की किल्लत पर केजरीवाल ने तोड़ी चुप्पी, कहा- बीजेपी वाले दिलवा दें



**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली में पिछले कई दिनों चल रहे जल संकट पर अपनी चुप्पी तोड़ी है। मुख्यमंत्री ने भीषण गर्मी में डिमांड ज्यादा और सप्लाई में कमी को जिम्मेदार बताया है। अरविंद केजरीवाल ने भाजपा से राजनीति ना करने की अपील करते हुए कहा है कि हरियाणा और यूपी सरकार से पानी दिलवा दें।

इसके साथ ही उन्होंने बिजली को लेकर अपनी सरकार की पीठ थपथपाई और कहा कि पीक डिमांड के बावजूद भी स्थिति कंट्रोल में है। चुनाव प्रचार के लिए 21 दिनों की अंतरिम जमानत पर जेल से निकले अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार सुबह सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म एक्स पर मौजूदा संकट को लेकर अपनी बात रखी। पानी की किल्लत से पहले उन्होंने बिजली की बात की और बताया कि उनकी सरकार ने रिकॉर्ड डिमांड के बाद भी स्थिति को काबू में रखा है। केजरीवाल ने कहा, इस बार पूरे देश में अभूतपूर्व गर्मी पड़ रही है जिसकी वजह से देश भर में पानी और बिजली का संकट हो गया है। पिछले वर्ष, दिल्ली में बिजली की पीक डिमांड 7438 एमडब्ल्यू थी। इसके मुकाबले इस साल पीक डिमांड 8302 एमडब्ल्यू तक पहुंच गई है। पर इसके बावजूद दिल्ली में बिजली की स्थिति नियंत्रण में है, अन्य राज्यों की तरह पॉवर कट नहीं लग रहे। केजरीवाल ने आरोप लगाया कि पड़ोसी राज्यों ने दिल्ली की पानी में कमी कर दी है। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी में पानी की डिमांड बहुत बढ़ गई है और जो पानी दिल्ली को पड़ोसी राज्यों से मिलता था, उसमे भी कमी कर दी गई है। यानी डिमांड बहुत बढ़ गई और सप्लाई कम हो गई। केजरीवाल ने भाजपा की ओर स किए जा रहे धरने-प्रदर्शन का जिक्र करते हुए कहा कि इससे समस्या का समाधान नहीं निकलेगा। केजरीवाल ने आगे कहा, मेरी सभी से हाथ जोड़ कर विनती है कि इस वक्त राजनीति करने की बजाय, आइये मिलकर दिल्ली के लोगों को राहत दिलवाएं। यदि बीजेपी हरियाणा और यूपी की अपनी सरकारों से बात करके एक महीने के लिए दिल्ली को कुछ पानी दिलवा दें तो दिल्ली वाले बीजेपी के इस कदम की खूब सराहना करेंगे।

# एलजी वीके सक्सेना के वकील ने कोर्ट से की मेधा पाटकर के लिए अधिकतम सजा की मांग





**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना की मानहानि के मामले दिल्ली की साकेत कोर्ट में गुरुवार को सामाजिक कार्यकर्ता मेधा पाटकर की सजा पर दलीलें पूरी हो गईं। इस दौरान सक्सेना के वकील ने पाटकर के लिए अधिकतम सजा की मांग करते हुए कहा कि एक मिसाल पेश होनी चाहिए। एलजी सक्सेना ने यह केस तब दर्ज कराया था, जब वे गुजरात में एक गैर सरकारी संगठन के प्रमुख थे।

मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट राघव शर्मा ने इस मामले में 24 मई को पाटकर को भारतीय दंड संहिता के तहत आपराधिक मानहानि का दोषी ठहराया था। शर्मा ने इस मामले में दिल्ली विधिक सेवा प्राधिकरण से पीड़ित प्रभाव रिपोर्ट भी मांगी है। यह रिपोर्ट किसी आरोपी के दोषी ठहराए जाने के बाद पीड़ित को हुए नुकसान का आकलन करने के लिए तैयार की जाती है। इस मामले में आगे की कार्यवाही 7 जून को होगी।

**सक्सेना के वकील ने अधिकतम सजा की मांग की :** गुरुवार की कार्यवाही में बहस के दौरान सक्सेना के वकील ने पाटकर के लिए अधिकतम सजा की मांग करते हुए कहा कि एक उदाहरण स्थापित करने की जरूरत है। इस अपराध के लिए अधिकतम दो साल तक की साधारण कैद या जुर्माना या दोनों की सजा हो सकती है। सक्सेना के वकील ने कोर्ट से कहा कि पाटकर ने साल 2006 में एक ही तरह का अपराध दो बार किया था, साथ ही उन्होंने कोर्ट को बताया कि उस मामले में भी वर्तमान उपराज्यपाल द्वारा दायर एक अन्य मानहानि का मामला भी इसी अदालत में लंबित है। सक्सेना के वकील ने कहा कि कानून की अवहेलना करने का उनका पिछला रिकॉर्ड रहा है, ऐसे में कार्यकर्ता के खिलाफ परिस्थितियां गंभीर हैं। जवाब में पाटकर के वकील ने कहा कि बिल्कुल भी गंभीर परिस्थितियां नहीं हैं और न ही वह आदतन अपराधी हैं। वकील ने कहा कि पाटकर की उम्र 70 साल है और वह कई बीमारियों से पीड़ित भी हैं। इसके बाद कुछ मेडिकल रिकॉर्ड जमा करते हुए पाटकर के वकील ने कहा कि वे 28 राष्ट्रीय पुरस्कार और पांच अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार से भी सम्मानित हो चुकी हैं, जिनमें द राइट लाइवलीहुड अवॉर्ड भी शामिल है, जिसे व्यापक रूप से नोबेल पुरस्कार का विकल्प माना जाता है। आगे उन्होंने कहा, ऐसे में मैं न्यायालय से इन सब बातों पर भी विचार करने का आग्रह करूंगा। बता दें कि पाटकर और सक्सेना के बीच सन् 2000 से ही यह कानूनी लड़ाई चल रही है, जब पाटकर ने अपने और नर्मदा बचाओ आंदोलन (एनबीए) के खिलाफ विज्ञापन प्रकाशित करने के लिए सक्सेना के विरुद्ध एक वाद दायर किया था। वहीं सक्सेना ने एक टीवी चैनल पर उनके (सक्सेना) खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने और प्रेस को मानहानिकारक बयान जारी करने के लिए भी पाटकर के खिलाफ दो मामले दायर किए थे। अदालत ने इस मामले में 24 मई को पाटकर को दोषी करार देते हुए कहा कि पाटकर ने सक्सेना को कायर बताया था और देशभक्त नहीं होने की बात कही थी, साथ ही हवाला लेन-देन में भी उनकी संलिप्तता का आरोप लगाया था।

# यशस्वी जायसवाल ने लगाई आईसीसी रैंकिंग में जोरदार छलांग

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईसीसी मेन्स टी20 वर्ल्ड कप 2024 की शुरुआत में अब काफी कम समय बचा हुआ है. आगामी टी20 वर्ल्ड कप 2 जून से लेकर 29 जून तक यूएसए और वेस्टइंडीज में खेला जाना है. टी20 वर्ल्ड कप में भारतीय टीम की कप्तानी रोहित शर्मा करेंगे. वहीं हार्दिक पंड्या के कंधों पर उप-कप्तानी की जिम्मेदारी होगी.

## धांसू फॉर्म में है वेस्टइंडीज की टीम

टी20 वर्ल्ड कप से पहले कुछ टीमों की किस्मत में भी बदलाव देखने को मिला है, खास तौर पर सह-मेजबान वेस्टइंडीज. यह टीम साल 2022 के टी20 वर्ल्ड कप में आयरलैंड और स्कॉटलैंड से हारकर पहले दौर में बाहर हो गई थी. लेकिन अब शानदार खेल दिखा रही है. वेस्टइंडीज की टीम द्विपक्षीय सीरीज में गत चैम्पियन इंग्लैंड, भारत और साउथ अफ्रीका को पराजित कर चुकी है. इंग्लैंड की टीम ने भी कई उतार-चढ़ाव देखे हैं. साल 2022 में टी20 ट्रॉफी उठाने के बाद से जोस बटलर की अगुवाई वाली टीम ने पांच टी20 जीते हैं और उसे आठ मैचों में हार मिली है.



## यशस्वी ने रैंकिंग में लगाई जबरदस्त छलांग

जहां शानदार प्रदर्शन के दम पर वेस्टइंडीज की टीम टी20 रैंकिंग में चौथे स्थान पर पहुंच गई है. वहीं भारतीय टीम टी20 रैंकिंग में टॉप पर बरकरार है. कुछ खिलाड़ियों की टी20 रैंकिंग में गजब का सुधार देखने को मिला है. इसमें भारतीय टीम के धुरंधर ओपनर यशस्वी जायसवाल का भी नाम शामिल है. जायसवाल पिछले टी20 वर्ल्ड कप (2022) में भारतीय टीम का हिस्सा भी नहीं थे. बता दें कि जायसवाल ने अगस्त 2023 में अपना टी20 इंटरनेशनल डेब्यू किया था. अब जायसवाल सूर्यकुमार यादव के बाद टी20 रैंकिंग में भारत के दूसरे सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज हैं. सूर्यकुमार यादव रैंकिंग में पहले नंबर पर हैं, वहीं यशस्वी छठे स्थान पर हैं. यशस्वी ने अब तक 17 टी20 इंटरनेशनल मैचों में 161.93 की स्ट्राइक-रेट से 502 रन बनाए हैं.

ऑस्ट्रेलिया ओपनर ट्रेविस हेड की लोकप्रियता आसमान छू रही है. बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज की नवंबर 2022 में टी20 रैंकिंग 587 थी. हेड फिलहाल 16वें स्थान पर आ चुके हैं. इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट ने भी इस प्रारूप में शानदार प्रदर्शन किया है और रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं. 2022 के विश्व कप के बाद से साल्ट ने नौ टी20 मैचों में 407 रन बनाए हैं, जिसमें दो शतक शामिल रहे. वेस्टइंडीज के जॉनसन चार्ल्स और ऑस्ट्रेलिया के टिम डेविड की भी बल्लेबाजी रैंकिंग में उल्लेखनीय सुधार हुआ.

टी20 की बल्लेबाजी रैंकिंग के टॉप-50 में भारतीय खिलाड़ी रिंकू सिंह भी शामिल हैं, जो टी20 वर्ल्ड कप के लिए बतौर रिजर्व खिलाड़ी चुने गए हैं. रिंकू ने अगस्त 2023 में अपना टी20 इंटरनेशनल डेब्यू किया था. रिंकू ने 15 टी20 इंटरनेशनल मैचों में 176.23 की स्ट्राइक-रेट और 89 की औसत से 356 रन बनाए हैं. रिंकू टी20 की बल्लेबाजी रैंकिंग में फिलहाल 32वें स्थान पर हैं.

नीदरलैंड्स के युवा ओपनर माइक लेविट ने भी अपनी छाप छोड़ी है और फिलहाल टी20 रैंकिंग में 38वें स्थान पर हैं. लेविट ने नीदरलैंड के लिए अपने दूसरे टी20 मैच में ही धमाल मचा दिया था. तब लेविट ने नामीबिया के खिलाफ 62 गेंदों पर 135 रन बना दिए थे. लेविट ने आठ टी20 पारियों में 349 रन बनाए हैं.

# टी20 विश्व कप से पहले हार्दिक पांड्या के लिए दोहरी मुसीबत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2024 में खराब फॉर्म और अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर भारतीय क्रिकेटर हार्दिक पांड्या सुर्खियों में बने हुए हैं। हालांकि, वो इन सबके बीच नेशनल ड्यूटी यानी टी20 विश्व कप 2024 के लिए अमेरिका में टीम इंडिया के साथ जुड़ चुके हैं। एक समय ऐसा आया था कि हार्दिक पांड्या का करियर खत्म होता नजर आ रहा था। चोटों और खराब फॉर्म से जूझ रहे हार्दिक पांड्या के लिए साल 2020-21 काफी खराब रहे। इस दौरान उनकी पीठ की सर्जरी भी हुई। हालांकि, उनका कभी हार न मानने और बेखौफ रवैया उनके डूबते करियर में एक नया सवेरा लाया। पीठ की चोट की सर्जरी और खराब फॉर्म के कारण कुछ चुनौतीपूर्ण वर्षों के बाद, आखिरकार साल 2022 वह साल बन गया जब हार्दिक पांड्या भारत के जाने-माने ऑलराउंडर के रूप में वापस आए, खासकर टी20 फॉर्मेट में उन्होंने अपनी खोई पहचान हासिल की।

मगर, अब एक बार फिर टी20 विश्व कप 2024 की दौड़ में हार्दिक पांड्या पर दबाव बढ़ता जा रहा है, क्योंकि हाल ही में आईपीएल 2024 में बतौर कप्तान मुंबई इंडियंस में उनकी वापसी बुरी तरह फेल रही। हैरान करने वाली बात तो यह है कि न तो उनका बल्ला चला और ना हीं गेंदबाजी, वहीं कप्तानी में भी उनका हाल-बेहाल था। इस वक्त भारत न्यूयॉर्क में होने वाले इस महाकुंभ के लिए तैयारी कर रहा है, तो निस्संदेह सभी की निगाहें हार्दिक पांड्या पर होंगी। भारतीय चयनकर्ताओं ने खराब दौर के बावजूद हार्दिक पांड्या को टीम इंडिया में मौका दिया है, साथ ही उप-कप्तान भी बनाया है, ऐसे में हार्दिक पर मेगा-इवेंट में काफी प्रेशर होने वाला है। अपनी फॉर्म और आईपीएल टीम में फेरबदल के कारण पहले ही क्रिकेट फैंस की आलोचना झेल रहे हार्दिक की मुश्किलें तब और बढ़ गई जब से उनकी वाइफ नताशा से तलाक की खबरें सामने आ रही हैं।

या यूं कह लीजिए हार्दिक पर दोहरी मुसीबत आ गई है। एक तरफ उनका करियर डूब रहा है, तो दूसरी तरफ उनकी पर्सनल लाइफ और परिवार टूटता नजर आ रहा है। नताशा स्टेनकोविक के साथ उनके रिश्ते के खत्म होने की अफवाहों ने पांड्या की परेशानी और बढ़ा दी है। आईपीएल 2015 में मुंबई इंडियंस के लिए अपने प्रदर्शन के ज़रिए सुर्खियों में आने वाले हार्दिक पांड्या इन दिनों फैंस के निशाने पर हैं। उम्मीद है कि हार्दिक पांड्या विश्व कप के आगाज से पहले फॉर्म में लौट आएं, क्योंकि उनका अच्छा प्रदर्शन टीम इंडिया के लिए बोनस पॉइंट बन सकता है।





### टी-20 वर्ल्ड कप 2024 से पहले

# विराट का बड़ा बयान

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय टीम रोहित शर्मा की कप्तानी में वेस्टइंडीज और अमेरिका की संयुक्त मेजबानी में होने वाले आगामी टी20 वर्ल्ड कप के 9वें एडिशन में हिस्सा लेने के लिए यूएस पहुंच गई है। इस बार सभी फैंस को टीम इंडिया से काफी उम्मीदें हैं, जिसमें मेगा इवेंट में उन्हें अपना पहला मुकाबला 5 जून को आयरलैंड की टीम के खिलाफ खेलना है।

विराट कोहली जिनके इंटरनेशनल करियर का ये आखिरी टी20 वर्ल्ड कप हो सकता है वह भी इस मेगा टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के लिए अमेरिका रवाना हो गए हैं। वहीं इस टूर्नामेंट को लेकर कोहली ने अपने एक बयान में कहा कि है कि भारतीय टीम जहां पर भी खेलती है वहां पर हमेशा उनसे जीतने की उम्मीद की जाती है और ये हमेशा रहने वाली भी है।

## भारत में क्रिकेट बिल्कुल एक अलग नजरिए से देखा जाता है

विराट कोहली ने जारी किए गए टी20 वर्ल्ड कप को लेकर एक वीडियो में कहा कि उम्मीदें तो हमेशा रहने वाली हैं, भारत जहां पर भी खेलेगा। मैं ये नहीं कहूंगा कि लोगों को हमसे उम्मीदें नहीं रखनी चाहिए। भारत में क्रिकेट बिल्कुल अलग नजरिए से देखा जाता है, जो हमारी एक ताकत भी है। यदि हम इस पर अधिक ध्यान देंगे तो ये हमारी एक बड़ी कमजोरी भी बन सकता है। मुझे लगता है कि हमें इसे अपनी एक ताकत के रूप में देखना चाहिए और इससे प्रेरणा लेनी चाहिए कि हमारा समर्थन करने के लिए और हमें लगातार बेहतर खेलने का मोटिवेशन देने के लिए काफी सारे फैंस हमारे पीछे हैं।

## हमारे पास इस बार वर्ल्ड कप जीतने का सुनहरा मौका

टी20 वर्ल्ड कप 2024 में भारतीय टीम की कप्तानी की जिम्मेदारी संभाल रहे रोहित शर्मा ने भी इस वीडियो में कहा कि हमने साल 2007 में खेले गए इस फॉर्मेट के पहले वर्ल्ड कप को अपने नाम किया था और उसके बाद से हमने बेहतर तो किया लेकिन दूसरी बार ट्रॉफी अब तक जीतने में कामयाब नहीं हुए हैं। मुझे लगता है कि हमारे पास इस बार टी20 वर्ल्ड कप को जीतने का एक अच्छा मौका है। बता दें कि भारतीय टीम को ग्रुप-ए में अपने शुरुआती सभी मैच अमेरिका में खेलने हैं, जिसमें से पहले 3 मुकाबले टीम न्यूयॉर्क के मैदान पर खेलेगी।

### सिंगापुर ओपन

# ट्रीसा , गायत्री क्वार्टरफाइनल में

## सिंधु, प्रणय बाहर



**सिंगापुर, एजेंसी।** भारत की गायत्री गोपीचंद और ट्रीसा जोली की जोड़ी ने सिंगापुर ओपन बीडब्लूएफ सुपर 750 सीरीज टूर्नामेंट के महिला युगल के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश कर लिया है जबकि पीवी सिंधु और एच एस प्रणय को गुरूवार को हारकर बाहर हो जाना पड़ा। भारतीय महिला जोड़ी ने विश्व की दूसरे नंबर की कोरियाई जोड़ी बेक ना हा और ली सो ही को 16वें राउंड के एक कड़े मुकाबले में 21-9, 14-21, 21-15 से हराया। मैच करीब एक घंटे तक चला। शुक्रवार को क्वार्टर फाइनल में उनका सामना किम सो येओंग और कोंग ही योंग की विश्व नंबर 6 कोरियाई जोड़ी से होगा। इससे पहले दो बार की ओलंपिक पदक विजेता भारत की पीवी सिंधु का सिंगापुर ओपन में अभियान पुरानी प्रतिद्वंद्वी स्पेन की कैरोलिना मारिन से दूसरे दौर में हार के साथ समाप्त हो गया। विश्व में 12वें नंबर की खिलाड़ी सिंधु को टूर्नामेंट में दूसरे दौर में कड़े संघर्ष में 21-13, 11-21, 20-22 से हार का सामना करना पड़ा। इससे पहले भारतीय खिलाड़ी ने विश्व की 21वें नंबर की खिलाड़ी डेनमार्क की लाइन होजमार्क कजेर्सफेल्ट को पहले राउंड में 21-12, 22-20 से हराकर पूर्व ओलंपिक चैंपियन मारिन से भिड़ने का अधिकार पाया था।

सिंधु और मारिन ने 2016 के रियो ओलंपिक के फ़ाइनल में एक-दूसरे का आमना-सामना किया था जिसमें मारिन विजेता रही थीं। गुरूवार की इस जीत के साथ मारिन ने सिंधु के खिलाफ अपना रिकॉर्ड 12-5 कर लिया है। पुरुष एकल में प्रणय को जापान के केंटा निशिमोटो में तीन गेमों के कड़े मुकाबले में 21-13, 14-21, 21-15 से हराया। सिंगापुर ओपन में अब ट्रीसा और गायत्री ही भारतीयों के रूप में बचे हैं।

# आर्थिक तंगी से टूट जाएगा ओलंपिक मेडल का सपना?

### ● गुरविंदरवीर जैसे एथलीट्स को क्यों मदद की जरूरत

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत ने अब तक ओलंपिक खेलों में एथलेटिक्स के ट्रैक इवेंट्स में मेडल हासिल नहीं किया है। भारत में कई प्रतिभाशाली एथलीट्स हैं जो इस मेडल के सूखे को खत्म करना चाहते हैं। इनमें से कुछ ऐसे हैं जिनके अंदर प्रतिभा तो है लेकिन एक वर्ल्ड चैंपियन बनने वाली बाकी चीजे नहीं।

आज के समय में अगर हम किसी भी वर्ल्ड चैंपियन खिलाड़ी को देखें तो उनके पीछे एक पूरी टीम की मेहनत है। इस टीम में फिजियो, थेरेपिस्ट, मेंटल कंडीशनिंग कोच, ट्रेनर और न्यूट्रिशनिस्ट जैसे कई लोग होते हैं। भारत में एक आम और गरीब पृष्ठभूमि से आने वाले खिलाड़ियों के लिए यह सब सपना है। एक ऐसा सपना जो स्पॉन्सरशिप और सरकार के साथ के कारण पूरा हो सकता है।



पंजाब के गुरविंदरवीर सिंह भी उन्हीं खिलाड़ियों में शामिल जिनकी प्रतिभा को स्पॉन्सरशिप की दरकार है। हाल ही में हुए फेडरेशन कप में 100 मीटर में गोल्ड जीतने वाले गुरविंदरवीर ने अब तक बिना किसी स्पॉन्सर और सरकारी मदद के सफलता हासिल की है लेकिन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का झंडा बुलंद करने के लिए उन्हें अब मदद की दरकार है। ऐसा न होने से वह भी गुमनामी के उस अंधेरे में गुम हो जाएंगे जहां जाकर न जाने देश की मेडल की कितनी उम्मीदें खो गई हैं।

## अच्छी डाइट

गुरविंदरवीर ने बातचीत में बताया था कि उनके लिए अच्छी डाइट लेना मुश्किल काम है। एथलीट्स को जिन चीजों की जरूरत है उसका खर्च वह नहीं उठा सकते। स्पॉन्सर मिलने पर गुरविंदरवीर की यह परेशानी दूर हो जाएगी। उन्हें न सिर्फ एक अच्छा न्यूट्रिशनिस्ट से डाइट मिलेगी बल्कि डाइट में शामिल चीजों पर खर्च करने की उनकी चिंता भी दूर हो जाएगी।

## ज्यादा से ज्यादा टूर्नामेंट्स में ले पाएंगे हिस्सा

गुरविंदरवीर के मुताबिक एक एथलीट के प्रदर्शन में सुधार के लिए यह काफी जरूरी है ज्यादा से ज्यादा टूर्नामेंट में हिस्सा लें। गुरविंदरवीर के लिए परेशानी यह है कि पैसों की कमी के कारण वह केवल भारत में होने वाले टूर्नामेंट्स में हिस्सा लेने के लिए मजबूर हैं। उनके मुताबिक स्पॉन्सरशिप मिलने से वह देश के बाहर होने वाले टूर्नामेंट्स में हिस्सा ले पाएंगे।

# अजारेंका को हराकर मीरा एंड्रीवा तीसरे दौर में

**पेरिस, एजेंसी।** उभरती युवा खिलाड़ी मीरा एंड्रीवा ने सनसनीखेज प्रदर्शन करते हुए पूर्व विश्व नंबर एक विक्टोरिया अजारेंका को गुरूवार को देर रात के मुकाबले में 6-3, 3-6, 7-5 से हराकर लगातार दूसरे वर्ष फ्रेंच ओपन के तीसरे दौर में प्रवेश कर लिया 17 वर्षीय मीरा एंड्रीवा ने 19वीं सीड अजारेंका पर दो घंटे 31 मिनट में जीत हासिल की।



मैच पेरिस में स्थानीय समयानुसार देर रात एक बजे (भारतीय समयानुसार तड़के 4=30 बजे) समाप्त हुआ। डब्लूटीए से प्राप्त जानकारी के अनुसार मीरा एंड्रीवा, जो पिछले वर्ष डब्लूटीए की न्यूकमर ऑफ द ईयर रही थीं, इस सत्र में पहले ही पांच टॉप 25 जीत दर्ज कर चुकी हैं। उन्होंने एक महीने पहले मार्केटा वोन्द्रूसोवा और जास्मिन पाओलिनी को मैड्रिड में हराया था। विश्व की 38वें नंबर की खिलाड़ी मीरा एंड्रीवा अपने युवा करियर में तीसरी बार किसी ग्रैंड स्लैम के राउंड ऑफ़ 16 में प्रवेश करने की तरफ देखेंगी जब उनका मुकाबला एक और उभरती खिलाड़ी अमेरिका की पेटन स्टर्न्स से होगा।

स्टर्न्स ने एक और उलटफेर भरी जीत दर्ज करते हुए 10वीं सीड डारिया कसात्किना को 7-5, 6-2 से हराकर लगातार दूसरे वर्ष फ्रेंच ओपन के तीसरे दौर में जगह बनायी। मीरा एंड्रीवा और स्टर्न्स इससे पहले फरवरी में डब्लूटीए 1000 दुबई के पहले दौर में भिड़ी थीं जिसमें स्टर्न्स ने 6-2, 2-6, 6-1 से जीत हासिल की थी।

# टी20 विश्व कप: वेस्टइंडीज ने ऑस्ट्रेलिया को वॉर्मअप मैच में हराया

**पोर्ट ऑफ स्पेन, एजेंसी।** टी20 विश्व कप 2024 के सह-मेजबान वेस्टइंडीज ने टूर्नामेंट के वॉर्म-अप मैच में भारतीय समयानुसार शुक्रवार को ऑस्ट्रेलिया को 35 रन से हरा दिया। क्वींस पार्क ओवल में टॉस जीतकर ऑस्ट्रेलिया ने पहले गेंदबाजी चुनी। वेस्टइंडीज ने चार विकेट के नुकसान पर 257 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया, जिसमें निकोलस पूरन ने सबसे ज्यादा 75 रन बनाए। कप्तान रोवमैन पॉवेल (52), शेरफेन रदरफोर्ड (नाबाद 47 रन) और सलामी बल्लेबाज जॉनसन चार्ल्स (40) ने भी शानदार प्रदर्शन किया। दो बार के चैंपियन ने शानदार पावर-हिटिंग से घरेलू दर्शकों का रोमांच डबल कर दिया। वेस्टइंडीज के शीर्ष क्रम ने ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों की खूब धुनाई की। एडम ज़म्पा ने अपने चार ओवरों में 62 रन दिए और दो विकेट लिए। जवाब में ऑस्ट्रेलिया 20 ओवर में सात विकेट पर 222 रन ही बना सका। ऑस्ट्रेलिया की ओर से एकमात्र अर्धशतक जोश इंग्लिस के बल्ले से निकला। इंग्लिस ने 55 रन बनाए। स्पिनर गुडाकेश मोती (2/31) और तेज गेंदबाज अल्जारी जोसेफ (2/44) ने मेजबान टीम के लिए सबसे सफल गेंदबाज रहे।



इस साल का टी20 विश्व कप 2 जून से अमेरिका और वेस्टइंडीज में खेला जाएगा। ऑस्ट्रेलिया 6 जून को ओमान के खिलाफ अपना पहला मैच खेलेगा, जबकि वेस्टइंडीज अपना पहला मैच पापुआ न्यू गिनी के खिलाफ 2 जून को खेलेगा।

विश्व कप के सह-मेजबान वेस्टइंडीज के लिए यह एक शानदार शुरुआत है।

### नॉर्वे शतरंज

# वैशाली ने क्रैमलिंग को हराया, प्रज्ञानानंदा हारे

**स्टवांगर (नॉर्वे), एजेंसी।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर वैशाली ने स्वीडन की अनुभवी ग्रैंडमास्टर पिया क्रैमलिंग को हराकर नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा, लेकिन उनके भाई आर प्रज्ञानानंदा चौथे दौर में अमेरिका के हिकारू नाकामुरा से हार गए। वैशाली की क्लासिकल वर्ग में यह दूसरी जीत है और उन्होंने 2.5 अंक की मजबूत बढ़त हासिल कर ली है। इस भारतीय खिलाड़ी के कुल 8.5 अंक हो गए हैं। उनके बाद महिला विश्व चैंपियन चीन की वेनजुन जू और यूक्रेन की अन्ना मुजिचुक संयुक्त दूसरे स्थान पर हैं। मुजिचुक ने भारत की कोनेरू हंपी को हराकर टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत दर्ज की, जबकि वेनजुन ने आर्मगेडन में अपनी हमवतन टिंगजी लेई को हराया।



छह खिलाड़ियों के बीच दोहरे राउंड रोबिन आधार पर खेले जा रहे टूर्नामेंट में अभी छह दौर की बाजियां खेली जानी बाकी हैं। लेई पांच अंक लेकर चौथे स्थान पर हैं। हंपी और क्रैमलिंग के तीन-तीन अंक हैं। पुरुष वर्ग में विश्व के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन ने अमेरिका के अपने चिर प्रतिद्वंद्वी फैबियानो कारूआना के को हराया।

# जिला पंचायत सीईओ ने प्राचार्यों की बैठक में की समीक्षा

**पन्ना।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संघ प्रिय ने गत दिवस जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) में प्राचार्यों की बैठक में कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणामों के संबंध में समीक्षा की। इस मौके पर आगामी 15 जून से शालाओं में प्रवेशित विद्यार्थियों के आगमन के पहले भवन की मरम्मत और बरसात के पूर्व स्कूल एवं परिसर की बेहतर साफ-सफाई व्यवस्था और बालक-बालिकाओं के लिए पृथक से चालू स्थिति में शौचालय की व्यवस्थाओं के संबंध में भी निर्देशित किया। इस दौरान आकांक्षी विकासखण्ड के संबंध में भी उपस्थित प्राचार्यों को आवश्यक जानकारी दी गई। साथ ही नवीन शैक्षणिक सत्र में अतिथि शिक्षकों की भर्ती के संबंध में किसी भी प्रकार की अनियमितता नहीं बरतने की सख्त चेतावनी भी दी गई। जिला पंचायत सीईओ ने कहा कि शालाओं की सतत्



मॉनीटरिंग सुनिश्चित कर अनुपस्थित पाए जाने वाले शिक्षकों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही का प्रस्ताव भेजें। छात्रवृत्ति की समीक्षा कर एमपी टॉस पोर्टल पर कक्षा 9वीं से 12वीं के अनुसूचित जाति-जनजाति के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान करने के संबंध में छात्र-छात्राओं के आधार, समग्र आईडी, जाति एवं आय प्रमाण पत्र में एकरूपता सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया। दस्तावेजों में भिन्नता पर प्राचार्यों को अपने स्तर पर छात्र-छात्राओं से संपर्क कर संबंधित विभागों में ले जाकर कार्य को पूर्ण कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा जिला शिक्षा अधिकारी को किसी प्राचार्य की प्रगति रिपोर्ट नहीं मिलने पर प्रत्येक मंगलवार को समक्ष में उपस्थित कराने के लिए निर्देशित किया गया।

जिला पंचायत सीईओ ने कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षा के परिणामों की समीक्षा कर 30 प्रतिशत से कम परीक्षा परिणाम वाले शालाओं के प्राचार्यों को बैठक के दौरान ही कारण बताओ नोटिस जारी किया। साथ ही अधिक से अधिक बच्चों को अनुपस्थिति के कारण स्वाध्यायी करने वाले प्राचार्यों को भी प्रतिशत न्यून रहने पर कार्यवाही के संबंध में कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। इनमें शासकीय हाईस्कूल पड़रियाकला, सगरा, करही, हिनौता मझगवां, पुरैना, कन्या शाहनगर, रोहनिया, लमतरा, सुडौर, सारंगपुर, सिहारन, मुराछ, दमुईया, पड़ेरी, श्यामरडाडा, रक्सेहा, गढ़ीपड़रिया, चौकी, सिरी, शासकीय कन्या हाईस्कूल गुनौर एवं शासकीय कन्या हाईस्कूल सिमरिया सहित शासकीय उ.मा. विद्यालय टिकरिया, बिसानी, लुहरगांव, जिगदहा, बिरवाही, शासकीय बालक उ.मा. विद्यालय अमानगंज, शासकीय कन्या उ.मा. विद्यालय देवेन्द्रनगर, शासकीय मनहर कन्या उ.मा. विद्यालय पन्ना, सीएम राइज उ.मा. विद्यालय गुनौर, शासकीय कन्या उ.मा. विद्यालय अमानगंज, सीएम राइज उ.मा. विद्यालय पवई के प्राचार्य शामिल हैं।

इसके अलावा बेहतर परीक्षा परिणाम वाली शालाओं सीएम राइज स्कूल पन्ना, अजयगढ़, ककरहटी, मॉडल स्कूल पवई और शासकीय उ.मा. विद्यालय बराछ के प्राचार्यों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित भी किया गया। इसी तरह बैठक में अनुपस्थित शासकीय उ.मा. विद्यालय लुहरगांव, शासकीय हाईस्कूल अम्हा और शासकीय उत्कृष्ट उ.मा. विद्यालय अजयगढ़ के प्राचार्य को नोटिस जारी करने के लिए निर्देशित किया गया। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी सूर्यभूषण मिश्रा सहित डाइट प्राचार्य रविप्रकाश खरे, एडीपीसी भारती श्रीवास्तव, योजना अधिकारी दर्शना साखरे एवं एपीसी विभूति मोहन पटेरिया भी उपस्थित रहे।

# गर्मी से पशु-पक्षियों की रक्षा एवं बचाव के लिए एडवायजरी जारी

**पन्ना।** म.प्र. राज्य पशु कल्याण सलाहकार मंडल द्वारा वर्तमान समय में अत्यधिक गर्मी एवं तापमान में अधिक बढ़ोत्तरी के दृष्टिगत आमजनों को पशु-पक्षियों की रक्षा एवं बचाव के संबंध में एडवायजरी जारी की गई है। इस संबंध में बताया गया है कि भीषण गर्मी से बचाव के लिए पशु-पक्षियों को छायादार स्थान पर रखा जाए और डिहाइड्रेशन एवं हीट स्ट्रोक से बचाव के लिए पर्याप्त पेयजल की व्यवस्था के साथ पर्याप्त भोजन की व्यवस्था भी हो। थकावट, डिहाईड्रेशन अथवा हीट स्ट्रोक जैसे प्रभाव परिलक्षित होने पर तत्काल निकट के पशु चिकित्सा अधिकारी से संपर्क कर उपचार कराने की सलाह दी गई है।

सलाहकार मंडल द्वारा पक्षियों के लिए पेड़ों पर पानी के पात्रों को लगवाने और उसमें प्रतिदिन पानी की उपलब्धता सुनिश्चित कर पक्षियों की अधिक आवाजाही वाले क्षेत्रों में पेड़ों पर आवश्यकतानुसार दाने के लिए पात्र की व्यवस्था के लिए कहा गया है। इसके अलावा विभिन्न स्थानों पर पशुओं के लिए पानी के होद की व्यवस्था कर प्रतिदिन भानी भरने, गौशाला के गौवंश की सतत् निगरानी कर गौशाला समितियों से समन्वय कर उपयुक्त व्यवस्था करवाने, सतत् निरीक्षण और निगरानी सहित समस्त नागरिकों, व्यक्तियों, अशासकीय संगठनों, शासकीय विभागों और समाजसेवियों से पशु-पक्षियों की देखभाल और कल्याण के लिए अपनी सक्रिय भागीदारी निभाकर अत्यधिक गर्मी के प्रतिकूल प्रभावों से बचाने का आग्रह भी किया गया है। उप संचालक डॉ. डी.पी. तिवारी ने बताया कि उपरोक्त उपायों के अलावा पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 के तहत एवं ड्रॉट एण्ड पैक एनिमल रूल्स 1965 के अनुसार 37 डिग्री से. से अधिक तापमान वाले क्षेत्रों में दोपहर 12 से 3 बजे के बीच वाहन खींचने अथवा भार ढोने वाले पशुओं का उपयोग प्रतिबंधित रहेगा। इसी तरह पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 के तहत पशुओं का पैदल परिवहन नियम 2001 के अनुसार 30 डिग्री से. से अधिक तापमान वाले स्थानों पर भी सूर्योदय एवं सूर्यास्त के बीच पशुओं के पैदल परिवहन पर भी प्रतिबंध लागू रहेगा।

## गणना अभिकर्ताओं का प्रशिक्षण 2 जून को

**पन्ना।** लोकसभा आम निर्वाचन अंतर्गत मतगणना के संबंध में गणना अभिकर्ताओं को रविवार, 2 जून को शासकीय छत्रसाल महाविद्यालय पन्ना में दोपहर 12 बजे से प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण में भारत निर्वाचन आयोग के मतगणना के दौरान अभ्यर्थी और एजेंट के लिए निर्धारित नियमों की जानकारी दी जाएगी। इस संबंध में खजुराहो संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के सभी अभ्यर्थियों को नियुक्त किए गए गणना अभिकर्ताओं को प्रशिक्षण में भिजवाने के संबंध में सूचित किया गया है।

# पार्षद एवं नपाध्यक्ष के प्रयास से शुरू हुआ सीसी व नाली निर्माण, लोगों ने जताई प्रसन्नता

**पन्ना।** नगर के वार्ड क्रमांक 13 में बीटीआई के बगल से शांतिधाम तक लंबे समय से सीसी एवं नाली निर्माण की मांग उठ रही थी, वार्ड पार्षद कविता चाणक्य रैकवार के द्वारा इस संबंध में नगर पालिका परिषद पन्ना की अध्यक्ष मीना विष्णु पाण्डेय से संपर्क किया गया, दोनों के अथक प्रयासों से सीसी व नाली निर्माण कार्य को स्वीकृति मिलते ही निर्माण प्रारंभ करवा दिया गया, ताकि बारिश प्रारंभ होने से पूर्व निर्माण कार्य पूर्ण हो सके, क्योंकि बारिश के दिनों में यह मार्ग दल-दल में तब्दील हो जाता था, जिससे बस्ती के लोगों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता था, इसके अलावा यह मार्ग धरम सागर शांति धाम का मुख्य मार्ग कहा जाता है जिससे शव यात्रा के दौरान भी लोगों को परेशानियां उठानी पड़ती थी, इस महत्वपूर्ण मार्ग पर सीसी एवं नाली निर्माण प्रारंभ होने से वार्ड क्रमांक 13 के लोगों सहित संपूर्ण नगर वासियों के द्वारा नगर पालिका अध्यक्ष और पार्षद की सराहना की जा रही है। 29 मई 2024 को नगर पालिका परिषद पन्ना की अध्यक्ष श्रीमती मीना विष्णु पाण्डेय और पार्षद कविता चाणक्य रैकवार के द्वारा निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया। इस दौरान ओप्पो मजूमदार, रवि पाण्डेय, अंकित रैकवार, संतोष चाणक्य रैकवार, अनिल यादव, राजकुमारी लोधी, नीरज लोधी सहित वार्डवासी उपस्थित रहे।



# दो मासूम बच्चों की मां घर से लापता, पुलिस ढूढ़ने की लगाई गुहार

**पन्ना।** थाना शाहनगर क्षेत्रांतर्गत नुनागर गांव के निवासी गुड्डू कोरी पिता जियालाल कोरी ने थाना प्रभारी के नाम आवेदन देते हुए बताया कि गत दिवस मेरी पत्नि शांती बाई रोज की तरह रात मे खाना पीना खिलाकर घर मे साई हुई थी तथा वह रात्रि मे ही अचानक गायब हो गई। सुबह देखा तो वह घर नही थी, जब की मेरे दो बच्चे है, जिसमें बेटा सुमित कोरी पांच वर्ष तथा अमित कोरी दो वर्ष घर पर ही छोडकर चली गई। फरियादी ने थाने मे गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है तथा पुलिस से तलाश करने की गुहार लगाई है कि आखिर वह कहा चली गई है तथा किसके साथ गई है यह अभी स्पष्ट नही हुआ है।

# चोरी के पत्थर पकड़ना बीट गार्ड को पड़ा मंहगा

## आरोपी ने कर दी पैसा लेने की झूठी शिकायत

**पन्ना।** पन्ना जिले मे खनिज माफिया, वन माफिया, पत्थर माफिया सहित अनेक प्रकार के गिरोह चल रहे है, उनके द्वारा चोरी के साथ साथ सीना जोरी भी की जा रही है। इनके द्वारा लगातार अवैध कारोबार किया जाता है तथा यदि कोई अधिकारी कर्मचारी उनके खिलाफ कार्यवाही करता है तो उनका एक गिरोह बना हुआ है, वह एक साथ मिलेकर संबंधित अधिकारी कर्मचारी की भी पैसा लेने की झूठी शिकायत करके अधिकारीयो को गुमराह करने की कोशिश करते है। इसी प्रकार का मामला सामने आया है। 22 मई की रात्रि जमुनिहाई खुर्द तिलगंवा बीट मे इमरत लाल यादव द्वारा रात्रि 12 बजे अवैध रूप से वन क्षेत्र से पत्थर ट्रैक्टर मे चोरी करके ग्राम पंचायत की फसल सुरक्षा दीवार बनाई जा रही थी। जिसकी सूचना वन विभाग को मिलने पर डिप्टी रेन्जर तथा क्षेत्रीय बीट गार्ड जेपी लडिया एवं एक अन्य बीट गार्ड ने मिलनकर उक्त पत्थरो से भरा अवैध ट्रैक्टर पकडा तथा कार्यवाही की जा रही थी। लेकिन उसी दौरान परिवार की महिलाओं सहित अन्य लोगो ने गरीबी का हवाला देकर वन कर्मियो से कार्यवाही न करने की फरियाद की गई तो मानवता दिखाते हुए संबंधित टीम द्वारा पत्थर जप्त करते हुए अन्य कडी कार्यवाही नही की गई तथा ट्रैक्टर को छोड दिया गया। इसके बाद स्थानीय वन माफियाओ द्वारा मिलकर षडयंत्र रचा गया तथा बीट गार्ड जेपी लडिया की झूठी शिकायत वन मंडलाधिकारी तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारीयो से कर दी गई कि चालीस हजार रूपये संबंधितो द्वारा लिये गये है। जबकी उक्त शिकायत की किसी भी प्रकार की सच्चाई नही है। शिकायती पत्र मे भी स्पष्ट रूप से फर्जीवाडा समझ मे आ रहा है। क्योकि उक्त लेटर पेड ग्राम पंचायत का लगा हुआ है तथा हस्ताक्षर इमरत लाल यादव के द्वारा किये गये है।

# मतगणना प्रेक्षक की नियुक्ति

**पन्ना।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन-2024 की मतगणना की निगरानी के लिए मतगणना प्रेक्षकों की नियुक्ति की गई है। लोकसभा क्षेत्र में आने वाले विधानसभा क्षेत्रों के लिए नियुक्त किए गए मतगणना प्रेक्षकों की उपस्थिति में काउंटिंग की प्रक्रिया पूरी कराई जाएगी। इस क्रम में आयोग द्वारा खजुराहो संसदीय क्षेत्र के लिए जे.पी. अंसारी एवं एनजिक्या गोहेन और टीकमगढ़-खजुराहो के लिए हुमायूं बिस्वास एवं खजुराहो-शहडोल के लए मलय मुखोपाध्याय को मतगणना प्रेक्षक बनाया गया है।

# दिव्यांगजनों को वैशाखी का वितरण

**पन्ना।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की संस्था जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र द्वारा दो जरूरतमंद दिव्यांगजनों को गत दिवस वैशाखी का वितरण किया गया। ग्राम पुरैना पोस्ट गिरवारा तहसील देवेन्द्रनगर निवासी 50 प्रतिशत अस्थिबाधित दिव्यांग वर्षा चौधरी एवं ग्राम नारंगीबाग तहसील पन्ना निवासी मुकेश कुमार कुशवाहा को केन्द्र के कर्मचारियों द्वारा वैशाखी वितरित की गई। विभाग के उप संचालक अशोक कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि निर्धन एवं दिव्यांग व्यक्तियों के लिए नि:शक्त व्यक्ति (समान अवसर, अधिकार संरक्षण और पूर्ण जिम्मेदारी) अधिनियम 1995 का संशोधन अधिनियम 1997 प्रभावशील है, जिसके तहत दिव्यांग व्यक्तियों के समग्र पुनर्वास के लिए स्पर्श अभियान के तहत 40 प्रतिशत या अधिक दिव्यांगताधारक को पात्रतानुसार निरंतर लाभांवित किया जाता है।

# भगवान कृष्ण सुदामा की कथा सुनकर भाव विभोर हुए श्रोता

## मित्रता मे गरीबी, अमीरी का स्थान नही है : सुरेन्द्र शास्त्री महराज





**पन्ना**

मित्रता में गरीबी-अमीरी का कोई स्थान नही है। मित्र वही है जो हर सुख-दु:ख मे आपका साथ निभाये, कभी भी किसी प्रकार छोटे बडे का भाव एक दूसरे मे नही आना चाहीए। उक्ताश्य के विचार कथा वाचक सुरेन्द्र शास्त्री जी महराज ने अमानगंज तहसील अन्तर्गत ग्राम झगरा मे आयोजित भागवत कथा के अंतिम दिन भगवान श्री कृष्ण और सुदामा की मित्रता का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान कृष्ण द्वारिकाधीश होते हुए सुदामा का नाम सुनकर बिना देर किये दौड लगाते हुए उन्हे स सम्मान अपने महल मे ले आये तथा उन्होने मित्र की दशा देखकर भारी दुख व्यक्त किया तथा कहा कि तुम्हे मालुम था कि मै तुम्हारा मित्र हू उसके बाद भी मुझे याद नही किया तथा कष्ट सहते रहे मित्र का धर्म बुरे वक्त मे अपने मित्र की हर संभव सहायता करना है यदि इस संसार मे जो सही मित्र है वह अपने साथी की सहायता नही करता है तो वह सच्चा मित्र नही है। सुदामा की सहायता उन्होने इस तरह से की कि वह समझ भी नही पाये और सारे कष्टो को दूर करते हुए अपने बराबर ही महल एवं धन-धान्य से उन्हे परीपूर्ण कर दिया। उक्त कथा का सुनकर उपस्थित श्रोता भाव विभोर हो गये। ज्ञात हो कि शर्मा परिवार द्वारा विगत 24 मई से कथा का आयोजन किया गया था। जिसका आज समापन हुआ तथा 31 मई को विशाल भंडारा कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# राजेश तिवारी जिला अभिभाषक संघ के अध्यक्ष बनें

**पन्ना**

जिला अभीभाषक संघ का निर्वाचन संपन्न हुआ, जिसमें वरिष्ट अधिवक्ता राजेश तिवारी अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किये गये। उन्होने 147 मत पा कर प्रतिद्वंदी अशोक सक्सेना को चालीस मतो से हराया है। श्री सक्सेना को एक सौ सात मत तथा राजेश दीक्षित को सत्ताईस मत प्राप्त हुए। कुल तीन सौ बारह मतो मे दो सो सतासी मत डाले गये थें। अध्यक्ष पद के अलावा उपाध्यक्ष पद पर राजेश शर्मा को एक सौ दस मत प्राप्त हुए है और वह विजय घोषित किये गये। दूसरे स्थान पर राहुल खरे एक सौ पांच मत पा कर रहे। सचिव पद के लिए उदय त्रिपाठी को एक सौ चौहत्तर मत प्राप्त हुए तथा राम नारायण सिंगरोल को एक सौ बारह मत प्राप्त हुए। इस प्रकार उदय त्रिपाठी सचिव पद के लिए चुने गये। सह सचिव के लिए अरविन्द पान्डेय तथा आनन्द सिगरोल के बीच टक्कर रही जिसमें अरविन्द पान्डेय एक सौ तिरान्वे मत पा कर विजय घोषित किये गये। कोषाध्यक्ष के लिए पंकज गर्ग को एक सौ उनचास मत मिले तथा भरत पटेल एक सौ पैतिस मत पा कर दूसरे स्थान पर रहें। पुस्तकालय अध्यक्ष पद के लिए धीरेन्द्र नामदेव को एक सौ इक्यासी मत मिले तथा पवन यादव एक सौ छह मत पा कर दूसरे स्थान पर रहें।



# पत्रकार बृजेन्द्र चतुर्वेदी का दु:खद निधन, पत्रकारो ने दी श्रद्धांजलि

**पन्ना**

गुनौर निवासी क्षेत्रीय संवाददाता एवं अधिमान्य पत्रकार बृजेन्द्र चतुर्वेदी का बीते दिवस 28 मई 2024 को आकस्मिक दु:खद निधन हो गया था। श्री चतुर्वेदी 15 मई को गंभीर रूप से बीमार हुए थे। उन्हें अटैक आया था तभी से वह इलाहाबाद मेडिकल कॉलेज में भर्ती थे तथा उनका इलाज चल रहा था, लेकिन 28 मई को सुबह 5 बजे के लगभग पुन: अटैक आया तथा उनका दु:खद निधन हो गया। अपने पत्रकार साथी की हुई असामयिक मौत को लेकर पत्रकारों द्वारा गहरा दु:ख व्यक्त किया गया है। साथ ही 29 मई को सायं 5 बजे जिला मुख्यालय पन्ना स्थित पुराने कलेक्ट्रेट भवन में पत्रकारों द्वारा शोक श्रद्धांजली सभा का आयोजन किया गया, जिसमें मौनधारण कर उनकी आत्मा की शांति व परिवार वालों को इस वज्रपात को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की गई। शोक श्रद्धांजली सभा में अधिमान्य पत्रकार संघ के अध्यक्ष बृजेन्द्र गर्ग, वरिष्ठ पत्रकार मनीष मिश्रा, अरूण सिंह, शिवकुमार त्रिपाठी, बालकृष्ण शर्मा, राकेश शर्मा, अनिल तिवारी, नदीम खान, सुशांत चौरसिया, राकेश शर्मा, नईम खान, मुकेश विश्वकर्मा, बी.एन. जोशी, लक्ष्मीनारायण चिरौलया, शिवकिशोर पाण्डेय, आसिफ खान, राजेश शुक्ला, अरविंद यादव एवं पुष्पेन्द्र द्विवेदी उपस्थित रहे।

# नमामि गंगे अभियान के क्रियान्वयन के लिए समिति का गठन

**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने शासन के निर्देशानुसार आगामी 5 से 16 जून तक नमामि गंगे अभियान के क्रियान्वयन के लिए जिला एवं जनपद स्तरीय समिति का गठन किया है। जिला स्तरीय समिति में जिला कलेक्टर अध्यक्ष एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी समन्वयक होंगे, जबकि बतौर सदस्य कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, जल संसाधन सहित उप संचालक कृषि, जिला परियोजना प्रबंधक ग्रामीण आजीविका, जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन, परियोजना अधिकारी मनरेगा एवं जिला परियोजना अधिकारी प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई को शामिल किया गया है। इसी तरह जनपद स्तरीय समिति में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत को समन्वयक बनाया गया है। बतौर सदस्य अनुविभागीय अधिकारी जल संसाधन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, सहायक यंत्री मनरेगा, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा, ब्लॉक समन्वयक ग्रामीण आजीविका मिशन, स्वच्छ भारत मिशन और प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई को शामिल किया गया है।

समिति को जीर्णोद्धार व मरम्मत योग्य संरचनाओं के चयन, कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित कराने, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक तथा अशासकीय संस्थाओं, योजना एवं आर्थिक सांख्यिकी विभाग के साथ सहभागिता सुनिश्चित करने और विश्व पर्यावरण दिवस पर 5 जून को प्रत्येक ग्राम पंचायत में न्यूनतम एक कार्य प्रारंभ कराने के लिए निर्देशित किया गया है।

उल्लेखनीय है कि नमामि गंगे अभियान का उद्देश्य जल स्रोतों का संरक्षण है। अभियान अंतर्गत मनरेगा से निर्मित 5 वर्ष या अधिक पुरानी जल संरचनाओं का जीर्णोद्धार एवं मरम्मत कार्यों के साथ अपूर्ण कार्यों को भी पूर्ण कराया जाना है। इसके अलावा मनरेगा के तहत जो कार्य अनुमत्य नहीं है, उन्हें अन्य मद जैसे 15वां वित्त आयोग, 5वां वित्त आयोग, राज्य वित्त आयोग, डीएमएफ, पंचायत निधि, सांसद/विधायक निधि का उपयोग कर पूर्ण किया जाएगा।

# मतगणना केन्द्र में मोबाइल फोन तथा शस्त्रों पर रहेगा प्रतिंबध

**पन्ना।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम अनुसार लोकसभा क्षेत्र खजुराहो के पन्ना जिला अंतर्गत तीन विधानसभा क्षेत्रों की ईव्हीएम की तथा खजुराहो लोकसभा के सभी 8 विधानसभा क्षेत्रों की डाक मतपत्र की मतगणना 4 जून को जिला मुख्यालय पन्ना पर शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में होगी। मतगणना के लिए विधानसभावार गणना कक्ष बनाए गए हैं। मतगणना के लिए कड़े सुरक्षा प्रबंध किये जा रहे हैं। इस संबंध में निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार मतगणना केन्द्र में केवल मतगणना कर्मचारी, उम्मीदवार तथा उनके अनुमति प्राप्त मतगणना एजेण्ट एवं निर्वाचन आयोग से जारी प्रवेश पत्रधारी मीडियाकर्मी ही प्रवेश पा सकेंगे।

# निजी विद्यालय फीस व अन्य जानकारियाँ 8 जून तक पोर्टल पर अपलोड करें

**पन्ना।** राज्य शासन द्वारा सभी निजी विद्यालयों को निर्देशित किया गया है कि वे स्कूल फीस तथा अन्य विषयों की जानकारी पोर्टल पर आगामी 8 जून तक अपलोड कर दें। शासन द्वारा सभी कलेक्टर्स को 30 जून तक विशेष अभियान चलाकर निजी स्कूलों में अनियमितताओं को चिन्हांकित करने के निर्देश दिये गये हैं। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा दिये गये निर्देशों में कहा गया है कि कतिपय विद्यालयों द्वारा फर्जी व डुप्लीकेट आईएसबीएन पाठ्य पुस्तकों को पाठ्यक्रम में शामिल किया जा रहा है। अभियान में अनियमितताएँ चिन्हित होने पर संबंधित प्रकाशक एवं बुक सेलर्स के विरुद्ध नियमानुरूप कार्यवाही भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये हैं। सभी कलेक्टर्स को जांच उपरांत प्रतिवेदन आयुक्त, लोक शिक्षण, म.प्र. को उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया गया है। राज्य शासन को कतिपय निजी विद्यालयों द्वारा शासन द्वारा जारी निर्देशों का उल्लंघन कर अनियमितता बरतने की शिकायतें मिल रही हैं। इसलिए अधिनियम के सभी प्रावधानों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने के लिए कहा गया है। उल्लेखनीय है कि निजी विद्यालयों द्वारा फीस में वृद्धि एवं इसके संग्रहण तथा इससे जुड़े अन्य विषयों को रेगुलेट करने के लिये म.प्र. निजी विद्यालय (फीस तथा संबंधित विषयों का विनियमन) अधिनियम-2017 बनाया गया है। इस अधिनियम के अधीन म.प्र. निजी विद्यालय (फीस तथा संबंधित विषयों का विनियमन) नियम-2020 में प्रावधानित किया गया है कि राज्य सरकार निजी विद्यालयों की फीस व अन्य विषयों पर निर्णय लेकर फीस विनियमन कर सकेगी।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर | सीधी, शनिवार 01 जून 2024




नगर पालिक निगम रीवा में पदस्थ छः कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति के साथ विदाई समारोह का आयोजन किया गया। नगर निगम में पदस्थ सहायक यंत्री दिलीप त्रिपाठी, सहायक शिक्षक कविता मिश्रा एवं भृत्य बृजनंदन प्रसाद शुक्ला, सुक्खन सोधिया, स्थायीकर्मी राजेन्द्र प्रसाद मिश्रा तथा सफाई संरक्षक राजू ढनगनिया अपनी अर्धवार्षिकी सेवा पूरी कर आज सेवानिवृत्ति हुये।



अतिरिक्त मुख्य सचिव ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग से की विकास कार्यों की समीक्षा

## विकास योजनाओं तथा कल्याणकारी योजनाओं की कमिश्नर नियमित समीक्षा करें : कंसोटिया

**रीवा।** वीडियो कान्फ्रेंसिंग से आयोजित बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव वन श्री जेएन कंसोटिया ने रीवा संभाग के विकास कार्यों की समीक्षा की। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने कहा कि संभागीय समीक्षा बैठकें नियमित आयोजित की जाएंगी। इनमें दिए गए निर्देशों का अधिकारी समय सीमा में पालन सुनिश्चित करें। कमिश्नर और कलेक्टर विकास योजनाओं के क्रियान्वयन तथा जन कल्याणकारी योजनाओं की नियमित समीक्षा करें। कमिश्नर केन्द्रीय विभागों के कार्यों की भी नियमित समीक्षा करें। रीवा में ललितपुर सिंगरौली रेलवे लाइन का निर्माण कार्य किया जा रहा है। इसके कार्यों की भी नियमित निगरानी करें। कमिश्नर और कलेक्टर नियमित रूप से क्षेत्र का भ्रमण कर विकास योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करें। आगामी वर्षाकाल में वृक्षारोपण के लिए कार्ययोजना तैयार करें।




बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव ने कहा कि मुख्यमंत्री जी ने हाल ही में आयोजित बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए हैं। आमजनों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जिलों तथा तहसीलों की सीमा परिवर्तन के संबंध में प्रस्ताव प्रस्तुत करें। सभी विकासखण्डों में स्टेडियम एवं हेलीपैड निर्माण की प्रारंभिक तैयारी कर लें। सभी जिलों में 5 से 15 जून तक जल संरक्षण के कार्य कराए जाएंगे। जिले के प्रमुख नदी, नालों तथा सरोवरों की इस अवधि में साफ-सफाई कराएं। उचित मूल्य दुकानों से खाद्यान्न वितरण, छात्रवृत्ति वितरण तथा पेंशन योजनाओं से राशि वितरण की भी नियमित समीक्षा करें। किसी भी तरह की तकनीकी कठिनाई आने पर वरिष्ठ कार्यालयों से संपर्क कर कठिनाईयों को दूर करें। कमिश्नर ललितपुर सिंगरौली रेलवे लाइन परियोजना तथा सिंगरौली में थर्मल पावर प्लांट एवं कोल परियोजनाओं की भी समीक्षा करें।

अतिरक्त मुख्य सचिव ने कहा कि गत दो संभागीय बैठकों के निर्णयों पर तेजी से अमल हुआ है। शेष लंबित बिंदुओं पर सभी अधिकारी तय समय सीमा में कार्यवाही सुनिश्चित करें। कलेक्टर जमीन आवंटन तथा बड़ी परियोजनाओं से जुड़े अन्य कार्यों की व्यक्तिगत रूचि लेकर कार्यवाही सुनिश्चित करें। जल जीवन मिशन से सिंगरौली जिले में बैढ़न एक तथा बैढ़न दो समूह नल-जल योजनाओं में आवश्यक अनुमति सात दिवस में जारी कराएं। सिंगरौली में ट्राईबल के दो अधूरे निर्माण कार्यों की राशि लोक निर्माण विभाग पीआईयू तत्काल मांग करे। कलेक्टर सतना टमस परियोजना से जिन गांवों का डिनोटिफिकेशन किया गया है उनके किसानों को समय सीमा में जमीन वापसी की कार्यवाही करें। सिंगरौली की गोड़ सिंचाई परियोजना को स्वीकृति जारी कर दी गई है। सीधी से सिंगरौली फोरलेन सड़क निर्माण का कार्य वर्तमान में बंद है इसे तत्काल शुरू कराएं। वन विभाग द्वारा तेंदूपत्ता संग्रहक परिवारों के बच्चों के लिए रीवा में छात्रावास बनाने का प्रयास किया जा रहा है। कलेक्टर रीवा इसके लिए उपयुक्त भूमि विभाग को आवंटित करें। बैठक में कलेक्टर रीवा श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि हास्टल निर्माण के लिए जमीन चिन्हांकित कर दी गई है।

अतिरिक्त मुख्य सचिव ने कहा कि सभी वन मण्डलाधिकारी दर्ज वन अपराधों की समीक्षा कर लें। समीक्षा के बाद वापसी योग्य प्रकरणों की जानकारी प्रस्तुत करें। वन संरक्षक इसकी नियमित समीक्षा करें। ट्राईबल विभाग द्वारा अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय में छात्रावास निर्माण के प्रस्ताव पर विश्वविद्यालय ने भूमि उपलब्ध कराने की सहमति दी है। शेष कार्यवाही विभाग सुनिश्चित करे। बैठक में रीवा संभाग के कमिश्नर गोपाल चन्द्र डाड ने कहा कि संभागीय समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देशों का तत्परता से पालन किया जा रहा है। ललितपुर-सिंगरौली रेलवे लाइन तथा अन्य केन्द्रीय परियोजनाओं की भी समीक्षा की जा रही है।

## प्रकरण की रीवा श्रम न्यायालय में होगी सुनवाई

**रीवा।** मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ मेडिकल एण्ड सेल्स रिप्रजेंटेटिव यूनियन के दो प्रतिनिधियों का अपने नियोक्ताओं के साथ औद्योगिक विवाद है। आवेदक यज्ञेश कुमार द्विवेदी का विवाद एबर्ट इंडिया लिमिटेड मुम्बई, महाराष्ट्र, लीस सर्विसेज लिमिटेड मुम्बई तथा बैंगलौर में चल रहा है। इसी तरह आवेदक देवकांत पाण्डेय का विवाद बॉयोलाजिकल ई लिमिटेड हैदराबाद तथा बॉयोलाजिकल ई लिमिटेड भोपाल में चल रहा है। इनकी ओर से सचिव मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ मेडिकल एण्ड सेल्स रिप्रजेंटेटिव यूनियन द्वारा परिवाद दायर किया गया है। इस संबंध में उप श्रमायुक्त ने कहा है कि इन दोनों प्रकरणों के संबंध में औद्योगिक विवाद अधिनियम 1947 के तहत सुनवाई की जा रही है। इन दोनों प्रकरणों की अब सुनवाई श्रम न्यायालय रीवा द्वारा की जाएगी। श्रम न्यायालय दोनों आवेदकों के सेवा में नियोजित होने तथा सेवा पृथक्करण की वैधता की सुनवाई करेगा। साथ ही दोनो आवेदक यदि किसी तरह की सहायता के पात्र हैं तो उसका भी निर्णय किया जायेगा।

## जून माह मलेरिया निरोधक माह के रूप में मनाया जाएगा

**रीवा।** मलेरिया तथा अन्य मच्छर जनित रोगों से बचाव के लिए एक जून से 30 जून तक मलेरिया निरोधक माह मनाया जाएगा। इसके तहत जिले भर में जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मच्छरों के विनाश तथा इनसे बचाव के लिए भी कई उपाय किए जाएंगे। इस संबंध में जिला मलेरिया अधिकारी स्मृता नामदेव ने बताया कि वर्ष 2030 तक मलेरिया के पूरी तरह से उन्मूलन का लक्ष्य रखा गया है। इसे ध्यान में रखकर जिला विकासखण्ड तथा ग्राम पंचायत स्तर पर विभिन्न गतिविधियाँ संचालित की जाएंगी। जून माह में आयोजित होने वाले जागरूकता कार्यक्रमों में अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने का प्रयास किया जाएगा।

जिला मलेरिया अधिकारी ने बताया कि जून माह में मलेरिया, डेंगू तथा चिकनुगुनिया एवं फाईलेरिया जैसी मच्छर जनित बीमारियों का प्रकोप होता है। इन्हें प्रभावी ढंग से रोकने के लिए कार्ययोजना तैयार की गई है। जून माह में आशा कार्यकर्ता, एएनएम, एमपीडब्ल्यू तथा स्वास्थ्य कार्यकर्ता मच्छरजनित एवं अन्य संक्रामक रोगों से बचाव के लिए अभियान चलाएंगे। अभियान के तहत सभी ज्वर पीड़ितों के खून की जाँच की जाएगी। जाँच मलेरिया पाजिटिव आने पर पीड़ित का समुचित उपचार किया जाएगा। मलेरिया तथा डेंगू से बचाव के लिए घर-घर फीवर सर्वे तथा लार्वा सर्वे किया जाएगा। कूलर, अनुपयोगी बर्तनों, टायरों तथा घरों के आसपास ठहरे हुए पानी में मच्छर नाशक दवा का छिड़काव किया जाएगा। आमजनता को सोते समय मच्छरदानी के उपयोग की सलाह दी जाएगी। वर्षा शुरू होने से पहले सभी ग्राम पंचायतों में पर्याप्त दवाएं, मलेरिया रैपिड जाँच किट आदि की व्यवस्था की जाएगी। शासन द्वारा मलेरिया के प्रकोप में शामिल किए गए 9 गांवों मदरो, नेगुरा, खलिऔनी, गंगतीरा, खुर्द, चौरा 163, जोकहा, मैरहा 876, पथरौड़ा तथा कौआढान में हर घर में जाकर प्रत्येक व्यक्ति की मलेरिया की जाँच की जाएगी।

## जिले में अब तक समर्थन मूल्य पर हुई 1096569 क्विंटल गेंहू की खरीद

**रीवा।** जिले में निर्धारित खरीदी केन्द्रों में एक अप्रैल से सहकारी समितियों द्वारा समर्थन मूल्य पर गेंहू की खरीद की जा रही है। अधिकांश खरीदी केन्द्रों में गेंहू की खरीद लगभग पूरी हो गई है। अब कुछ ही खरीदी केन्द्रों में गेंहू की आवक हो रही है। इस संबंध में प्रभारी जिला आपूर्ति नियंत्रक ने बताया कि जिले में 31 मई तक 24079 किसानों से 1096569 क्विंटल गेंहू की खरीद अब तक की गयी है। इसके लिए किसानों को 263 करोड़ 17 लाख 66 हजार की राशि मंजूर की गयी है। उपार्जित गेंहू का सुरक्षित भण्डारण कराया जा रहा है। अब तक खरीदे गये गेंहू में से 1079398 क्विंटल गेंहू का परिवहन किया जा चुका है। अब तक किसानों के बैंक खाते में 236 करोड़ 22 लाख 87 हजार 252 रूपये की राशि का भुगतान किया जा चुका है। गेंहू खरीदी के लिए अब तक 27463 किसानों ने स्लॉट बुक किये हैं। जिले में संचालित 103 खरीदी केन्द्रों में से केवल 13 खरीदी केन्द्रों में ही गेंहू की आवक हुई। शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर गेंहू खरीद की अंतिम तिथि 25 जून तक बढ़ा दी गई है।

## जिले में 9 खरीदी केन्द्रों में होगी 25 जून तक गेंहू की खरीदी

**रीवा।** रबी विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर गेंहू उपार्जन की अवधि 31 मई निर्धारित की गई थी। कृषि उपज मण्डियों में किसानों को समर्थन मूल्य योजना का लाभ प्रदान करने के लिए उपार्जन की अवधि 25 जून तक विस्तारित की गई है। विस्तारित अवधि में जिन जिन खरीदी केन्द्रों में गेंहू की आवक नहीं हो रही है उन केन्द्रों को बंद कर दिया गया है। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि जिले के 9 खरीदी केन्द्रों को छोड़कर शेष खरीदी केन्द्र 31 मई को बंद कर दिए गए हैं।

## प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा किया गया केन्द्रीय जेल का निरीक्षण

विधिक साक्षरता शिविर सम्पन्न

**रीवा।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री राकेश मोहन प्रधान द्वारा केन्द्रीय जेल रीवा का निरीक्षण किया गया। उन्होंने जेल के प्रत्येक बैरक में जाकर साफ-सफाई, भोजन, कैन्टीन इत्यादि के संबंध में जानकारी ली।

केन्द्रीय जेल में विधिक साक्षरता शिविर में बंदियों को उनके विधिक अधिकारों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुये प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने कहा कि केन्द्रीय कारागार में निरूद्ध बंदियों को



अपने प्रकरण के बारे में जानकारी मिलती रहनी चाहिये ताकि वे अपने प्रकरण की अद्यतन स्थिति से अवगत रहें। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री आशीर्वाद भिलाला द्वारा निःशुल्क विधिक सहायता के बारे विस्तार से जानकारी दी गई। अतिरिक्त प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा बंदियों से वार्तालाप कर उनकी विधिक समस्याओं के बारे सुना तथा उनके विधिक समाधान हेतु संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस दौरान जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री अभय कुमार मिश्रा, श्री अनीश पाण्डेय, जेल अधीक्षक सतीश कुमार उपाध्याय, उप अधीक्षक संजीव गेंदले एवं जेल के स्टाफ व बंदीगण उपस्थित रहे।

## मतगणना तैयारियों की समीक्षा बैठक आज

**रीवा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतगणना 4 जून को प्रातः 8 बजे से शासकीय इंजीनियरिंग कालेज रीवा में आरंभ होगी। कलेक्ट्रेट सभागार में एक जून को प्रातः 11 बजे से बैठक आयोजित की गई है। बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल मतगणना तैयारियों की समीक्षा करेंगी। सभी सहायक रिटर्निंग आफीसरों, नोडल अधिकारी ईव्हीएम तथा सभी नोडल अधिकारियों को बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

## नमामि गंगे अभियान के लिए समिति गठित

**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने नमामि गंगे अभियान के क्रियान्वयन के लिए जिला स्तरीय एवं जनपद स्तरीय समितियों के गठन के आदेश दिए हैं। अभियान 5 जून से 15 जून तक चलाया जाएगा। अभियान के तहत जिले के प्रमुख जल स्त्रोतों की साफ-सफाई की जाएगी। जारी आदेश के अनुसार जिला स्तरीय समिति का अध्यक्ष कलेक्टर को बनाया गया है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी समिति में समन्वयक की भूमिका निभाएंगे। समिति में सदस्य के रूप में कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, कार्यपालन यंत्री जल संसाधन, कार्यपालन यंत्री पीएचई, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग को शामिल किया गया है। समिति में उप संचालक कृषि, जिला परियोजना प्रबंधक आजीविका मिशन, जिला समन्वयक स्वच्छता मिशन, परियोजना अधिकारी मनरेगा तथा परियोजना अधिकारी वाटरशेड को भी सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। जारी आदेश के अनुसार प्रत्येक विकासखण्ड में अभियान के लिए जनपद स्तरीय समिति गठित की गई है। इसका अध्यक्ष एसडीएम को बनाया गया है। समिति में जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को समन्वयक बनाया गया है। समिति में सदस्य के रूप में अनुविभागीय अधिकारी पीएचई, अनुविभागीय अधिकारी जल संसाधन, सहायक यंत्री मनरेगा, एपीओ मनरेगा, ब्लाक समन्वयक आजीविका मिशन, ब्लाक समन्वयक स्वच्छता मिशन तथा ब्लाक समन्वयक वाटरशेड परियोजना को शामिल किया गया है। इन समितियों द्वारा जिले में पिछले पाँच वर्ष या उससे पूर्व से निर्मित सभी प्रमुख जल संरचनाओं के जीर्णोद्धार एवं सुधार का कार्य किया जाएगा।

## डाक मतपत्र 3 जून को भेजे जाएंगे इंजीनियरिंग कालेज

**रीवा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में रीवा संसदीय क्षेत्र में डाक मतपत्र तथा ईटीपीबीएस से हुए मतदान के बाद मतपत्र पुराने कलेक्ट्रेट भवन में बनाए गए स्ट्रांग रूम में संधारित हैं। इन्हें 4 जून को होने वाली मतगणना के लिए 3 जून को शाम 4 बजे पुराने कलेक्ट्रेट भवन के स्ट्रांग रूम से इंजीनियरिंग कालेज में बनाए गए स्ट्रांग रूम बंद पेटियों में ले जाया जाएगा।

## पशु-पक्षियों को गर्मी से बचाव के उपाय करें : उप संचालक

**रीवा।** जिले में पिछले एक सप्ताह से तापमान लगातार अधिक बना हुआ है। पूरे नौतपा में तापमान 43 से 48 डिग्री सेल्सियस तक दर्ज किया गया। ऐसी स्थिति में मानव की ही तरह पशु पक्षियों पर भी लू का प्रकोप होता है। उप संचालक पशुपालन ने कहा है कि सभी पशुपालक अपने पालतू पशु-पक्षियों को गर्मी से बचाव के उपाय करें। इस संबंध में मध्यप्रदेश राज्य पशु कल्याण मण्डल द्वारा भी सलाह जारी गई है। पशु-पक्षियों को छायादार स्थान पर रखें। उन्हें तेज धूप और लू से बचाएं। इनके लिए पर्याप्त भोजन और पानी का प्रबंध करें। भीषण गर्मी के कारण पशु पक्षियों में भी थकावट, डिहाईड्रेशन और हीट स्ट्रोक का प्रकोप होता है। किसी भी तरह के बीमारी के लक्षण दिखाई देने पर तत्काल निकट के पशु चिकित्सालय से संपर्क कर उचित उपचार कराएं। उप संचालक ने कहा है कि पक्षियों के लिए वृक्षों की डालों तथा घर की छतों पर मिट्टी के पात्रों में पानी की व्यवस्था करें। छतों में पक्षियों के लिए दाना भी डालें। जिन स्थानों में मुक्त पशुओं का बड़ी संख्या में आना-जाना हो वहाँ उनके लिए पीने के पानी की व्यवस्था अवश्य करें। गौशालाओं में भी गौवंशों के लिए पर्याप्त पानी तथा भोजन की व्यवस्था सुनिश्चित करें। पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत यदि तापमान 37 डिग्री सेल्सियस से अधिक है तो दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच वाहन खीचने के लिए पशुओं का उपयोग प्रतिबंधित रहेगा।

## अधिकांश अपराधों की जड़ नशा ही है: भिलाला



रीवा

विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर जिला न्यायालय परिसर स्थित एडीआर सेंटर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्री आशीर्वाद भिलाला ने कहा कि नशा व्यक्ति के नाश का कारण है। अधिकांश अपराधों की जड़ नशा ही है। नशा व्यक्ति के शरीर और मन को कमजोर करता है। जो व्यक्ति नशे का आदी होता है वह सरलता से अपराध के मार्ग में पहुंच जाता है। हर तरह का नशा समाज को खोखला बनाता है। इसलिए कोई भी व्यक्ति नशे की गिरफ्त में न आए। जो व्यक्ति किसी भी तरह का नशा करते हैं वो नशे का परित्याग करें।

कार्यक्रम में जिला रजिस्ट्रार श्री पन्ना नागेश ने कहा कि तम्बाकू के सेवन से हमारे मस्तिष्क में सेरिटोनिन हार्मोंस की कमी हो जाती है जिससे व्यक्ति का शरीर तनावग्रस्त और कमजोर हो जाता है। तम्बाकू सेवन मुख के कैंसर का सबसे बड़ा कारण है। कार्यक्रम में जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री अभय मिश्रा ने कहा कि जो व्यक्ति नशे के आदी हैं वे नशामुक्ति केन्द्रों में जाकर अपना समुचित उपचार कराएं। मजबूत इच्छाशक्ति से संकल्प लेकर नशे की लत आसानी से छोड़ी जा सकती है। कार्यक्रम में अधिवक्ता आनंद पाण्डेय ने कहा कि विभिन्न कारणों से समाज में नशे की प्रवृत्ति बढ़ रही है। बड़ी संख्या में युवा नशे का शिकार हो रहे हैं। इन्हें नशे के मार्ग से दूर करना आवश्यक है। अधिवक्ता आरके तिवारी ने कहा कि जो व्यक्ति नशे का आदी है उसे सही मार्गदर्शन और उपचार देकर नशे से दूर किया जा सकता है। कार्यक्रम में अधिवक्ता मंजूर अहमद तथा मनीष पाण्डेय ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थी तथा अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

## 5 से 16 जून तक चलेगा नमामि गंगे अभियान, तैयारी शुरू

जन-प्रतिनिधियों, सामाजिक संस्थाओं एवं जन अभियान परिषद की सहभागिता से चलाया जायेगा अभियान

रीवा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर प्रदेश में जल स्त्रोतों तथा नदी, तालाबों, कुओं, बावड़ियों एवं अन्य जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं इनके पुनर्जीवन के लिये 5 जून से 16 जून तक विशेष नमामि गंगे - सदानीरा अभियान चलाया जायेगा। यह विशेष अभियान स्थानीय जन-प्रतिनिधियों, सामाजिक व अशासकीय संस्थाओं एवं जन अभियान परिषद की सहभागिता से चलाया जायेगा। अभियान के तहत विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून से प्रदेश भर में मौजूद जल स्त्रोतों के स्थायी संरक्षण के लिये विभिन्न गतिविधियाँ की जायेंगी। इस अभियान का समापन गंगा-दशहरा



को 16 जून को होगा।

मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव ने भोपाल से वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से अभियान की तैयारियों की समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने कहा है कि अभियान के दौरान अमृत 2.0 योजनान्तर्गत प्रचलित जल संरचनाओं के उन्नयन का कार्य करायें तथा नगरीय निकाय में चयनित जल संरचनाओं के अतिरिक्त यदि कोई नदी, झील, तालाब, कुआं, बावड़ी उपलब्ध है, जिसके पुनर्जीवन/संरक्षण की जरूरत है, तो इनके उन्नयन कार्य स्थानीय सामाजिक एवं जनभागीदारी के माध्यम से कराये जायें। इस अभियान को जन अभियान बनायें तथा सभी का सहयोग लें। जल संरचनाओं में मिलने वाले गंदे पानी के नाले/नालियों को स्वच्छ भारत मिशन से डायवर्सन के बाद शोधित कर जल संरचनाओं में छोड़ा जाये। जल संरचनाओं के जीर्णोद्धार तथा नवीनीकरण आदि कार्य लें तथा नदियों व तालाबों को अतिक्रमण से मुक्त करायें। उन्होंने निर्देशित किया है कि जल संरचनाओं के जीर्णोद्धार/उन्नयन कार्य में जनभागीदारी का सहयोग लें। जल संग्रहण संरचनाओं से निकाली गई मिट्टी एवं गाद का उपयोग स्थानीय कृषकों के खेतों में किया जाये। जल संरचनाओं के किनारों पर अतिक्रमण को रोकने के लिये फेंसिंग के रूप में वृक्षारोपण किया जाये तथा इनके संरक्षण के लिये सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से जागरूकता अभियान भी चलाया जाये। निकाय अन्तर्गत पुराने कुएं एवं बावड़ियों की साफ-सफाई/मरम्मत कार्य भी इसी अवधि में कराये जायें। निकाय क्षेत्र अन्तर्गत विद्यमान रिहायशी रेन वाटर हार्वेधस्टग सिस्टम यदि बंद पड़े हैं, तो उनकी सफाई कराकर उन्हें पुनः उपयोग किये जाने के लिये लोगों को जागरूक किया जाये। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस अभियान में सभी को जोड़े तथा इसका व्यापक प्रचार-प्रसार भी करें। स्थानीय एनआईसी में सीईओ जिला पंचायत डॉ. सौरभ सोनवणे ने जिले में अभियान अन्तर्गत प्रस्तावित कार्यों की जानकारी दी।


स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी, आर.एन.आई नं. 47589/88, डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833